### पहली बार लागू हुई व्यवस्था, अब तक माताओं को स्वयं करना पड़ता था भोजन का इंतजाम

# एसएनसीयू में भर्ती नवजात की मां को मिलेंगे 150 रुपये

**सकारात्मक पहल**

**विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद**

● **पोषण पुनर्वास केंद्र में अतिकुपोषित की देखभाल करने वाली अटेंडेंट को मिलेंगे 50 की जगह 100 रुपये**

**अमृत विचार :** अतिकुपोषित और गंभीर रूप से बीमार बच्चों के इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी देखरेख के लिए रुकने वाली माताओं के भोजन के लिए सरकार ने अच्छी पहल की है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत अब एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई) में भर्ती होने वाले बच्चों की माताओं को देखभाल करने के दौरान वहां रुकने पर भोजन के लिए प्रतिदिन 150 रुपया दिया जाएगा। यह पहल पहली बार की गई है। वहीं अतिकुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती रहने के दौरान उनकी माताओं को भी अब पहले से अधिक धनराशि डाइट के लिए मिलेगी। इससे शिशु स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के साथ ही माताओं को भी अपने स्तर से पेट भरने का प्रबंध नहीं करना पड़ेगा।

जिले में जिला महिला अस्पताल के अलावा बिलारी सीएचसी में एसएनसीयू संचालित हैं। जिसमें नवजात शिशु को जन्म लेते ही गंभीर स्थिति में भर्ती किया जाता है। सरकार की ओर से एसएनसीयू में भर्ती ऐसे बच्चों की



पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चे। ● अमृत विचार

माताएं या अटेंडेंट के लिए पहली बार भोजन के लिए प्रतिदिन 150 रुपये बजट स्वीकृत किया गया है जो बच्चे बाहर जन्म लिए हों। उसी अस्पताल में जन्म लेने पर यह सुविधा अनुमन्य नहीं है। जिले में संचालित दोनों एसएनसीयू में डाइट के लिए मिलने वाली राशि की यह व्यवस्था लागू होगी।

इसके अलावा पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती अतिकुपोषित बच्चों की देखभाल करने वाली अटेंडेंट को डाइट के लिए जहां पहले प्रतिदिन 50 रुपये मिलता था वहीं अब इस धनराशि को बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत इसके लिए जिलों को बजट जारी कर धनराशि स्वीकृत कर दी गई है।

> राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एसएनसीयू में भर्ती नवजात की देखभाल करने वाली माताओं को पहली बार डाइट के लिए 150 रुपये स्वीकृत हुआ है। वहीं एनआरसी में भर्ती अतिकुपोषित बच्चों के लिए अस्पताल में मौजूद मां या अन्य अटेंडेंट को डाइट के लिए मिलने वाली धनराशि 50 रुपये से बढ़कर प्रतिदिन के हिसाब से 100 रुपये हो गई है। – **रघुवीर सिंह**, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

# एचपीसीएल गोलीकांड: हिरासत से भाग रहे हमलावर को लगी पुलिस की गोली

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट में एक दिन पहले हुए उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा हत्याकांड के आरोपी अजय सिंह ने पुलिस पर फायरिंग कर हिरासत से भागने की कोशिश। पुलिस ने उसे दोनों पैरों में गोलियां मारकर पकड़ लिया। प्लांट में दो अफसरों की हत्या के बाद भारी दहशत का माहौल है। कुछ ही दिन डीजीएम की कुर्सी संभालने भेजे गए लोकेश अपनी मौजूदगी में प्लांट के अंदर डबल मर्डर से आतंकित होकर मुंबई लौट गए हैं।

पुलिस के अनुसार, थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सेंजनी में स्थित एचपीसीएल के प्लांट में गुरुवार में दो अफसरों की हत्या के बाद आरोपी अजय सिंह प्लांट की गाड़ी से भाग निकला था। उसके बाद वह नाटकीय रूप से पुलिस के पास जा पहुंचा था। प्लांट कर्मी जीशान अंसारी ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अजय से पूछताछ के बाद पुलिस उसे लेकर घटना में इस्तेमाल हथियार बरामद करने गई थी। उसने छिपाकर रखा गया लोड तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अजय घायल हो गया। मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हुआ है। सीओ उझानी डा. देवेंद्र कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने तमंचा जंगल में छिपाने की बात कही थी। हथियार बरामदगी को उसे मौके पर ले जाया गया था, जहां उसने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायर किया। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी हैं। आरोपी और घायल सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गोलीकांड के बाद प्लांट बंद, मुंबई से पहुंचे अफसर

सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट में दो अफसरों की दिनदहाड़े हत्या होने से कर्मचारियों में दहशत व्याप्त है। शुक्रवार को भी प्लांट बंद रहा। कर्मचारियों को अगली सूचना तक वापस भेज दिया गया है। पुलिस और पीएसी की सुरक्षा के बीच मुंबई से पहुंचे कंपनी के सीईओ समेत अन्य अधिकारियों ने गुरुवार को प्लांट का निरीक्षण किया। गोलीकांड के बाद से अधिकारी-कर्मचारियों में दहशत और बढ़ गई है।

**न्यूज ब्रीफ**

### अमावस्या मेले पर ट्रेनों का होगा ठहराव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडल के लोधीपुर विशनपुर रेलवे स्टेशन पर चैत्र अमावस्या मेला को देखते हुए रेल प्रशासन ने कई गाड़ियों का 17 व 18 मार्च को ट्रेनों के अस्थायी ठहराव का निर्णय लिया है। मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि 15011 लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस का 17 व 18 मार्च को लोधीपुर विशनपुर स्टेशन पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव रहेगा। 14315 बरेली-नई दिल्ली एक्सप्रेस भी इन तिथियों में दो मिनट इस स्टेशन पर ठहरेगी। 15059 लाल कुआं-आनंदविहार टर्मिनल एक्सप्रेस और आला हजरत एक्सप्रेस 17 को दो मिनट के लिए रुकेगी। गाड़ी संख्या 14321 बरेली भुज एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 14009 बापू धाम मोतिहारी-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस का 18 मार्च को लोधीपुर विशनपुर पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव रहेगा।

### खेत में काम कर रहे किसान की मौत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव दनकरा में खेत पर काम करने के दौरान किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। भतीजे और गांव के राशन डीलर सुंदर मौर्य ने बताया कि राम बहादुर खेत में मेथी-पालक की फसल की निराई कर रहे थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर घंटी बजी। वह खड़े होकर बात करने लगे और बात करते-करते ही अचानक जमीन पर गिर गए। वहां मौजूद चचेरे भाई धर्मवीर ने तुरंत उन्हें उठाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजन अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### फायर कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले के सभी अग्निशमन केंद्रों पर फायर कर्मियों की तैयारी को बेहतर बनाने के लिए विशेष मॉक ड्रिल और उपकरणों की जांच की गई। यह अभियान उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा मुख्यालय के निर्देश पर चलाया गया। शुक्रवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. आरके. पांडेय की देखरेख में जिले के विभिन्न फायर स्टेशनों पर प्रशिक्षण किया गया। इसमें हैलट रोड, कटघर, ठाकुरद्वारा, बिलारी और कांठ स्थित अग्निशमन केंद्रों पर तैनात फायर कर्मियों को एकत्रित कर विशेष अभ्यास कराया गया। फायर कर्मियों को लेडर ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया।

# जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी न देने पर भड़के मंत्री

## आलू उत्पादन व भंडारण के संबंध में क्रेता - विक्रेता सम्मेलन में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की समीक्षा, अधिकारियों को किया निर्देशित

**कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** कृषि एवं उद्यान विभाग की ओर से शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में आयोजित आलू उत्पादन व भंडारण के संबंध मेंक्रेता- विक्रेता सम्मेलन में प्रदेश सरकार के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर और मेरठ मंडल के किसान, कोल्ड स्टोरेज स्वामी तथा कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में समीक्षा की। कहा कि किसानों की समृद्धि को लेकर विपणन और भंडारण में कोई समस्या आई तो जनप्रतिनिधि और अधिकारी तुरंत निस्तारण कराएंगे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय न होने मंत्री नाराज दिखे। इसके दौरान एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो, जयपाल सिंह व्यस्त और कुंदरकी विधायक ने भी अधिकारियों के द्वारा नजर अंदाज करने का आरोप लगाया। सम्मेलन में किसानों के उन्नत प्रजातियों का प्रदर्शन भी किया गया।

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सरकार के द्वारा आलू उत्पादक किसानों और उद्यान विभाग से जुड़ी सरकार द्वारा



सर्किट हाउस में रोहित सिंह को प्रमाण पत्र देते मंत्री दिनेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

दी जाने वाली योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि उड़ीसा में आलू भेजने पर किसानों को सहायता मिलेगी। उड़ीसा में आलू की कीमत करीब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है। यदि किसान वहां आलू भेजना चाहते हैं तो ट्रांसपोर्ट के लिए सरकार सहायता देगी। राज्य में आलू के विपणन और भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था है, इसके लिए किसान चिंतित न हों। जरूरत पड़ने पर विभाग मंडियों में कांटा लगाकर सीधे किसानों से आलू खरीदेगा। अन्य राज्यों में भी विपणन के लिए सरकार के पास पर्याप्त संसाधन है। उन्होंने किसानों को सब्सिडी के बारे में भी बअताया। कोल्ड स्टोरेज संचालकों से आलू के घटते- बढ़ते दाम पर चर्चा कर सुझाव मांगा। मेरठ के किसान और कोल्ड स्टोरेज संचालक राम सैनी ने बताया कि आलू उत्पादक किसान और मंडी में समन्वय की कमी से किसानों को उचित दाम नहीं मिलता है। सरकार कोल्ड स्टोरेज से मंडी जाने वाले किसानों को यह जानकारी मिले कि किस मंडी में आलू की खपत की क्षमता कितनी और कितना आलू वहां पहुंच गया है। इससे अधिक आलू वहां नहीं पहुंचेगा और मूल्य नियंत्रण बना रहेगा। इस सुझाव को मंत्री ने अपनी डायरी में दर्ज किया।

### क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों से मिलकर निस्तारित कराएं किसानों की समस्या

मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर किसानों की समस्या का निस्तारण कराएं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी गिनाई जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों पर मनमानी का आरोप भी लगाया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह जनप्रतिनिधियों के घर जाकर उनका फोन नंबर फीड करें और सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी दें। एक सप्ताह के भीतर जनप्रतिनिधियों से अधिकारियों के कामकाज की जानकारी ली जाएगी और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रगतिशील किसान हुए सम्मानित

इसके बाद चारों मंडलों से आए प्रगतिशील किसानों को प्रमाणपत्र और शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। सभागार में मौजूद एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो, जयपाल सिंह व्यस्त, नगर विधायक रितेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली चौहान , कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने भी अपने विचार रखे।

### इन जिलों के किसान हुए सम्मेलन में शामिल

सम्मेलन में मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, रामपुर, सम्भल, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर सहित कई जिलों से आलू उत्पादक किसान, शीतगृह स्वामी, आलू व्यापारी, निर्यातक और प्रोसेसिंग इकाइयों से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मंडलीय उप निदेशक उद्यान ने अतिथियों, किसानों और प्रतिभागियों का आभार जताया।

### इन 25 उन्नत प्रजातियों का किया प्रदर्शन

सम्मेलन में आलू की 25 उन्नत प्रजातियों का प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें कुफरी चिप्सोना-1, कुफरी चिप्सोना-3, कुफरी बहार, कुफरी गंगा, नेपोलियन, पुखराज, एफसी-11, जमुनिया, फेडिलिटी, सूर्या, नीलकंठ, एस-4, इनोवेटर और ख्याति जैसी प्रजातियां शामिल रहीं।

### किसानों ने गिनाईं समस्याएं

संभल के आलू उत्पादक दीपक शर्मा ने जिले में पर्याप्त भंडारण सुविधा न होने की जानकारी दी। वहीं बदायूं के अनुपम अग्रवाल ने कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडारण पर सब्सिडी की मांग की। पीलीभीत के शक्ति सिंह ने प्रोसेसिंग यूनिट से संबंधित बैंक स्तर की आपत्तियों का मुद्दा उठाया। मेरठ के दाताराम ने आलू बीज प्रमाणीकरण के प्रावधानों में शिथिलता देने की मांग रखी। इसके अलावा शाहजहांपुर, हापुड़ और बुलंदशहर के शीतगृह स्वामियों और किसानों ने भी भंडारण, विपणन और प्रोसेसिंग से जुड़े मुद्दों पर मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

### किसानों से बहकावे में न आने की अपील


मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों को किसानों की चिंता नहीं थी। उस समय आलू सड़कों और कोल्ड स्टोरेज में सड़ता था, लेकिन भाजपा सरकार में ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि यदि कोई विपक्षी दो बोरी आलू सड़क पर फेंक कर वीडियो वायरल करे तो उसके बहकावे में न आएं। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के आलू के भंडारण और विपणन के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई हैं। इस वर्ष आलू के उत्पादन के अनुरूप शीतगृहों में पर्याप्त भंडारण क्षमता उपलब्ध है और किसी भी किसान का आलू बेकार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक आलू कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित रखने और उचित मूल्य मिलने पर ही बिक्री करने की अपील की ।उन्होंने यह भी कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो राज्य सरकार बाजार हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत किसानों से आलू की खरीद पर भी विचार करेगी।

# डंपरों की भिड़ंत, दोनों में लगी आग, पांच लोग घायल

**संवाददाता, ढकिया**

**अमृत विचार :** शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो डंपरों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों डंपरों में आग लग गई और चीख-पुकार मच गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। आग लगने के बाद यातायात बाधित हो गया।

रामपुर के थाना टांडा क्षेत्र के सिकंदराबाद गांव निवासी साजिद और थाना पटवाई क्षेत्र के हुसैनगंज मदारपुर निवासी तालिब डंपर से माल उतारने सहसवान गए थे। माल उतारने के बाद दोनों लौट रहे थे। इसी दौरान कासगंज जनपद के वहेडिया गांव निवासी रघुवेंद्र बाजपुर से डंपर में बजरी भरकर कासगंज की ओर



डंपरों में लगी आग को बुझाती फायर ब्रिगेड की गाड़ी। ● अमृत विचार

जा रहा था। जब दोनों डंपर ढकिया चौकी क्षेत्र के खंजीपुरा गांव के पास पहुंचे, तभी दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि टक्कर लगते ही दोनों डंपरों में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख मौके पर मौजूद लोग और आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। लोगों ने अपनी जान जोखिम में डालकर डंपरों में फंसे घायलों को आग की लपटों के बीच से बाहर निकाला। घायलों को तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों घायलों का इलाज शुरू किया। वहीं साजिद और

● **दो की हालत गंभीर, फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू**

तालिब की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही शाहबाद एसडीएम आशुतोष सिंह व सीओ शाहबाद देवकीनंदन ने अग्नि शमन विभाग की गाड़ी को बुलाकर आग को बुझावाया। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान करीब दो घंटे तक शाहबाद आसफपुर मार्ग पर आवागमन ठप रहा। ढकिया चौकी पुलिस ने जेसीबी बुलाकर जले दोनों डंपरों को मौके से हटवाया तब जाकर दोपहर करीब 12:30 बजे मार्ग पर यातायात सुचारु हो सका। इस दौरान शाहबाद आसफपुर मार्ग पर खंजीपुरा गांव के समीप दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

# बीबी फातिमा मजार बनवाने को प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** सऊदी अरब जन्नतुल बकी में बीबी फातिमा का मजार बनवाए जाने के लिए अलविदा जुमे की नमाज के बाद शिया जामा मस्जिद में प्रदर्शन किया गया। इसके बाद शिया जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अली मोहम्मद नकवी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम को सौंपा।

अलविदा की नमाज के बाद शिया समुदाय ने सऊदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी के बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सऊदी अरब के मदीना शहर में जन्नतुल बकी कब्रिस्तान में आखिरी नबी हजरत मोहम्मद स.के खानदान वाले दफन हैं। उनकी बेटी हजरत फातिमा



मकबरा जनाबे आलिया में प्रदर्शन करते शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

● **शिया जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज के बाद हुआ प्रदर्शन**

भी यहीं दफन हैं। उनका आलीशान मजार बना हुआ था। लेकिन, शरिया कानून का गलत इस्तेमाल करने वाली हुकूमत ने 1806 ई. में जन्नतुल बकी को शहीद कर दिया गया था। इसके बाद वर्ष 1925 ई. में आले सऊद ने कब्र की ऊंचाई से बनी हर मजार को जमींदोज कर दिया था। आले सऊद ने इसे मूर्ति पूजा का नाम देकर इसपर बुलडोजर चलवा दिया था। मांग उठाई कि सरकार सऊदी सरकार का इस ओर ध्यान दिलाकर रसूले अकरम की बेटी बीबी फातिमा का मजार बनवाए। ज्ञापन में शिया जामा मस्जिद के इमाम सैयद अली मोहम्मद नकवी, मौलाना सैयद जमां बाकरी, मौलाना मूसा रजा, असलम महमूद, इरफान अली जैदी, कमल रिजवी, सैयद मोहम्मद अली जैदी, शाने हसन आदि मौजूद रहे।

**दिशा-निर्देश** | सर्किट हाउस सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई

# महिलाओं से जुड़े मामलों में करें त्वरित कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** सर्किट हाउस सभागार में शुक्रवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने महिला जनसुनवाई की। पीड़ित महिलाओं के दर्द सुनकर महिला उत्पीड़न और पारिवारिक विवाद से जुड़े पांच मामलों को संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निस्तारित कराया।

महिला जनसुनवाई में पांच मामले आए। जिसमें पारिवारिक विवाद और महिला उत्पीड़न की शिकायतें थीं। सुनवाई के दौरान आयोग की सदस्य संगीता जैन ने संबंधित पुलिस थानों और अधिकारियों को मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर संबंधित थानों के द्वारा प्रकरणों का समाधान तत्काल कराया गया।




महिलाओं से जानकारी लेतीं महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन। ● अमृत विचार

विभागीय समीक्षा बैठक में महिला कल्याण विभाग,स्वास्थ्य विभाग तथा जिला कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसमें महिलाओं की सुरक्षा, महिला कल्याण योजनाओं के प्रभावी संचालन तथा पीड़ित महिलाओं को समय पर सहायता उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। आयोग की सदस्य ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके।

उपनिदेशक महिला कल्याण विभाग राजेश चंद्र ने आयोग की सदस्य को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला शरणालय की अधीक्षक, वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### महिला शरणालय और वन स्टॉप सेंटर भी गईं संगीता जैन

उन्होंने कहा कि महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक समय से पहुंचना चाहिए। उन्होंने इसके अलावा राजकीय महिला शरणालय और वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण भी किया। आयोग की सदस्य ने वहां रहने वाली महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। व्यवस्था पर संतोष जताया।

# दरोगा भर्ती परीक्षा आज, पुलिस-प्रशासन अलर्ट

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

● **28 केंद्रों पर 45,160 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, दो पाली में कराई जाएगी परीक्षा**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर (दरोगा) व समकक्ष पदों की भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग सतर्क है। 14 और 15 मार्च को होने वाली परीक्षा के लिए जिले में 28 केंद्र बनाए गए हैं। हर दिन दो-दो पाली में परीक्षा होगी। सुबह की पाली में 10 से 12 और शाम की पाली में 3 से 5 बजे तक परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।


पुलिस प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों और शहर के संवेदनशील स्थानों पर करीब 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। इसके अलावा स्पेशल टास्क फोर्स (उत्तर प्रदेश पुलिस) की टीम भी सक्रिय है, जो सॉल्वर गैंग और नकल माफिया पर नजर रख रही है। खुफिया एजेंसियों को भी अलर्ट किया गया है। जिससे परीक्षा के दौरान किसी तरह की अनियमितता न होने पाए। जिले में आयोजित परीक्षा में 45,160 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इनमें दिल्ली, मेरठ, बुलंदशहर, अमरोहा, बागपत, बरेली, बिजनौर, गाजियाबाद, रामपुर, संभल तथा हरियाणा के अभ्यर्थी भी शामिल हैं। जिले में बनाए गए 28 परीक्षा केंद्रों में से 19 केंद्रों पर 480-480 और 9 केंद्रों पर 240-240 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। छोटे केंद्रों पर एक-एक सब इंस्पेक्टर को केंद्र प्रभारी, कंट्रोल रूम और चेकिंग की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि बड़े केंद्रों पर पुलिस बल की संख्या दोगुनी रखी गई है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों, रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस अड्डों पर भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं, जिससे बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। परिवहन विभाग ने अतिरिक्त बसों का संचालन शुरू किया है। रोडवेज के आरएम अनुराग यादव ने बताया कि परीक्षा के दिनों में कई रूटों पर बसों के अतिरिक्त फेरे लगाए जा रहे हैं।

### एसआई भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड परीक्षा के लिए आज व कल चलेंगी विशेष गाड़ियां

रेल प्रशासन 14 व 15 मार्च को मुरादाबाद मंडल में अतिरिक्त विशेष गाड़ियों का संचालन करेगा। ट्रेन दो फेरे के लिए चलेगी। इसके लिए गाड़ी संख्या 04350-04349 बिजनौर-बरेली-बिजनौर अनारक्षित स्पेशल गाड़ी संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 04350 बिजनौर से चलकर हल्दौर, चांदपुर सियायु, गजरौला जंक्शन, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर होते हुए बरेली आएगी। वहीं गाड़ी संख्या 04349 ट्रेन बरेली से होकर बिजनौर तक चलेगी। इस अनारक्षित गाड़ी में स्लीपर कोच लगेगा।

### अधिक किराया वसूली पर होगी कार्रवाई

एडीएम सिटी ज्योति सिंह ने बताया कि परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अन्य जिलों से मुरादाबाद पहुंचेंगे। देखा जाता है कि कुछ होटल, गेस्ट हाउस और रेस्टोरेंट संचालक निर्धारित दर से अधिक किराया वसूलने लगते हैं, जिससे परीक्षार्थियों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और जिले की छवि भी प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि कोई भी होटल,गेस्ट हाउस या रेस्टोरेंट संचालक परीक्षा के लिए आने वाले अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से तय दर से अधिक किराया नहीं लेगा। यदि अधिक वसूली की शिकायत मिलती है तो संबंधित संचालक के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। बस, टैक्सी और ऑटो चालकों को भी सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि परिवहन सेवाओं से जुड़े चालक निर्धारित किराए से अधिक वसूली नहीं करेंगे।



**इफ्तार**
14 मार्च
सुन्नी : 6:26
शिया : 6:37

**सहरी**
15 मार्च
सुन्नी : 5:02
शिया : 4:57

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया :** नेकी करो, जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करो।

## न्यूज ब्रीफ

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को चलेगा टीकाकरण अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर रोकने के लिए जिले में 38,700 किशोरियों को एचपीपी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन का टीका लगेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि इस अभियान में ऐसी किशोरियों का टीकाकरण होगा जिन्होंने 14वां जन्मदिन मना लिया है लेकिन 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर वैक्सीन से बचा जा सकता है। इसी उद्देश्य से अभियान में किशोरियों को गार्डासिल – 4 (क्वाड्रिवैलेंट 6, 11, 16, 18) एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिले व /ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। जल्द ही अभियान शुरू होगा।

### चौपाल में अधिकारियों ने सुनी चकबंदी संबंधी शिकायतें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ग्राम पीपली अहीर ऐहतमाली तहसील ठाकुरद्वारा में शुक्रवार को उप संचालक चकबंदी ओमप्रकाश अंजोर और जुबैर अहमद चकबन्दी अधिकारी ने ग्राम बढ़ेरा तहसील ठाकुरद्वारा में ग्राम चौपाल में किसानों की चकबंदी संबंधी शिकायतें सुनीं। ग्राम पीपली अहीर ऐहतमाली में कई किसानों ने बताया कि चकबन्दी अधिकारी मुरादाबाद तृतीय के न्यायालय में जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा– 9क (2) से सम्बन्धित कुछ वाद पत्रावलियां लम्बित हैं। इस संबंध में संबंधित चकबन्दी अधिकारी को ऐसे वादों की सम्यक सुनवाई करते हुए वादों को निस्तारित करने का निर्देश उप संचालक चकबंदी ने दिया। ग्राम बढ़ेरा तहसील ठाकुरद्वारा में धारा–10 का प्रकाशन हो चुका है। किसानों से निर्विवाद विरासत के प्रकरणों के सम्बन्ध में चकबन्दी अधिकारी ने वार्ता की।

### 2.42 लाख किसानों के खातों में पहुंची सम्मान निधि की किस्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा बटन दबाते ही जिले के दो लाख 42 हजार 724 किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि का पैसा पहुंच गया। कृषि विभाग की ओर से इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने के कलेक्ट्रेट सभागार में व्यवस्था की गई। इसके अलावा विकास खंडों पर लाइव प्रसारण देखा गया। उपनिदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिले के 2 लाख 42 हजार 724 किसानों के बैंक खातों में केंद्र सरकार की ओर से 48 करोड़ 54 लाख 48 हजार रुपये की धनराशि सीधे ट्रांसफर की गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों को आर्थिक सहायता के रूप में दी जाती है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली चौहान शामिल रहीं।

## गैस की कालाबाजारी रोकने का प्रबंध करे जिला प्रशासन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल की बैठक शुक्रवार को बर्तन बाजार में प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के कार्यालय पर हुई। जिसमें अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी ने कहा कि युद्ध की स्थिति में सीएनजी ,पीएनजी ,पेट्रोल, डीजल ,केरोसिन किसी भी चीज की कोई कमी नहीं है। जिले के व्यापारियों से अपील है कि वह जो इन वस्तुओं को विक्रय करता है अनावश्यक रूप से किसी भी उपभोक्ता को परेशान न करे और कालाबाजारी न करें।प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वह परेशान न हों। 25 दिन में औसत एक सिलेंडर चलता है। यदि कोई अधिक रुपये लेता है तो संगठन के पदाधिकारियों को जानकारी दें। इस दौरान सुनील अग्रवाल, सुधीर कंसल, मोहित अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, मनीष बेरी, मोहित खन्ना, अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### विक्रम संवत 2083 चैत्र मास नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से, 27 मार्च को मनाई जाएगी रामनवमी

# चैत्र नवरात्रिः पालकी पर सवार होकर आएंगी मातारानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इस बार चैत्र नवरात्रि में मातारानी पालकी पर सवार होकर आएंगी। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से होगी और 27 मार्च को रामनवमी मनाई जाएगी।



महंत राम गिरि।

रामनवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना विधि विधान से होगी।

प्राचीन सिद्धपीठ श्री नौ देवी काली माता जी मंदिर लालबाग के महंत राम गिरि ने बताया कि कलश स्थापना का मुहूर्त प्रतिपदा के दिन 19 मार्च सुबह 6 बजकर 52 से 7 बजकर 43 मिनट तक और दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगाउन्होंने बताया कि जो साधक कलश स्थापना कर देवी मां की साधना करते हैं वह दोनों में से किसी एक मुहूर्त में कलश स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्रि गुरुवार के दिन से प्रारंभ होगा। जिस कारण मां का आगमन पालकी की सवारी पर और प्रस्थान हाथी की सवारी पर होगा।

उन्होंने बताया कि महाकाली माता की पूजा की विशेष सप्तमी तिथि 25 मार्च को रहेगी। इस दिन श्री माता जी का विशेष श्रृंगार और पूजन होगा। संध्या आरती के समय भक्तों द्वारा भोग अर्पित कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। अष्टमी तिथि 26 और रामनवमी 27 मार्च को मनाई जाएगी। इस दिन श्री माता जी का दर्शन-पूजन विशेष फलदायी होता है। शाम को मंदिर खुलने पर श्री माता जी का भोग लगाकर नवरात्रि का व्रत का परायण होता है और उसके बाद शाम से मध्य रात्रि तक मंदिर खुले रहने तक हलवा का प्रसाद वितरित किया जाता है।

### चैत्र अमावस्या व्यापिनी प्रतिपदा के कारण विशेष स्थिति में शुरू होगा नया संवत्सर



सनातन परंपरा के अनुसार नव विक्रम संवत 2083 19 मार्च से शुरू होगा। इस वर्ष का संवत्सर रौद्र नाम से जाना जाएगा। नीलकंठ महादेव मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित उद्धव राज पंत के अनुसार नव संवत्सर का आरंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है, लेकिन इस बार प्रतिपदा तिथि के क्षय होने के कारण चैत्र अमावस्या व्यापिनी प्रतिपदा के आधार पर 19 मार्च को ही नव संवत्सर का प्रारंभ माना जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, शुक्ल योग और मीन लग्न का संयोग रहेगा। गुरुवार को संवत्सर प्रारंभ होने से इस वर्ष का राजा देवगुरु बृहस्पति माना जाएगा। इसी दिन चैत्र (वसंत) नवरात्र की घटस्थापना भी होगी, जिससे धार्मिक दृष्टि से दिन का महत्व और बढ़ जाता है।

### धर्म, ज्ञान और यज्ञ-हवन में वृद्धि होगी



ज्योतिषाचार्य दीपक कृष्ण उपाध्याय के अनुसार इस संवत्सर में राजा बृहस्पति होने से धर्म, ज्ञान और यज्ञ-हवन जैसी गतिविधियों में वृद्धि होगी। दूध उत्पादन और पशुपालन से जुड़े क्षेत्रों में लाभ के संकेत हैं। व्यापार और नए उपभोक्ता बाजारों के विस्तार की संभावना भी दिखाई देती है, वहीं वाहन उद्योग और ऋण बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। हालांकि संवत्सर के मंत्री मंगल होने के कारण कुछ क्षेत्रों में चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं।

### ज्योतिषीय दृष्टि से महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी वर्ष



ज्योतिषाचार्य ऋषिकेश शुक्ला के अनुसार बृहस्पति और मंगल के संयुक्त प्रभाव से यह वर्ष साहस, निर्णय क्षमता और धार्मिक गतिविधियों में वृद्धि का संकेत देता है। ग्रहों की चाल में होने वाले बदलावों का प्रभाव देश-दुनिया के साथ-साथ सभी राशियों के जीवन पर भी दिखाई देगा। कुल मिलाकर अधिक मास और ग्रहों की विशेष स्थिति के कारण विक्रम संवत 2083 को धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी वर्ष माना जा रहा है।

### पुरुषोत्तम मास के चलते 13 महीनों का रहेगा वर्ष

ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार विक्रम संवत 2083 एक विशेष वर्ष होगा, क्योंकि ज्येष्ठ मास में अधिक (पुरुषोत्तम) मास आने से यह वर्ष 13 महीनों का रहेगा। अधिक मास को धार्मिक कार्यों, जप-तप और दान-पुण्य के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

# अमन-चैन और देश की तरक्की को दुआ में उठे हाथ

### शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज, मुस्तैद रहा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रमजान के पवित्र महीने के अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज शहर की जामा मस्जिद सहित जिले की सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। नायब शहर इमाम सय्यद मुफ्ती फहद अली ने रोजेदारों को नमाज अदा कराई। इसके बाद दुनिया और देश में अमन व शांति के दुआ कराई गई। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी की।

अलविदा जुमा की नमाज के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के साथ शहर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग की। अलविदा जुमे की नमाज से पहले जामा मस्जिद क्षेत्र में पहुंचकर नमाज की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश दिया। जामा मस्जिद और आसपास के क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल के साथ पीएसी और खुफिया विभाग के अधिकारी भी तैनात रहे। मस्जिद के आसपास बैरिकेडिंग कर भीड़ को व्यवस्थित ढंग से नियंत्रित किया गया, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।



जामा मस्जिद पार्क में जुमा अलविदा की नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

नमाज अदा करने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में अकीदतमंद जामा मस्जिद और अन्य मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। निर्धारित समय पर नमाज अदा कराई गई, जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों रोजदारों ने हिस्सा लिया। नमाज के दौरान अमन-चैन, भाईचारे और देश की तरक्की के लिए दुआ की गई। प्रशासन की सतर्कता और पुलिस की मुस्तैदी से अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से हुई।



जामा मस्जिद चौराहे पर मौजूद लोगों के साथ एसपी सिटी व एडीएम सिटी।

### रहमत, मगफिरत और जहन्नुम से निजात का महीना है रमजान



**पाकबड़ा, अमृत विचार :** मुकद्दस माह-ए-रमजान के आखिरी जुमा शुक्रवार को जुमा अलविदा के मौके पर पाकबड़ा की जामा मस्जिद में अकीदत और खुसू-खुजू के साथ नमाज़ अदा की गई। हजारों नमाजी जामा मस्जिद में पहुंचे और अल्लाह की बारगाह में सजदा कर मुल्क में अमन, भाईचारे और तरक्की की दुआ मांगी। कमेटी जामा मस्जिद पाकबड़ा की ओर से मस्जिद परिसर में साफ-सफाई, वुजू और नमाज की सफों की मुकम्मल व्यवस्था की गई थी। कमेटी के अध्यक्ष हाजी लियाकत हुसैन और खजांची शाहनवाज अंसारी पूरे समय इंतजामों का जायजा लेते रहे। जैसे ही मस्जिद से अज़ान की सदाएं बुलंद हुईं, वैसे ही नमाज़ी सफों में खड़े होकर इबादत के लिए तैयार हो गए। नमाज़ से पहले इमाम-ए-शहर पाकबड़ा काजी शम्मे आलम ने शहर इमाम काजी शम्मे आलम ने नमाज़ियों को नसीहत करते हुए कहा कि हर मोमिन को अपने पड़ोसी और जरूरतमंद लोगों का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सदका-ए-फितर ईद-उल-फितर की नमाज़ से पहले अदा कर देना चाहिए। जिससे गरीब और जरूरतमंद लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें।

## टीएमयू का दीक्षांत समारोह आज, अफसरों ने किया निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के 14 मार्च को होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियों देखने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सतपाल अंतिल ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर वहां की व्यवस्था देखी। इस दौरान टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन आदि मौजूद रहे।

इस दौरान विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, ग्रुप वाइस चेयरमैन मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन भी मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन व उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा हैं। इसके अलावा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मौजूद रहेंगे। विवि प्रशासन ने बताया कि अतिथियों के द्वारा 36 रिसर्च स्कॉलर्स को पीएचडी के अलावा 108 गोल्ड, 105 रजत और 98 ब्रांज मेडल्स देकर सम्मानित किया जाएगा।

# टैक्स के बड़े बकाएदार निगम प्रशासन के निशाने पर, 18 प्रतिष्ठान सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गृहकर व जलकर जमा न करने पर सील किया प्रतिष्ठान
- 71 लाख 41 हजार, 895 रुपये का बकाया टैक्स जमा कराया

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष के आखिरी महीने मार्च में नगर निगम प्रशासन के निशाने पर बड़े बकाएदार है। टीमें गृहकर व जलकर के बकाएदारों के प्रतिष्ठान व घरों पर पहुंचकर बकाया जमा न करने पर सीलिंग की कार्रवाई कर रहे हैं। शुक्रवार को भी 18 प्रतिष्ठान सील किए गए।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीमों ने शुक्रवार को ज्ञानवती पत्नी रामसरन के प्रतिष्ठान को सील कर दिया। इसके अलावा अब्दुल अजीम पुत्र हाजी करीम पर टैक्स का 1,88,748 रुपये बकाया था। जिसमें से 50 हजार रुपये जमा करने के बाद भी प्रतिष्ठान सील किया गया। इसके अलावा पदम सिंह पुत्र गंगाराम, आशा गाबा पत्नी अनिल गाबा, अरविंद सेठी पुत्र किशन लाल, अब्दुल लतीफ, एकता कॉलोनी निवासी वीरेंद्र सिंह, मझोला की चंचला गुप्ता, लक्ष्मी देवी, प्रकाश नगर की ऊषा गुप्ता, होरी लाल, शारक हुसैन आदि के प्रतिष्ठानों को भी बकाएदारी के चलते सील किया गया। इस दौरान टीमों ने 71 लाख 41 हजार, 895 रुपये का बकाया टैक्स जमा भी कराया। कार्रवाई के दौरान कर अधीक्षक मंगल सिंह पापड़ा, प्रदीप कुमार चौधरी के अलावा राजस्व निरीक्षक व प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे।

### ग्लोबल अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग व प्रशासनिक अधिकारी का छापा, खंगाला रिकॉर्ड

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पाकबड़ा स्थित ग्लोबल अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं प्रशासनिक अधिकारी ने शाम को औचक छापेमारी की। इससे आसपास के झोलाछापों एवं लैब संचालकों में भगदड़ मच गई। सभी शटर गिराकर वहां से भाग निकले। शुक्रवार की शाम डीगरपुर रोड स्थित बच्चों के अस्पताल ग्लोबल अस्पताल में प्रशासनिक मजिस्ट्रेट सूर्य प्रताप सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग से डिप्टी सीएमओ डॉक्टर विकास की टीम पहुंची। इस दौरान अस्पताल के रिकॉर्ड भी खंगाले गए। यहां एक बच्चा भर्ती मिला। जिसे दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए कहा गया तो परिजन ने मना कर दिया। कहा कि बच्चे को कोई दिक्कत आती है तो वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। यह सुनकर उनके हाथ पैर फूल गए। उसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। जिस पर उन्होंने स्वयं निर्णय लेने के लिए कहा। जिसके बाद बिना कार्रवाई के ही अधिकारियों ने अस्पताल संचालक को हिदायत दी। कहा जब तक सब कुछ क्लियर नहीं हो जाता कोई भी बच्चा भर्ती नहीं किया जाएगा। इसकी देखभाल यहीं पर होगी। निर्णय के अनुसार कार्रवाई होगी।

# शासन तक पहुंचा महापौर की दीवार गिराने का मामला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गुरुवार को स्कूल से कब्जा हटवाने पहुंची थी राजस्व विभाग की टीम
- धीमरी गांव प्रकरण में प्रशासन ने दोबारा कराई पैमाइश

**अमृत विचार :** सदर तहसील के धीमरी गांव में सीएम कंपोजिट विद्यालय के लिए चिह्नित जमीन से कब्जा हटवाने के दौरान महापौर की बाउंड्री टूटने के प्रकरण की गूंज शासन तक पहुंच गई है। महापौर ने इसकी शिकायत शासन में की। जिसके बाद शुक्रवार को डीएम अनुज सिंह की मौजूदगी में पैमाइश कराई गई।

धीमरी गांव में गुरुवार को उप जिलाधिकारी सदर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने सरकारी भूमि पर किए गए अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई की। इस दौरान महापौर के भूमि की चहारदीवारी भी गिरा दी गई। जिसके बाद महापौर ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताकर डीएम सहित मंडलायुक्त से शिकायत की। जिस पर प्रशासनिक हलके में हलचल मच गई। शुक्रवार को मामला शासन तक पहुंच गया। महापौर ने शासन में शिकायत की। जिसके बाद वहां से भी जानकारी मांगी गई। बताया जा रहा है कि महापौर ने उप जिलाधिकारी की कार्यशैली की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।



निरीक्षण के दौरान निर्देश देते प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह। ● अमृत विचार

शुक्रवार को डीएम अनुज सिंह मौके पर राजस्व टीम के साथ पहुंचे और पैमाइश कराई। शाम तक पैमाइश का कार्य जारी रहा। डीएम ने बताया कि महापौर की जमीन है। हालांकि अवैध कब्जे जैसी कोई बात नहीं है। टीमें पैमाइश कर रही हैं। इसके पूरा होने के बाद निर्णय लिया जाएगा। महापौर ने शासन में क्या शिकायत की इस बारे में जानकारी नहीं है।

### बिना नक्शा पास निर्माण पर करें कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने शुक्रवार को प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत प्रवर्तन-जोन 3, सबजोन-16 एवं जोन-3, सबजोन-17 का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों एवं भूमि उपयोग की स्थिति देखी, संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने जोन प्रभारी और सब-जोन प्रभारी से कहा कि अवैध रूप से संचालित औद्योगिक गतिविधियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें और संबंधित प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाए। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कार्य मिलने पर जोन प्रभारी एवं सब-जोन प्रभारी ने बताया कि अवैध निर्माणों के विरुद्ध नियमानुसार चालान जारी किया गया है। उपाध्यक्ष ने भविष्य में बिना स्वीकृत मानचित्र के किसी भी प्रकार के निर्माण रोकने को निगरानी रखने के लिए कहा।

# तीन माह का वेतन रोकने पर भी सचिवों का काम अधूरा, विभाग सख्त

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- निर्माण में लापरवाही से एक वर्ष बाद भी मंडल में नहीं बने 12 ग्राम पंचायतों में अंत्येष्टि स्थल

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिवों पर विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। निर्माण कार्य समय पर पूरा न कराने के मामले में 12 ग्राम पंचायत सचिवों का जनवरी माह से वेतन रोक दिया गया है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों ने लंबित कार्यों को पूरी नहीं किया है जिसके बाद उप निर्देशक पंचायत राज में विभागीय कार्रवाई करते हुए शासन को रिपोर्ट भेजी है।

शुक्रवार को उप निदेशक पंचायत राज ने बताया कि मंडल में पिछले वर्ष कुल 51 अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित था, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम संस्कार के लिए लोगों को व्यवस्थित और सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जा सके। इस योजना के तहत अधिकांश स्थानों पर कार्य पूरा कर लिया गया, लेकिन 12 ग्राम पंचायतों में अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका या अधूरा पड़ा हुआ है।उन्होंने बताया कि कई बार निर्देश देने और समीक्षा बैठकों में चेतावनी के बावजूद संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों ने कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं दिखाई। इसका असर शासन स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठकों में भी दिखाई दिया। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में मंडल की रैंकिंग नीचे आने के बाद विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लिया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन ग्राम पंचायतों में अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण कार्य लंबित है, वहां के सचिवों का जनवरी माह से वेतन रोक दिया गया था।

इसके बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया। उप निदेशक पंचायती राज ने बताया कि अंत्येष्टि स्थल ग्रामीण विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है। ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की वजह से निर्माण कार्य में देरी हुई है, उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही है। शासन को उनके द्वारा कार्य में बरती गई लापरवाही की रिपोर्ट शासन को भेजी गई।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में शिकायतकर्ता के बयान बाकी, प्रक्रिया अधर में

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत के मामले में शासन स्तर पर चल रही जांच में अभी शिकायतकर्ता के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। एडी हेल्थ डॉ. आशु अग्रवाल ने बताया कि पाकबड़ा स्थित आयुष्मान अस्पताल के संचालक लक्ष्मण सिंह ने बीते माह दो फरवरी को शासन में सीएमओ और डिप्टी सीएमओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शासन के निर्देश पर इस शिकायत की जांच एडी हेल्थ स्तर से कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में लक्ष्मण सिंह को सोमवार को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह निर्धारित तिथि पर नहीं पहुंचे। इसके बाद उन्हें दोबारा पत्र जारी कर गुरुवार को जांच टीम के समक्ष उपस्थित होकर बयान देने के लिए कहा गया था। लक्ष्मण सिंह ने बताया कि वह अस्पताल में भर्ती हैं, इसलिए बयान के लिए नहीं आ सकेंगे। गुरुवार को भी उनके बयान दर्ज नहीं हो सके। डॉ. आशु अग्रवाल के अनुसार अब उन्हें सोमवार को फिर पत्र जारी कर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया जाएगा। उनके बयान दर्ज होने के बाद ही जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी और शिकायत में लगाए गए आरोपों की तथ्यों के आधार पर जांच की जाएगी।

# ई-कचरा और पीतल गलाने वाली भट्ठियों को प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने भेजे नोटिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आबादी में बनी भट्ठियों पर विकास प्राधिकरण, नगर निगम ,पालिका व नगर पंचायतें करेंगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** शहर और आसपास के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित ई-कचरा और पीतल गलाने वाली भट्ठियों पर अब कार्रवाई का चाबुक चलने की तैयारी है। क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस संबंध में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम और नगर पंचायतों को नोटिस भेजकर अवैध भट्ठियों को बंद कराने के निर्देश दिए हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डीके के गुप्ता ने बताया कि विभाग की ओर से भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि घनी आबादी वाले इलाकों में संचालित ई-कचरा और पीतल गलाने वाली भट्ठियां पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं। इनसे निकलने वाला धुआं और जहरीली गैसें आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम और जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए संबंधित प्राधिकरणों को रिपोर्ट भेज दी गई है। अब आगे की कार्रवाई के लिए निदेशालय स्तर से अनुमति मिलने के बाद सख्त कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि भट्ठी संचालक अक्सर कार्रवाई की लंबी प्रक्रिया का फायदा उठा लेते हैं। जब तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से औपचारिक अनुमति मिलती है, तब तक कई भट्ठी मालिक अपना कारोबार किसी दूसरे स्थान पर शुरू कर देते हैं। इससे समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि अब संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर अवैध भट्ठियों को चिन्हित किया जा रहा है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध प्लॉटिंग पर लगाया बोर्ड

**अगवानपुर, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन में आने वाले गांव बिशनपुर भीमाठेर में दबंग किस्म के लोग बिना नक्शा पास कराए प्लॉटिंग कर रहे हैं। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को चेतावनी बोर्ड ल गाकर कॉलोनी को अवैध घोषित कर दिया है। अब इस जमीन को कोई खरीदता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चरस के साथ तीन गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चरस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि मुरादाबाद रोड पर ब्राइट फ्यूचर स्कूल के पास तीन लोग संदिग्ध हालत में खड़े हैं। तत्काल ही टीम के साथ तीनों को मौके पर पकड़ लिया। तीनों के पास से 925 चरस बरामद हुई है। नाम अरशद पुत्र मोहम्मद हसन, अफसर आलम पुत्र अख्तर हुसैन और साजिद पुत्र अब्बास हुसैन निवासी मोहल्ला अंसारियांन बताया है।

### जर्नलिस्ट संगठन मनाएगा होली मिलन

**कांठ, अमृत विचार :** जर्नलिस्ट संगठन के कार्यालय पर शुक्रवार की दोपहर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के अध्यक्ष भावेश शर्मा ने पत्रकारों के हित और संगठन को मजबूत बनाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। सभी की सहमति से 24 मार्च को बीके शर्मा फार्म हाउस पर होली और ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर संरक्षक संजय यादव, शाकिर सैफी, ओमकार सिंह, पंकज भदौरिया, देवेंद्र सिंह और नवदीप शर्मा, अनिल शर्मा मौजूद रहे।

### मृत गाय का कराया अंतिम संस्कार

**कांठ, अमृत विचार :** गौ सेवा गतिविधि की टीम ने पशुपालन विभाग के सहयोग से दुर्घटना में मृतक गाय का अंतिम संस्कार करवाया। गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा को फोन पर 9 :00 बजे सूचना मिली कि गढी में धर्म कांटे के सामने एक निराश्रित गाय एक्सीडेंट में मरी पड़ी है। विकास शर्मा के साथ गौ सेवा गतिविधि की टीम मौके पर पहुंचकर पशुपालन विभाग के डॉक्टर आदित्य गोयल को सूचना दी। पशुपालन विभाग के डॉ. आदित्य गोयल मौके पर पहुंचे। इसके बाद डॉक्टर आदित्य और गोसेवकों ने गाय का अंतिम संस्कार कर दिया।

### दो झपट्टामारों को किया गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के स्योंडारा रोड पर समाथल गांव के पास बने यात्री शेड पर एक व्यक्ति से अज्ञात लोगों द्वारा झपट्टा मारकर बैग छीन लिया था। जिसमें 10 हजार रुपये और एक मोबाइल था। संभल जिले के थाना बनियाठेर के गांव मऊ अससू निवासी आरिफ स्योंडारा रोड पर समाथल गांव के पास बने यात्री शेड पर बैठा था। तभी बाइक पर दो युवक आए और झपट्टा मार कर बैग छीन कर ले गए। शुक्रवार सुबह पुलिस ने आरोपी तेजपाल निवासी स्योंडारा और आकाश निवासी मल्हपुर सिंधारी को गिरफ्तार कर लिया।

# जमातुल विदा की नमाज को भरी रहीं मस्जिदें

## मस्जिदों में रोजेदारों ने मुल्क में अमन-चैन और तरक्की के लिए मांगी दुआएं



बिलारी में भ्रमण करते सीओ अशोक कुमार सिंह व पुलिस बल। ● अमृत विचार



कांठ में अलविदा जुमे की नमाज अदा करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

संवाददाता बिलारी

**अमृत विचार ।** पवित्र माह रमज़ान के आखिरी जुम्मे को जुमातुल विदा के रूप में मनाते हुए शुक्रवार को नगर की सभी मस्जिदों में अकीदतमंदों ने बड़ी संख्या में नमाज़ अदा की। माहे रमज़ान का आखिरी जुमा इस्लाम में बेहद मुकद्दस माना जाता है। इसी वजह से अकीदतमंद दूर-दूर से मस्जिदों में पहुंचकर इबादत करते हैं अल्लाह की बारगाह में दुआएं मांगते हैं। नमाज़ के बाद लोगों ने मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और भाईचारे की कामना करते हुए विशेष दुआ की। वहीं, ईद-उल-फितर का त्योहार चांद दिखाई देने के बाद मनाया जाता है। इस बार चांद की स्थिति को लेकर यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि रमज़ान के दौरान दो जुमे अलविदा पड़ सकते हैं। हालांकि अंतिम निर्णय चांद के दीदार के बाद ही होगा।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मध्य अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में अलविदा जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने ईद उल फितर पर सामूहिक नमाज को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अलविदा जुमे की नमाज क्षेत्र में सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। नगर की माहीग्रान मस्जिद, लाल मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, छप्पर वाली मस्जिद, छजलैट, सराय खजूर, रसूलपुर चौराहा, गढ़ी, ऊमरी कलां, सलेमपुर व छजलैट क्षेत्र के ग्रामों में मस्जिदों पर नमाज पढ़ी गई। एसडीएम संत दास पवार ने ईद उल फितर के पर्व हेतु सैक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, सीओ अभिनव द्विवेदी, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर राम नरेश यादव, उप निरीक्षक संजीव कुमार एवं कमलदीप आदि पुलिस बल तैनात रहा।

### नन्हें रोजदारों ने जीता सभी का दिल

**कांठ, अमृत विचार :** रमजान के पवित्र माह में मोहम्मद इब्राहिम, अब्दुल रहमान (जुड़वा भाई, उम्र 8 वर्ष) पुत्र मोहम्मद रिजवान और आहिल आलम पुत्र हाजी इंतकाव आलम ने पूरे रमजान रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की। इन नन्हे बच्चों ने अपनी भक्ति और आत्मा की पवित्रता से क्षेत्रीय लोगों का ध्यान आकर्षित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। भीषण गर्मी में भी बच्चों ने बड़ों की तरह पांचों वक्त की नमाज अदा की। मोहम्मद इब्राहिम, अब्दुल रहमान और आहिल आलम का कम उम्र में इबादत का शौक प्रशंसनीय है।



नमाज अदा करते बच्चे।

### किसानों ने देखा प्रधानमंत्री कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम मलपुरा लक्ष्मीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी होने के अवसर पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किसानों को दिखाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने कार्यक्रम को देखा और सरकार की योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार ने किसानों का स्वागत करते हुए मृदा में संतुलित खाद के उपयोग के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पौध संरक्षण वैज्ञानिक दीपक कुमार ने गन्ने में बीज शोधन व भूमि शोधन के लाभ तथा फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों की रोकथाम के उपाय बताए। वहीं डॉ. शिव शंकर वर्मा ने उद्यानिकी से जुड़े विषयों पर किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। सस्य वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने गन्ने में सहफसली खेती के लाभों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों से अवगत कराया। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक यशवीर सिंह, एमडीई सुरेश मौर्य ने भाग लिया।

## गुलदार की दहशत, पिंजड़ा लगवाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजपुर मिलक में गुलदार देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी ठाकुरद्वारा को शिकायती पत्र देकर वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगवाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार 11 मार्च की रात करीब 10 बजे गांव के आसपास गुलदार दिखाई दिया था।

सूचना मिलने पर वन विभाग के क्षेत्रीय दरोगा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया था। ग्रामीणों ने बताया कि डर के कारण वे लोग खेतों पर भी नहीं जा रहे हैं। लोगों ने पिजड़ा लगवाने की मांग की है। एसडीएम को शिकायती पत्र भेजने वालों में फरमान हुसैन, शहीद हुसैन, मलिक, बबलू सागर, अंतराम, मोहम्मद रफी, मोहम्मद आलम शामिल रहे।

# रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत बनी आफत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● ब्लैक में मिल रहे घरेलू सिलेंडर

**अमृत विचार :** रसोई गैस सिलेंडर को लेकर चारो ओर मारामारी शुरु हो गई है। शुक्रवार को उपभोक्ताओं की भारी भीड़ गैस एजेंसियों पर देखने को मिली। कई स्थानों पर हंगामा होने की भी नौबत आ गई।

अफवाह है कि ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसका असर अब स्थानीय स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। गैस सिलेंडर की कमी की खबर फैलते ही लोग बड़ी संख्या में एजेंसियों पर पहुंचने लगे। नगर की भावना भारत गैस एजेंसी, शफी मेमोरियल इंडेन गैस एजेंसी, रंजीत इंडियन गैस एजेंसी तथा गंज बाजार स्थित गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़



उमड़ पड़ी। कई जगहों पर लोगों को घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। उपभोक्ताओं का कहना है कि समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिलने से घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है। वहीं एजेंसी संचालकों का कहना है कि आपूर्ति कम आने के कारण सिलेंडर वितरण में परेशानी हो रही है। स्थिति सामान्य होने पर ही समस्या का समाधान हो सकेगा।

# आपसी सौहार्द से मनाएं ईद

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रमजान, ईद और नवरात्र पूजा को लेकर पुलिस और प्रशासन सतर्क है। शुक्रवार को कोतवाली में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में थाना प्रभारी मनोज परमार ने सभी से आपसी सौहार्द में त्योहार मनाने की अपील की।

थाना प्रभारी ने बताया कि रमजान का पवित्र माह चल रहा है। इसके बाद ईद का पर्व है। इनके बीच नवरात्र भी शुरू हो जाएगा। सभी लोग त्योहारों को भाईचारा और आपसी सौहार्द से मनाएं। उन्होंने लोगों से कहा कि कोई भी व्यक्ति नई परंपरा डालने का प्रयास न करे। यदि ऐसा करता हुआ पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से कहा कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर अफवाहें फैला रहा है, तो उसके खिलाफ गोपनीय शिकायत करें।



बैठक में बोलते थाना प्रभारी मनोज परमार। ● अमृत विचार

● प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने की बैठक

आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट न करे, जिससे शांति व्यवस्था भंग हो। बैठक में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी और जेई मौजूद नहीं रहे, इस पर लोगों ने नाराजगी जाहिर की। ईद पर बाजार में ई-रिक्शा के प्रवेश करने पर रोक लगाने की मांग की। बैठक में संजीव सिंघल, अबुल कलाम, एम. इल्यास (पूर्व प्रधान), अख्तर अली खान, सादिक सिद्दीकी, हाजी याकूब, रामपाल गौतम, अमित कुमार, मोहम्मद हारुन, अबरार सैफी, शहनवाज खान, कमलेश कुमार, धर्मेंद्र पाल, ईश्वर सिंह सागर सहित कई गणमान्य नागरिक और धार्मिक गुरु मौजूद रहे। बैठक का संचालन अंतरराष्ट्रीय कवि शरीफ भारती ने किया।

# तबर्रुक बांटने को लेकर दो पक्षों में पथराव, कई घायल

संवाददाता, मैनाठेर

● जामा मस्जिद में हुआ विवाद पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर हमीर स्थित जामा मस्जिद में गुरुवार रात तबर्रुक बांटने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और मस्जिद परिसर में ईंट-पत्थर, लाठी-डंडे चलने लगे। पथराव में एक युवक घायल हो गया, जबकि मस्जिद में लगी टाइल्स भी टूट गईं। जानकारी के अनुसार डाक्टर जीसान पुत्र एहसान, बद्दन मुंबर, तब्बरू, शेरोज, इकराम, तोहिर और इरफान के बीच तबर्रुक बांटने को लेकर कहासुनी हो गई। उसी दौरान बसीम पुत्र हनीफ और जुनैद पुत्र चुट्टू अलविदा जुमे की नमाज अदा कर रहे थे। आरोप है कि प्रधान पक्ष के कुछ लोग वहां पहुंच गए और दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और मस्जिद परिसर में जमकर पथराव व लाठी-डंडे चले। इस दौरान नजारूल नाम का युवक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सीएचसी कुंदरकी भेजा गया। बताया जा रहा है कि वसीम और जुनैद अपने पैसों से तबर्रुक लाकर मस्जिद में बांट रहे थे, इसी बात को लेकर विवाद भड़क गया। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश भी चली आ रही है और करीब पांच साल पहले भी इसी तरह का विवाद हो चुका है। तनाव का माहौल बन गया है। मैनाठेर थाना प्रभारी किरनपाल सिंह ने बताया कि जांच में जुट गई है।

# अफसरों की अनदेखी किसानों पर भारी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नहर की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। जिससे पानी वहीं पर रुक जाता है। ऐसे में भायपुर गांव के कई किसानों की सैकड़ो बीघा फसल जलमग्न होकर बर्बाद हो गई है। इससे किसानों रोष है। किसानों के अनुसार उन्होंने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि नहर के रास्ते पर कब्जा कर पानी की निकासी पूरी तरह बंद कर दी गई है। कई बार इस समस्या को लेकर समाधान दिवस, आरसीएस पोर्टल और सीएम पोर्टल पर शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन समस्या का निदान नहीं हुआ। काशीपुर स्थित एसडीओ से शिकायत की गई तो उन्होंने भी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कह दिया कि नहर पर



भायपुर गांव में डूबी फसल को देखते किसान। ● अमृत विचार

● नहर के पानी की निकासी बंद होने से फसल जलमग्न

● शिकायत के बाद भी अफसरों ने नहीं दिया ध्यान

गांव के ही लोगों ने कब्जा कर रखा है, इसे वही हटाएंगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नहर के पट्टे की ओर जहां बस्ती है, वहां वर्तमान ग्राम प्रधान उस्मान अली द्वारा सड़क पर टाइल्स और खड़ंजा लगवा दिया है। इससे कब्जाधारियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं। गांव के धर्मपाल सिंह, विजयपाल सिंह, दिनेश कुमार चौहान, सुरेश सिंह, विजेंद्र सिंह, नेमीशरण सिंह, राजीव कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, प्रेमराज सिंह और नरेंद्र समेत कई किसानों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर नहर से अवैध कब्जा हटाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**दुष्कर्म का आरोपी भेजा जेल : बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में किशोरी बुआ के घर रह रही थी। आरोप लगाया कि संभल जिले के असमोली थाना के गांव रतनपुरा निवासी जुबेर रिश्तेदारी में उसी गांव आया था। शादी का झांसा देकर उसने युवती से कई बार दुष्कर्म किया और शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

### सूचना

मैंने अपना नाम AMAN से बदलकर AMAN KHAN रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। AMAN KHAN S/O NABI AHAMAD अजीतपुर रामपुर।

### सूचना

मैंने अपना नाम MOHAMMAD JABIR से बदलकर JABIR पुत्र साबिर निवासी गागन वाली मेनाठेर, नई बस्ती मुरादाबाद रख लिया है भविष्य में मुझे नए नाम से जाना जाए।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र हैदर रज़ा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इमाम रजा उर्फ बाबू पुत्र रहीस हुसैन निवासी ग्राम सुहावा थाना शाहबाद जिला रामपुर उ.प्र.

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# उत्साहित माहौल में अदा की अलविदा की नमाज

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्षेत्र में शुक्रवार को रमजान उल मुबारक के आखिरी जुम्मा अलविदा की नमाज जोशो खरोश के साथ अदा की गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिदों में जगह कम पड़ने के चलते मस्जिद की छतों व अपने घरों में भी नमाज अदा की।

जुमा अलविदा को लेकर नौजवानों से लेकर बुजुर्ग बच्चों तक में खासा उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार को नगर व देहात क्षेत्र की सभी मस्जिदों में जुम्मा अलविदा की नमाज अदा की गई। नमाजियों से मस्जिद की रौनक देखते ही बनती थी एक सैलाब सा नजर आ रहा था मस्जिदों में। रमजान का पाक महीना अब अपने आखिरी पड़ाव पर है। शुक्रवार को रमजान के आखिरी जुमे की नमाज पढ़ी गयी। इसके लिए रोजेदारों ने शुक्रवार की सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दी



नमाज के बाद मस्जिद में दुआ मांगते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

थीं। मस्जिदों को सजाया भी गया था। ऐसा माना जाता है कि रमजान के आखिरी जुमे की नमाज को अदा करने से दुआएं कबूल होती हैं। मस्जिद ए आला हजरत, लाईनपार मस्जिद, मस्जिद ए सिद्दीकी ए अकबर, किला मस्जिद, काजी वाली मस्जिद, मुगलो वाली मस्जिद, लाल मस्जिद, दादा मियां के मजार वाली मस्जिद, जामा मस्जिद, एक मीनार वाली मस्जिद, और कर्बला कालोनी मस्जिद और नई विकसित आबादी में मौजूद मस्जिदों में माहे रमजान के जुम्मा अलविदा की नमाज अदा की गई। इसके साथ ही देहात क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर चित्तू, महलोली, गजीपुर, बाखीपुर, पीतपुर, सौंदा, बाछल भूड़, जलालपुर खास, बगरउआ, चक फाजलपुर, सैफपुर चित्तू, रूपपुर, गदीपुरा, कमालपुर फतेहाबाद, भीकनपुर कुलवाड़ा, डोंमघर, इमरतपुर फखरुद्दीन, हरियाना, ढकिया जुम्मा, इमरतपुर सिरसी, आदि गांवों की मस्जिदों में भी जुम्मा अलविदा की नमाज अदा की गई। वहीं नगर पंचायत महमूदपुर माफी ग्राम पंचायत मैंनाठेर, पंडित नगला, असदपुर, डींगरपुर, ताहरपुर, मलकपुर, फतेहपुर, रसूलपुर हमीर, लालपुर, इमरतपुर ऊधौ, ललवारा, भीकनपुर आदि में भी नमाज अदा की गई और मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। इसके साथ ही कुंदरकी नगर व देहात में व मैंनाठेर में भी पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

**मूढ़ापांडे:** मूंढापांडे के गांव लालाटीकर, रौंडा, रसूलपुर नगली, दौलतपुर अजमतपुर, समेत अन्य गांव में जमातुल-विदा की नमाज़ शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। जमातुल-विदा की नमाज़ के लिए बच्चों में मस्जिदों में पहुंचने की होड मची रही और मासूम अपने घरों से निकलकर मस्जिदों कि ओर पहुंचे जहां पर शांतिपूर्वक नमाज अदा की। इमाम साहब ने रमजान की फाजिलियत बयान की। जिसके बाद इमाम साहब ने मुल्क की तरक्की एवं खुशहाली के लिए दुआ कराई।

# यूपीपीएससी क्रैक करने पर गरिमा सिंह सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● अधिवक्ता होली मिलन समारोह आयोजित

**अमृत विचार:** अधिवक्ता समाज के तत्वावधान में अधिवक्ता होली मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार की शाम अशोक सम्राट नगर स्थित होटल में किया गया। वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्ताओं ने सहभागिता करते हुए एक-दूसरे के साथ फूलों की होली खेल और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता, महासचिव कपिल गुप्ता, ओमवीर सिंह, रंजीत सिंह, नीरज सोलंकी एडवोकेट, अजय बंसल, अजय सोती, बंटी राणा, रमेश आर्य और महेंद्र सिंह उर्फ बब्बू सहित सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने अधिवक्ता समाज के बीच आपसी सौहार्द, सहयोग और संगठनात्मक एकता को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता रामौतार सिंह की पुत्री गरिमा सिंह को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर अधिवक्ता समाज द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

अधिवक्ताओं ने होली के पारंपरिक गीतों और आपसी मिलन के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया तथा एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज में सद्भाव, एकता और भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



| इफ्तार 14 मार्च | सहरी 15 मार्च |
|---|---|
| सुन्नी : 06.26 | सुन्नी : 04.53 |
| शिया : 06.34 | शिया : 04.54 |

## सिटी ब्रीफ

### पंचायत में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हजरतपुर में शुक्रवार को भाकियू टिकैत की पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। भाकियू नेता मंजीत सिंह अटवाल ने कहा कि आगामी सीजन में गेहूं और मक्का की खरीद सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित की जाए। वर्तमान में गेहूं का प्राइवेट रेट एमएसपी से काफी कम है। किसानों को डर है कि धान की तरह गेहूं को भी औने-पौने दामों में न लूट लिया जाए। इसलिए सरकारी क्रय केंद्र समय से स्थापित किए जाएं और एमएसपी पर किसानों की खरीद सुनिश्चित हो। कहा कि क्षेत्र में मटर और सरसों के बाद हजारों हेक्टेयर में मक्का की फसल लगाई गई। खासकर तहसील क्षेत्र में मक्का का रकबा बहुत अधिक रहा। लेकिन, इसके बावजूद मक्का की फसल की खरीद एमएसपी पर नहीं की गई। पंचायत में गुरप्रीत सिंह अटवाल, हरभजन सिंह, इकबाल सिंह, रणदीप सिंह, सन्दीप सिंह, ऊधम सिंह, सरदूल सिंह, गुरप्रीत सिंह और राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दुकानों की नीलामी ईद के बाद कराने की मांग

**मिलक, अमृत विचार :** शुक्रवार को नगर के सभासदों ने अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद को ज्ञापन सौंपकर साप्ताहिक बाजार की दुकानों की नीलामी ईद के बाद कराने की मांग की। सभासदों का कहना है कि साप्ताहिक बाजार की दुकानों की नीलामी के लिए 17 मार्च 2026 की तिथि निर्धारित की गई है। लेकिन ईद के त्योहार के चलते अधिकांश लोग त्योहार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। ऐसे में लोग नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इस दौरान सभासद आसिफ, वीरपाल कोली, नाजिम खां, रेशमा बी, शहनाज, मुन्नी, सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

### फेसबुक पर दी जानलेवा हमले की धमकी

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक के मोहल्ला असदुल्लापुर निवासी आदेश शंखधार ने थाने में तहरीर देकर फेसबुक पर जानलेवा हमले की धमकी मिलने की शिकायत दर्ज कराई है। बताया कि उन्हें थाना मिलक के लखीमपुर विशनू निवासी सूरज पटेल ने धमकी दी है। उसके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर सिविल जज संदीप सिंह ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

मुख्य रूप से आपराधिक शमनीय वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से संबंधित विवादों सहित), पारिवारिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सेवा में वेतन संबंधी विवाद तथा सेवानिवृत्ति लाभों से जुड़े प्रकरण शामिल हैं। सचिव ने बताया कि ऐसे विवाद जो अभी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुए हैं, उन्हें भी वाद-पूर्व सुनवाई स्तर पर लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से निपटाया जा सकता है, जिससे समय, धन और श्रम की बचत होती है।

### बिलासपुर की बाजार वाली मस्जिद में कुरान मुकम्मल होने पर आयोजित कार्यक्रम में बोले शहर इमाम

# कुरान के पैगाम को समझकर अमल करने का महीना है रमजान

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** पुरानी तहसील रोड स्थित बाजार वाली मस्जिद में तरावीह की नमाज के दौरान कुराने करीम मुकम्मल हो गया। तरावीह के दौरान मौलाना अरशद ने कलाम-ए-पाक की तिलावत की, जबकि हाफिज ताहिर ने सामां के फराइज को अंजाम दिया। इस मौके पर हुई रूहानी मजलिस में शहर इमाम मौलाना नासिर खां ने कहा कि रमजान का महीना कुरान के पैगाम को समझने और उस पर अमल करने का महीना है।

तरावीह के दौरान कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर मस्जिद को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया था। तकरीर में शहर इमाम ने कहा कि हर मोमिन के लिए जरूरी है कि वह आपसी भाईचारे और इंसानियत के रास्ते पर चले। मजलिस के समापन पर शहर इमाम ने देश की तरक्की, खुशहाली, आपसी सद्भाव और लोगों की बेहतर सेहत के लिए दुआ कार्रवाई।

उन्होंने ईद-उल-फितर के त्योहार को शांतिपूर्ण, सादगी और मोहब्बत के साथ मनाने की पुरजोर अपील की।

मस्जिद कमेटी के बेहतर प्रबंधन की सराहना करते हुए शहर इमाम ने संरक्षक शुजात खां और प्रबंधक फहीम खां को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन मोहम्मद हसन खां, मुफ्ती तारिक, अथर अली खां, गुलाम मुहम्मद खां, शाहाब अली खां, शाकिर अली खां सज्जू, निशात अख्तर खां, जाहिद अली खां समेत आदि मौजूद रहे।



तरावीह के दौरान कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर उलमा की गुलपोशी की गई।

### मस्जिद हैदर अली खां में तरावीह के दौरान कुरआन मजीद मुकम्मल



**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला घेर सैफुद्दीन खां स्थित मस्जिद हैदर अली खां में तरावीह के दौरान कुरआन मुकम्मल हो गया। हाफिज मोहम्मद अब्दुल्ला ने कुरआन मजीद पढ़ा और हाफिज मोहम्मद सालार ने सुना। तकरीर में हाफिज मोहम्मद अब्दुल्ला ने कहा कि माहे रमजान का यह आखिरी अशरा है लोग इबादत के ऐतकाफ में बैठकर इबादत कर रहे हैं। रमजान में अल्लाह की रहमत बरसती है। मस्जिद को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। मस्जिद के इमाम मोहम्मद इस्लामुद्दीन ने कहा कि रमजान में मस्जिदों में नमाजियों की तादाद बढ़ जाती है। मेरे परवरदिगार इन सभी को सच्चा पक्का और पांच वक्त का नमाजी बना दे। रमजान उल मुबारक का आखरी अशरा चल रहा है अल्लाह से दुआ करें कसरत से की वह आपकी और हम सबकी मगफिरत फरमाए और जहन्नुम की आग से निजात अता फरमाये। इमरान अली, आसिम खां, मोहिउद्दीन सैफी, मच्छन खां, आजम खां, सोनू खां, रेहान, जमीर खां, अतहर खां, कामिल खां, मुराद मियां, नदीम मियां समेत काफी तादाद में नमाजी मौजूद रहे।

# रमजान के आखिरी अशरे में शबे कद्र की करो तलाश

### शहर की जामा मस्जिद में काजी-ए-शहर ने पढ़ाई अलविदा जुमें की नमाज, जिले भर की मस्जिदों में दुआ के लिए उठे हाथ


कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अलविदा जुमा को मुल्क की तरक्की और अमन के लिए लाखों हाथ बारगाहे खुदावंदी में उठे। तमाम मस्जिदों में जुमातुल विदा की नमाज अदा की गई। शहर की जामा मस्जिद में काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने तकरीर में कहा कि इस आखिरी अशरे में शबे कद्र को ताक रातों में तलाश करो। इन ताक रातों में कोई एक रात शबे कद्र हो सकती है। कहा कि शबे कद्र की रात बड़ी फजीलत वाली है।

शहर की जामा मस्जिद में डेढ़ बजे अलविदा जुमा की नमाज काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने अदा कराई। इससे पहले काजी ए शहर ने कहा कि कुरआन में अल्लाह फरमाता है कि शबे कद्र में पूरा कुरआन मजीद उतारा गया। वैसे 23 साल की मुद्दत में हसबे जरूरत कुरआन उतारा गया। इस रात को शबे कद्र इस लिए कहते हैं कि जब बंदों के आमाल अल्लाह के हुजूर में पेश किए जाते हैं तो कद्र से देखे जाते हैं। इसलिए इसको शबे कद्र कहा जाता है। कहा कि पिछली उम्मतों की उम्र बहुत ज्यादा होती थी लेकिन इस उम्मत की उम्र 60 से 65 साल रखी गई है। अल्लाह ने रसूल से कहा कि कह दो कि तुम अपनी कम उम्र पर फिक्र मत करो। ऐसी रात अता कर दी है जिसमें एक रात की इबादत एक हजार महीनों से ज्यादा होती है। कहा कि अल्लाह हमारी इबादतों को कुबूल फरमाए। जामा मस्जिद के अलावा शहर की मोती मस्जिद, कोयले वाली मस्जिद, पटरों वाली मस्जिद, लाल मस्जिद, राजद्वारा मस्जिद, मस्जिद नवाब गेट, एक मीनार वाली मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद, मीना बाजार, रेलवे स्टेशन, ज्वालानगर, अजीतपुर आदि मस्जिदें अलविदा जुमे को नमाजियों से भर गईं। नमाज के बाद मुल्को कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई।



नमाज के बाद दुआ मांगते नमाजी। ● अमृत विचार



जामा मस्जिद में नमाज से पहले खुतबा देते शहर काजी सैयद खुशनूद मियां।

### नमाज के बाद मुल्क- कौम की तरक्की की दुआ



**दढ़ियाल, अमृत विचार :** अलविदा जुमे को नगर सहित गांवों की मस्जिदें नमाजियों से भर गईं। हजारों लोगों ने मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ की। नूरी मस्जिद के इमाम मुफ्ती अख्तर रजा ने खुतबे से पूर्व बयान करते हुए कहा कि रमजान के महीने में अल्लाह की राह में एक रुपया खर्च करने पर सात सौ गुना सवाब मिलता है। बच्चों ने भी रोजे रखे। उन्होंने माता-पिता की अच्छी सेहत के लिए दुआ की। गांव रामपुर धम्मन, अकबराबाद, सूरजपुर, जमालगंज, चौखंडी, लोदीपुर नायक, कुंडेसरा, भाउपुरा, मुबाना, चक, जटपुरा, पीपली नायक, मिलक, सिटला, घोसीपुरा, कैथोला, महुआखेड़ा सहित दर्जनों गांवों में नमाज अदा की गई।

### ईद की नमाज से पहले फितरा मुस्तहिक तक जरूर पहुंचाएं : नकवी

शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया में शिया जामा मस्जिद में जुमातुल विदा की नमाज अदा की गई। मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने नमाज से पहले हुए खुतबे में गरीबों मिस्कीनों की ज्यादा से ज्यादा मदद करने को कहा। कहा कि ईद की नमाज से पहले फितरा गरीब मुस्तहिक तक जरूर पहुंचा दें ताकि, वह भी अपने बच्चों के साथ ईद की खुशियों में शरीक हो सके। कहा कि अपने माल की जकात अदा करें अल्लाह माल में बरकत पैदा करेगा।

### दीन से दूरी बनाने पर मुसलमान हो रहा परेशान



**बिलासपुर, अमृत विचार :** जुमा अलविदा की नमाज मस्जिदों में अदा की गई। जामा मस्जिद के इमाम कारी अफरोज आलम ने कहा कि मुसलमान अपने दीन और इस्लाम से दूर होता जा रहा है इसलिए परेशानियां दूर होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। मोहल्ला कायस्थान स्थित जामा मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज से पहले तकरीर में कहा कि यह पाक महीना सबसे अफजल है। अगर इंसान सच्चे मन से इबादत करने के बाद अपने गुनाहों से तौबा करे तो अल्लाह उसकी तौबा कुबूल फरमाता है। कहा कि बच्चों को दुनियावी तालिम के साथ-साथ दीनी तालीम भी जरूर दिलाएं। हाजी जी वाली मस्जिद, इमाम साहब वाली मस्जिद, सय्यदों वाली मस्जिद, अमलताश वाली मस्जिद, बाजार वाली मस्जिद, खजूरों वाली मस्जिद आदि मस्जिदों में समयनुसार शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी योगेश कुमार, ईसानगर चौकी प्रभारी ललित कुमार, उपनिरीक्षक केशू शर्मा तैनात रहक।

### अलविदा जुमे को नमाजियों से खचाखच हुईं मस्जिदें



**स्वार, अमृत विचार :** पवित्र रमजान के अलविदा जुमे पर नमाजियों से मस्जिदें खचाखच रहीं। स्वार बाजपुर मार्ग स्थित अड्डे वाली मस्जिद मे इमाम मौलाना जिशान रजा, जामा मस्जिद मे इमाम मोहम्मद अहमद खतीबी, डेरे वाली मस्जिद में इमाम कारी शब्बन खां, मस्जिद फैजाने मौला अली मे इमाम इमरान रजा अत्तारी ने अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुल्क ओर कौम की तरक्की को दुआ कराई गई। वही नगर पंचायत नरपत नगर समेत क्षेत्र के गांव मीरापुर, रायपुर, रजानगर, जालफनगला आदि मस्जिदों मे अलविदा जुमे की नमाज हुई। अलविदा जुमे की नमाज शांति पूर्ण ढंग से निपटने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अतुल कुमार पांडे, कोतवाल संजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर जयपाल सिंह समेत पुलिस बल के साथ लगातार मोबाइल गशत करते रहे।

# 11 केंद्रों पर दरोगा भर्ती परीक्षा आज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नकलविहीन और मुन्ना भाइयों से बचने के लिए पुख्ता बंदोबस्त
- प्रवेश द्वार पर होगी आइरिस और लिया जाएगा अभ्यर्थी का फोटो

**अमृत विचार :** पुलिस उपनिरीक्षक की लिखित परीक्षा शनिवार को जिले के 11 केंद्रों पर होगी। नकलविहीन और मुन्ना भाइयों से बचने के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वारा अभ्यर्थियों की आइरिस और फोटोग्राफ लिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेगा। पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा कंट्रोल रूम एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा कंट्रोल रूम में की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए ड्यूटी पर नियुक्त अधिकारी और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा से संबंधित प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखी जाए। परीक्षा केन्द्रों के आसपास सतर्क निगरानी, संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिये गये। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा कानून-व्यवस्था से सम्बन्धित स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



परीक्षा कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र। ● अमृत विचार

# ड्यूटी से नदारद 6 अफसरों कर्मचारियों से मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने सभी तहसीलों के मुख्य चौराहों पर नौ चेक प्वाइंट स्थापित किए हैं। जहां पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम को रात 8 से रात्रि 2 बजे एवं रात्रि 2 से प्रातः 8 बजे तक दो पालियों में अवैध खनन, परिवहन एवं ओवरलोडिंग को लेकर चेकिंग के निर्दश हैं। गुरुवार रात चेक प्वाइंट से 6 अधिकारी नदारद मिले। डीएम ने स्पष्टीकरण लेने और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

डीएम ने गुरुवार रात चेक प्वांइटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 6 अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी स्थल पर अनुपस्थित मिले। जिसमें मसवासी चौराहा तहसील स्वार पर तैनात कुन्दन सिंह भंडारी उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, स्वार व डयूटी स्थल खौद चौराहा तहसील सदर पर तैनात जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, दढ़ियाल तिराहा तहसील टाण्डा पर तैनात नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित, अजीतपुर ओवरब्रिज के पास फिलिंग स्टेशन के सामने सदर पर तैनात क्षेत्रीय वन अधिकारी अखिलेश चन्डोला लेखपाल तहसील सदर विजेन्द्र कुमार, रठौंडा चौराहा तहसील मिलक पर तैनात लेखपाल इमरान खान के विरुद्ध अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रभावित करने एवं लापरवाही बरतने पर अनुपस्थित 6 अधिकारियों और कर्मचारियों का स्पष्टीकरण लेते हुए 1 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं।

# कड़ी सुरक्षा में अदा की जुमे की नमाज



शहर की जामा मस्जिद के निकट नमाज के दौरान तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास कड़ी सुरक्षा रही। शहर के मुख्य मार्गों पर बेरिकेडिंग लगाई गई। थाना प्रभारियों के साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया। शहर की जामा मस्जिद के आसपास महिला पुलिस बल को भी तैनात किया गया।

नवाब गेट से निकलकर एसबीआई तिराहे पर बेरियर लगाकर ट्रैफिक को जिला अस्पताल की ओर डायवर्ट कर दिया गया। मिस्टन गंज चौराहे पर बेरियर लगाकर चूने वाले फाटक की ओर जाने वाले ट्रैफिक को रोक दिया गया था। किला पश्चिमी गेट पर बेरिकेडिंग लगाकर ट्रैफिक को मछली बाजार की ओर से पास कराया गया। जच्चा-बच्चा तिराहे पर बेरियर लगाकर जामा मस्जिद की ओर जाने वाले ट्रैफिक को रोक दिया गया। बर्तन बाजार वाले रास्ते पर, पान दरीबा, जामा मस्जिद तिराहा, शाहगाद गेट, बंगला आजाद खां और बाजार नसरुल्लाह खां में बेरियर लगाकर बाजार में जाने वाले ई रिक्शा और चौपहिया वाहनों को रोक दिया गया। शहर की जामा मस्जिद समेत बेरिकेडिंग पर पुलिस बल तैनात रहा।

### इफ्तारी और सहरी के लिए लोगों ने खूब खरीदा सामान

**रामपुर, अमृत विचार :** अलविदा जुमे की नमाज के बाद बाजारों में खूब खरीदारी हुई। लोगों ने बाजारों में नमाज के बाद इफ्तारी और सहरी के लिए खूब खरीदारी की। अलविदा जुमे की नमाज में बड़ी संख्या में आसपास के गांवों से लोग जामा मस्जिद पहुंचते हैं और नमाज के बाद सहरी के लिए खजला फैनी और इफ्तार के लिए फल, खजूर और तरबूज की खरीदारी करते हैं। जुमे की नमाज के बाद बाजार सफदर गंज में खजूरों का ठेला खाली हो गया इसके अलावा फलों की भी खूब बिक्री हुई। नमाज के बाद बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी जिसके कारण जामा मस्जिद के सामने, शादाब मार्केट, बाजार सफदर गंज और तहसील पर जाम लग गया। लोगों ने इफ्तारी के लिए फलों और खजूरों की खूब खरीदारी की। कुछ ठेलों पर खजूरे और फल खत्म हो गए, फल विक्रेता राम कुमार ने बताया कि इस वर्ष अच्छा कारोबार हो रहा है। अलविदा जुमे को फलों और खजूरों के कई ठेले खाली हो गए लोगों ने खूब खरीदारी की है। खजूर बेच रहे माजिद ने बताया कि नमाज के बाद से खजूर की खूब बिक्री हुई है। थोड़ा सा खजूर ठेले पर बचा है शाम तक सब बिक जाएगा। गर्मी बढ़ने पर लोगों ने तरबूजों की भी खूब खरीदारी की।

### मुल्क ओर कौम की तरक्की के लिए दुआ

**मसवासी, अमृत विचार :** रमजान माह के अलविदा जुमे को लेकर मुस्लिम समुदाय सुबह से ही तैयारियों में लग गया। स्वार बाजपुर मार्ग स्थित बिजार खाता में अड्डे वाली मस्जिद मे इमाम कारी आसिफ, जामा मस्जिद मसवासी की चांद मस्जिद में इमाम कारी खुर्शीद आलम, मस्जिद भूबरा मस्जिद चाउपुरा रमजान के अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई। नगर पंचायत नरपत नगर समेत क्षेत्र के गांव घोसीपुरा पट्टी कला सेमरा लाडपुर मानपुर उत्तरी शिकारपुर महाराजपुर बब्बरपुरी धर्मपुर उत्तरी आदि मस्जिदों मे मुस्लिम समाज ने भारी संख्या में अलविदा जुमे की नमाज अदा की। अलविदा जुमे की नमाज शांति पूर्ण ढंग से निपटने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस दौरान सीओ अतुल कुमार पांडे, चौकी अजय कुमार शुक्ला इंचार्ज समेत पुलिस बल के साथ गश्त करते रहे।

# कब्जा हटाने गए लेखपाल से महिला की नोकझोंक, रिपोर्ट

संवाददाता, शाहबाद

- जेसीबी के आगे खड़ी होकर कार्रवाई रुकवाने का आरोप
- सरकारी कार्य में बाधा व अभिलेख फाड़ने की धाराओं में दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव बिचपुरी शुक्ल रकबा में स्थित तहसील के सामने तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटाने पहुंची राजस्व टीम के साथ एक महिला द्वारा अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। मामले में लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

लेखपाल राजकुमार शर्मा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गांव बिपुरी शुक्ल में तालाब की गाटा संख्या 53 की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिली थी। पूर्व में भी राजस्व टीम द्वारा इस भूमि से कुछ कब्जा हटाया जा चुका था। इसके बावजूद संजू यादव पत्नी राम सिंह ने तालाब की भूमि के करीब 11×222 वर्गमीटर हिस्से पर कब्जा कर तीन मंजिला मकान बना लिया।

बताया कि न्यायालय तहसीलदार के आदेश के बाद 12 मार्च 2026 को राजस्व टीम पुलिस बल और महिला कांस्टेबल के साथ कब्जा हटाने पहुंची थी। आरोप है कि इसी दौरान संजू यादव जेसीबी के आगे खड़ी हो गई और गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्रवाई रुकवाने का प्रयास किया। महिला ने झूठे मुकदमे में फंसाने और नौकरी से हटवाने की धमकी भी दी। लेखपाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार्रवाई के दौरान हुआ विवाद

राजस्व विभाग की टीम जब तालाब की भूमि से कब्जा हटाने के लिए मौके पर पहुंची, तभी आरोपी महिला ने विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि महिला जेसीबी के सामने खड़ी हो गई और कार्रवाई रुकवाने की कोशिश की, जिससे कुछ देर के लिए काम भी प्रभावित हुआ।

### पहले भी हटाया जा चुका है कब्जा

राजस्व टीम के अनुसार गाटा संख्या 53 तालाब की भूमि है। पूर्व में भी यहां किए गए अस्थायी कब्जों को हटाया गया था, लेकिन बाद में दोबारा कब्जा कर निर्माण कर लिया गया।

## एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद महिला प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों का टर्नआउट आदि चेक किया।

इसके बाद रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम, कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी आदि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को जांच कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस मुठभेड़ में एक गोकश घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना भोट पुलिस ग्राम बांसनगली से कोयला इन्द्री रोड पर आने वाली चकरोड पर एक बाइक पर 2 व्यक्ति आते दिखायी दिये। रूकने का इशारा किया तो बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्यवाही में मुस्तकीम पुत्र अफसर कुरैशी निवासी ग्राम नगलिया आकिल थाना अजीमगर के बांये पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को हिरासत में ले लिया। दूसरा मोबीन पुत्र नब्बू निवासी खण्डिया थाना अजीमनगर भाग गया। घायल को इलाज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### दुर्घटना में बाइक चालक की मौत में केस

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव मुंडिया पिस्तौर थाना बाजपुर उत्तराखंड निवासी गीता देवी द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा गया है कि 22 फरवरी को उसके पति महेन्द्र कुमार बाइक से गांव उदयपुर पट्टी केमरी जा रहे थे। इस दौरान रात करीब 7 :30 बजे गांव महतोष-नवाबगंज मार्ग पर पीछे से आ रही ईको कार के चालक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे डंपर से जा टकरा गई। जिससे महेन्द्र की मौत हो गई। पीड़िता ने कहा कि पुलिस ने दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज तक नहीं की। बाद में एसपी को शिकायती पत्र दिया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ई-रिक्शा चालक के घायल होने पर रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नानकमत्ता उत्तराखंड निवासी विजय पाल सिंह द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि उनके जीजा सुनील कुमार ई-रिक्शा चलाते हैं। वह अपने रिश्तेदार को बिलासपुर छोड़कर वापस रुद्रपुर लौट रहे थे। तभी ईसानगर चौकी के पास पीछे से आ रही एक टनकपुर डिपो की रोडवेज बस ने ई-रिक्शा को चपेट में ले लिया। हादसे में सुनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही गंभीर हालत में दिल्ली के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

# गैस की कमी नहीं, किसी को नहीं होगी दिक्कत

## गैस एजेंसी स्वामियों, पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में बोले शहर विधायक आकाश सक्सेना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि रामपुर में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। यहां किसी भी उपभोक्ता को गैस की आपूर्ति में दिक्कत नहीं होगी। ऐसे में उपभोक्ता गैस की सप्लाई को लेकर परेशान न हों। ईद पर भी गैस की भरपूर सप्लाई होगी।

सेवक कार्यालय पर शुक्रवार को गैस एजेंसी स्वामियों और पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों से कंपनी के माध्यम से गैस की आवक और ग्राहकों तक आपूर्ति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। एजेंसी संचालकों ने बताया कि गैस सप्लाई में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं है। भरपूर आपूर्ति प्राप्त हो रही है। लेकिन, दिक्कत सिर्फ उन लोगों को हो रही है, जिनके कनेक्शन नहीं हैं या फिर उनकी केवाईसी नहीं है।


गैस एजेंसी संचालकों एवं अधिकारियों की बैठक में बोलते शहर विधायक आकाश सक्सेना।

- **विधायक बोले, अफवाह फैलाने वालों से रहें सावधान**

विधायक ने एजेंसी संचालकों से कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी परिवार को परेशानी न हो। साथ ही पूर्ति विभाग के अधिकारियों को भी सप्लाई व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए गए। विधायक ने कहा कि आगामी ईद को देखते हुए गैस की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। अपील की कि गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें। विधायक ने उपभोक्ताओं से कहा कि वे घबराएं नहीं और सामान्य तरीके से ही गैस बुकिंग कराएं। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी पूरन, अमित दिवाकर, शादाब खां, सुबोध अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### गैस की कमी को लेकर उपभोक्ता हुए परेशान

**मसवासी, अमृत विचार :** गैस बुकिंग को लेकर नगर समेत आसपास के गांव में हाहाकार का माहौल बना हुआ है। प्रशासन गैस की कमी दूर करने में नाकाम साबित हो रहा है। क्षेत्र की एक गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने गैस बुकिंग करने को लेकर हंगामा किया। प्रशासन में मौके पर पहुंचकर किसी तरह उपभोक्ताओं को समझा बुझाकर शांत किया। शिकारपुर बॉर्डर स्थित एक गैस एजेंसी पर शुक्रवार की सुबह गैस बुकिंग करने को लेकर उपभोक्ताओं का काफी देर तक हंगामा चलता रहा। आरोप है कि मैनेजर ने कुछ उपभोक्ताओं की बुकिंग करने से साफ इनकार कर दिया और उनकी गैस किताबें इधर-उधर फेंक दीं। जिससे उपभोक्ता आवेशित हो गए और उन्होंने मैनेजर के खिलाफ हंगामा करना शुरू कर दिया। मामले की सूचना पाकर पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और किसी तरह मामले को शांत किया। हंगामे की शिकायत को लेकर एक उपभोक्ता पुलिस चौकी पहुंच गया और उसने एजेंसी कर्मचारियों पर गैस की पासबुक फेंकने का आरोप लगाया और अभद्रता की शिकायत की। एसडीएम अमन देओल ने सूचना पाकर स्थिति को नियंत्रित किया और उपभोक्ताओं को समझा बुझाकर मामले को शांत किया। उधर स्वार एजेंसी पर भी उपभोक्ताओं का काफी जमावड़ा रहा और एजेंसी कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को समझा बुझाकर शांत किया।



# डीएम ने दुर्घटना पीड़ितों को रेड क्रास से दिलाई सहायता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **जनता दर्शन में पहुंचे पीड़ितों को सौंपे 50-50 हजार के चेक**

**अमृत विचार:** डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने जनता दर्शन में फरियादियों की पीड़ा को संवेदनशीलता के साथ सुना और दो दुर्घटना पीड़ितों के परिजनों को रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी मुहैया कराई।

10 मार्च 2026 को हुए जनता दर्शन में तहसील मिलक के ग्राम रहसैना निवासी रेखा गुहार लेकर पहुंची थीं। उन्होंने डीएम को बताया था कि उनके पति सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं। निजी अस्पताल में चल रहे महंगे इलाज के कारण उनके परिवार की आर्थिक कमर टूट चुकी है और इलाज जारी रखना असंभव हो रहा है। इसी दिन तहसील बिलासपुर के ग्राम मुन्डिया मनकरा निवासी विपिन भी जनता दर्शन में पहुंचे थे। विपिन ने अपने भाई अशोक के दुर्घटना में घायल होने और इलाज के लिए पैसों की कमी रखी थी। डीएम ने रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से दोनों परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। कागजी प्रक्रिया पूरी होते ही डीएम ने तहसील मिलक की रेखा और विपिन को 25,000 रुपये का चेक प्रदान किया।



मिलक निवासी रेखा को चेक देते डीएम।

# पीएम श्री विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

ढकिया, संवाददाता

**अमृत विचार :** ढकिया स्थित पीएम श्री विद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्र ज्ञानदीप ने अंग्रेजी कविता सुनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से की। इसके बाद छात्र आकाश ने वायु से संबंधित एक रोचक प्रयोग प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के क्रम में छात्रा दिव्या ने रंगीला गोल की प्रस्तुति दी। जलवा-जलवा गीत पर आरोही, डौली, गौरी और राधिका ने मनमोहक नृत्य किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक लीलांबर सिंह ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर दीपाली आनंद, अश्वनी कुमार, मुनीश चंद्र, हिमांशु चौहान, शिशुपाल सिंह, महिमा, ऊषा, सुलेखा, सुरेश, चंद्रवती आदि लोग मौजूद रहे।

- **छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा**


नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा।

# संदिग्ध हालात में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **जेसीबी संचालक था देवेंद्र, पुलिस को मिला सुसाइड नोट**

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में जेसीबी संचालक ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। सुबह पड़ोसियों ने जब खिड़की से देखा तो फंदे से शव लटक रहा था। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा और परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद रोते-बिलखते परिजन आ गए। पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें स्वेच्छा से जान देने की बात लिखी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं देर रात भाई मोहनलाल की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी दुर्गेश, सास, साला व राशिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।


मृतक देवेंद्र।

थाना शहजादनगर क्षेत्र के ग्राम चमरपुरा निवासी देवेंद्र (30) जेसीबी संचालक था। बाबा दीप सिंह नगर में उसने आफिस बना रखा था और यही रहता था। गुरुवार की देर रात वह घर आया था और किसी समय फांसी पर लटक गया। सुबह होने पर कुछ लोग उससे मिलने आए। काफी आवाज देने के बाद भी जब वह बाहर नहीं आया तो उन्होंने खिड़की से देखा। फंदे पर शव लटकता देख सभी के होश उड़ गए। सूचना पर सिविल लाइंस पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा और परिजनों को सूचना दी। रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर आ गए। पुलिस ने शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। सिविल लाइंस कोतवाल ने बताया कि मौके से सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें स्वेच्छा से जान देने की बात लिखी है। हालांकि पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।


जिला अस्पताल में गमगीन खड़े परिजन। ● अमृत विचार

> थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में युवक ने पारिवारिक क्लेश के चलते फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। प्राथमिक जांच में पारिवारिक कलह का मामला सामने आया है। – **अनुराग सिंह**, अपर पुलिस अधीक्षक

# कथा श्रवण से पूरी होती हैं इच्छाएं


कथा सुनाते आचार्य गोविंदाचार्य महाराज।


कथा सुनते भक्त। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **कूचा देवी दास में हो रही श्रीमद्भागवत कथा**

**अमृत विचार :** हरे राम हरे कृष्ण निष्काम अखंड संकीर्तन परिवार ठाकुरद्वारा मुनिश्वर दत्त जी का मंदिर, कूचा देवी दास के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य गोविंदाचार्य महाराज ने कहा कि जिस प्रकार फलों का राजा आम होता है और यदि उस आम में तोते की चोंच लग जाए तो वह अत्यंत मीठा हो जाता है। उसी प्रकार भागवत कथा भी दिव्य और मधुर है। इसके श्रवण मात्र से ही मानव की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं और जीव संसार के माया-मोह से मुक्त हो जाता है।

मंदिर में आयोजित कथा में महाराज जी ने संतों की महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि स्वप्न में भी संतों का अपमान नहीं करना चाहिए। संत और सद्‌गुरु ही वह माध्यम हैं जिनके द्वारा जीव को परमात्मा के दर्शन प्राप्त होते हैं। उन्होंने आत्मदेव नामक ब्राह्मण की कथा का प्रसंग सुनाया। कहा कि किस प्रकार संत सेवा के फलस्वरुप उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई और गोकर्ण जी ने भागवत कथा सुनाकर अपने पूरे परिवार को पापों से मुक्त कराकर मोक्ष प्रदान किया। कथा के आरंभ पर मुख्य यजमान श्याम अग्रवाल, अंश अग्रवाल, राकेश रस्तोगी एवं उनकी पत्नी नीलम रस्तोगी द्वारा व्यास पीठ का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल, सौरभ शर्मा, चुन्ना भाई, अंकित अग्रवाल, नरेश चंद्र शर्मा, प्रताप अग्रवाल, नरेश गुप्ता, प्रेम कुमार, अतुल, प्रतीक, किशोरी शर्मा, बीना अग्रवाल, सुमन परिहार, काजल, गिरिराज शरण, दीपाली, रिशांक, प्रेम आदि उपस्थित रहे।

# पोस्टकार्ड और ई-मेल से विरोध दर्ज करा रहे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर बेसिक शिक्षकों ने टीईटी थोपे जाने के विरोध में शुक्रवार को पोस्टकार्ड अभियान चलाया। शिक्षकों ने मांगों से संबंधित पोस्टकार्ड लिखकर डाकघर के लेटर बॉक्स में डाले।

1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी कार्यरत शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करने का आदेश दिया गया है। शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश केंद्र सरकार द्वारा अक्टूबर 2017 में बनाए गए एक ऐसे नियम के आधार पर दिया गया है, जिसे उस समय सार्वजनिक नहीं किया गया था। बैक डेट से नियम लागू करना शिक्षकों के साथ अन्याय है। आंदोलन के प्रथम चरण में 15 मार्च तक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश व मुख्यमंत्री को शिक्षकों की ओर से ई-मेल और पोस्टकार्ड के माध्यम से पत्र भेजे जा रहे हैं। शुक्रवार को बड़ी संख्या में शिक्षकों ने पोस्टकार्ड लिखकर उन्हें डाकघर के लेटर बॉक्स में डाला। महासंघ के सह संयोजक कैलाश बाबू पटेल ने सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे 15 मार्च तक पोस्टकार्ड और ई-मेल भेजकर आंदोलन को सफल बनाएं।



पोस्टकार्ड दिखाते शिक्षक। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### अतुल बने ब्लॉक महामंत्री

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई की बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र शाहाबाद पर हुई। बैठक का शुभारंभ जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार एवं महामंत्री विपेंद्र कुमार ने सरस्वती एवं भारतमाता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया। महामंत्री विपेंद्र कुमार ने अतुल कुमार को ब्लॉक महामंत्री पद पर मनोनीत किया। इस दौरान शिक्षकों उन्हें माल्यार्पण एवं मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर अतुल कुमार ने कहा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ को ब्लॉक में मजबूती प्रदान करेंगे और शिक्षक हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे। इस मौके पर विनीत कुमार, संजीव कुमार चंदेल, सैयद आफाक हुसैन, ताराचंद, प्रदीप भटनागर, डॉ. वसीम अहमद ,अजीम खान, आलोक मिश्रा, रंजीत सिंह, सौरभ पांडे , कौशल सिंह राहुल बंसल, यशवीर सिंह, नितेश, पुनीत कुमार, अजय, अरविंद सिंह, मोहम्मद नदीम, अनुज कुमार, सुभाष, रिंकू रानी, श्वेता दुहन, मोइन मियां आदि उपस्थित रहे।




### स्वतंत्रता सेनानी को किया नमन

**रामपुर, अमृत विचार :** आवास विकास स्थित अपना दल एस के कैंप कार्यालय पर शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी पूर्व सांसद बाबू शिवदयाल चौरसिया का जन्म दिन मनाया गया। जिलाध्यक्ष घनवीर सिंह संधु ने स्वतंत्रता सेनानी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। बैठक में स्वार विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कहा जब शिवदयाल सिंह चौरसिया सांसद बने तब अपने सांसद काल में सन 1975 में भारतीय संविधान में संशोधन कराया। लोक अदालत का भी इन्हीं के प्रयासों से गठन हुआ। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछड़े,दलित, शोषित वंचित समाज के हितों की लड़ाई लड़ने वाले बाबू शिवदयाल चौरसिया ने देश की आजादी के पूर्व गरीब शोषित वंचित समाज के हको के लिए साईमन कमीशन व अन्य अंग्रेज अधिकारियों के सामने आवाज उठाई। इस मौके पर जिला महासचिव याकूब अली एडवोकेट, चौधरी वीरेंद्र सिंह, जगदीश राणा एडवोकेट, अजय लोधी, सुरजीत सिंह, गोविंद आदि उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों को बांटी सिलाई मशीन और साइकिल

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को महिलाओं को रोजगार के लिए सिलाई मशीन दी गई। इसके अलावा साइकिल वितरण भी की गई। कुछ जरूरतमंद महिलाओं को राशन उपलब्ध कराया गया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा समिति द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद की जाती है आज महिलाओं को सिलाई मशीन और रोजगार के लिए साइकिल वितरित की गई है। समिति का मकसद ही जरूरतमंदों की सेवा है। इस मौके पर सुखबीर सिंह, मनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, करमजीत सिंह, सनी कपूर, मनिंदर सिंह, अंजू अरोड़ा, नेहा रस्तोगी, रितु अग्रवाल, ममता अरोड़ा आदि मौजूद रहे।






### नोएडा में मनाई जाएगी कांशीराम जयंती

**रामपुर, अमृत विचार :** बसपा की समीक्षा बैठक शुक्रवार को लक्ष्मीनगर स्थित दिनेश गौतम एडवोकेट पर हुई। मुख्य अतिथि ने बहुजन समाज पार्टी की सभी विधानसभा की समीक्षा की साथ ही देवेंद्र भारती से कहा कि पार्टी संगठन की जमीनी तैयारियों एवं कांशीराम जयंती को भव्य रूप से नोएडा में मनाएंगे। बैठक में मुरादाबाद मंडल प्रभारी देवेंद्र भारती, हरद्वारीलाल सागर, शांति प्रसाद सागर, ज्ञान प्रकाश बौद्ध, हबीबुल रहमान, नवनीत यदुवंशी, दर्पण गौतम, अखिलेश गुप्ता, जागेश शरण, सरजू भास्कर, सुशील सागर, राकेश सागर, सैंकी सागर, रूपकिशोर सैनी, गौरव चौधरी आदि मौजूद रहे।



### मकानों की गणना को ट्रेनर प्रशिक्षित

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकानों की गणना से संबंधित 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संत शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में मास्टर ट्रेनर सत्यप्रकाश एवं हिमांशु द्वारा समस्त 40 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि 7 मई से 21 मई तक स्वयं गणना ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है। 22 मई से 20 जून तक 30 दिन की अवधि में जनगणना का कार्य पूर्णत: डिजिटल मोड में किया जाएगा। मास्टर ट्रेनरों द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण प्राप्त फील्ड ट्रेनर आगे तहसील स्तर एवं नगर निकायों में जनगणना प्रगणकों को प्रशिक्षित करेंगे।

# रामपुर के अंतिम शासक के पौत्र को रॉयल आर्डर ऑफ द लायन सम्मान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **रामपुर रियासत भी दे चुकी है भरूच रियासत को सर्वोच्च सम्मान**

**अमृत विचार :** गुजरात की रियासत रही भरूच के शाही परिवार का नेतृत्व कर रहे नवाब हाजी मिर्जा वजाहत अली खान बहादुर ने रामपुर के अंतिम शासक नवाब रजा अली खां के पौत्र नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां को नाइट ग्रैंड कमांडर श्रेणी में रॉयल ऑर्डर ऑफ द लायन सम्मान प्रदान किया है।

शाही खानदान भरूच के शाही रीति-रिवाज और इस ऑर्डर के नियमों के अनुसार सम्मानित करते हुए इससे संबंधित सभी अधिकार और विशेषाधिकार भी प्रदान करने की घोषणा की गई है। यह सम्मान प्रतिष्ठित रियासती परिवारों के बीच मित्रता और आपसी सम्मान का प्रतीक है। नवाब काज़िम अली खां ने बताया कि नवाब हाजी मिर्जा वजाहत अली खान बहादुर को भी रामपुर राजपरिवार का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया है। सम्मानों का यह आदान-प्रदान भारत के ऐतिहासिक रियासती परिवारों के बीच कायम सम्मान, विरासत और सौहार्दपूर्ण संबंधों की दीर्घकालिक परंपराओं को दर्शाता है। यह भरूच और रामपुर के शाही परिवार के बीच संबंधों और सद्भावना को और मजबूत करने का भी प्रतीक है।



नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां।

# मुंडिया खुर्द में बनेगा आधुनिक स्टेडियम

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के युवाओं को खेल के क्षेत्र में बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से क्षेत्र के ग्राम मुंडिया में खेल के मैदान का निर्माण किया जाएगा। शुक्रवार को कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रस्तावित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही इस प्रोजेक्ट को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने बताया कि इस खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखा जाएगा। प्रस्तावित योजना में 400 मीटर सिंथेटिक रेस ट्रैक, मल्टीपर्पज हाल, पार्किंग व्यवस्था में खिलाड़ियों और दर्शकों के वाहनों के लिए उचित स्थान समेत आदि चीजें शामिल होंगी। कृषि राज्यमंत्री ने मौके पर मौजूद जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी अरुण कुमार और युवा कल्याण अधिकारी के साथ जमीन की पैमाइश और अन्य तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का प्रस्ताव जल्द से जल्द तैयार कर शासन को भेजा जाए। ताकि निर्माण कार्य समय से शुरू हो सके। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, गुरकीरत सिंह औलख, लेखपाल एवं अन्य राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।


निरीक्षण करते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी।

- **राज्यमंत्री और डीएम ने किया जमीन का निरीक्षण**

# आज कड़ी सुरक्षा के बीच होगी दरोगा भर्ती परीक्षा

## जिले भर में बनाए गए 10 केंद्र, पुलिस और प्रशासन अलर्ट, अधिकारियों को डीएम और एसपी ने दिए दिशा निर्देश

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** जिले में उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। आज जिले के 10 केंद्रों पर दरोगा की परीक्षा आयोजित की जाएगी। उससे पहले शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

आज शनिवार को 10 केंद्रों पर दो पालियों में उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित होगी। जिसमें 19 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट है। शुक्रवार को एसपी अमित आनंद ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था, पार्किंग और यातायात प्रबंधन का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित की जाएं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि सामने आने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसपी अमित आनंद। ● अमृत विचार

● परीक्षा केंद्रों पर तैनात रहेगा पुलिस बल

इस दौरान नोडल अधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया भी मौजूद रहे। उन्होंने भी सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि जिले में कुल दस परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर 19,584 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा की निगरानी के लिए सभी केंद्रों पर करीब 292 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।



यातायात व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश देते एसपी। ● अमृत विचार

### जगह जगह बनाई गई पार्किंग

**अमरोहा।** परीक्षा के दौरान शहर में जाम की स्थिति न बने, इसके लिए विभिन्न केंद्रों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। जीजीआईसी कॉलेज के वाहनों की पार्किंग टीपी नगर पुल के नीचे दोनों ओर की गई है। कुंदन इंटर कॉलेज के वाहनों की पार्किंग विद्यालय परिसर में होगी। जीआईसी कॉलेज के वाहनों को रेलवे माल गोदाम के खाली मैदान में खड़ा किया जाएगा। वहीं आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू डिग्री कॉलेज और जेएस हिंदू इंटर कॉलेज के वाहनों की पार्किंग रामलीला ग्राउंड में की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, रिपोर्ट दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने पति सहित दो लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर घेर निवासी बलवन्त ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री राखी ने एक वर्ष पूर्व अल्लीपुर मिलक निवासी सतेन्द्र के साथ प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही पति सतेन्द्र और सौतन बबीता पाच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि 10 मार्च की सुबह मांग पूरी न होने पर दोनों पति-पत्नी ने षडयंत्र रचकर राखी की हत्या कर दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ली है।

### भगवत कथा सुन भावुक हुए श्रद्धालु

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में नंदकिशोर आवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन गुरुवार को कथा व्यास पंडित मोहित भारद्वाज ने सुदामा चरित्र का वर्णन सुनाते हुए कहा की मित्रता कैसे निभाई जाए,यह भगवान श्री कृष्ण व सुदामा से समझ सकते हैं। इस दौरान इस दौरान ननहुआ सिंह ,जगदीश ठेकेदार ,ओमपाल सिंह, शेर सिंह, सोनू ,शेर सिंह रहे।

### 15 को आयोजित होगी बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक में आगामी भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य बनाने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। नगर अध्यक्ष पंडित विनय कुमार शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर 15 मार्च को नगर स्थित ब्राह्मण धर्मशाला के सत्संग भवन में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के संबंध में विचार किया गया।

### क्लेश के चलते महिला ने की आत्महत्या

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर चार के एक गांव में ग्रह क्लेश के चलते 25 वर्षीय एक विवाहित ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार की सुबह जब परिजन सो कर उठे तो विवाहिता का शव दुपट्टे के सहारे कमरे की चौखट पर लटका हुआ था। विवाहिता की मौत के बाद मायके वालों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया। दो बेटों को रोते बिलखते छोड़ गई है।

## गृह क्लेश के चलते युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**गजरौला, अमृत विचार:** गृह क्लेश के चलते युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। जिससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची आरपीएफ व थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



सुरजीत फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी सुरजीत (22) पुत्र राकेश का शुक्रवार की सुबह अपने परिवार वालों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिससे नाराज होकर शहर के भानपुर फाटक के पास पहुंच गया। इसी दौरान दिल्ली से मुरादाबाद की दिशा को जा रही गोरखपुर एक्सप्रेस के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जिससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। आरपीएफ दरोगा आशीष कुमार ने बताया कि मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# परीक्षा देने के बाद घर नहीं पहुंची छह छात्राएं

संवाददाता, चांदपुर

● सभी लड़कियों ने दी है इंटरमीडिएट की परीक्षा

● सैकड़ो लोगों ने थाने का किया घेराव, की नारेबाजी

**अमृत विचार :** इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा देने के बाद छह छात्राओं के लापता होने से चांदपुर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। छात्राओं को बरामद करने की मांग को लेकर सैकड़ों लोग थाने पहुंच गए और हंगामा करने लगे।

गुरुवार को संस्कृत विषय की परीक्षा देने के लिए चांदपुर के एक इंटर कॉलेज पहुंचीं छात्राएं परीक्षा समाप्त होने के बाद घर के लिए निकलीं, लेकिन देर शाम तक अपने घर नहीं पहुंचीं। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने छात्राओं की तलाश शुरू कर दी है। लापता छात्राओं में हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के एक गांव की दो छात्राएं तथा चांदपुर और आसपास के गांवों की चार अन्य छात्राएं शामिल हैं। कोई सुराग नहीं मिला तो रात करीब दस बजे परिजन चांदपुर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। माहौल बन गया।

### चांदपुर कोतवाली पर भी प्रदर्शन

छात्राओं की बरामदगी की मांग को लेकर शुक्रवार दोपहर परिजनों ने चांदपुर कोतवाली में हंगामा भी किया। परिजनों का कहना था कि छात्राओं का जल्द पता लगाया जाए। सूचना मिलने पर एएसपी सिटी कृष्णा गोपाल सिंह भी कोतवाली पहुंचे और परिजनों को समझाते हुए भरोसा दिलाया कि पुलिस टीमों को सक्रिय कर दिया गया है और जल्द ही छात्राओं को सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान कुछ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी कोतवाली पहुंचे और परिजनों के साथ छात्राओं की जल्द बरामदगी की मांग की। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आसपास के क्षेत्रों में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### हरिद्वार में मिलीं सभी छात्राएं

बिजनौर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक झा ने बताया कि गुरुवार शाम चांदपुर में परीक्षा केन्द्र से संस्कृत की अंतिम परीक्षा के बाद आस पास के गांव की छह छात्राएं लापता हो गई थीं। उन्होंने बताया कि छात्राओं की तलाश के लिए 11 टीम गठित की गई थीं, सभी को शुक्रवार शाम हरिद्वार से बरामद कर लिया गया है। झा ने कहा कि छात्राओं ने पुलिस को बताया कि वे आगे की पढ़ाई के लिए यहां आईं थीं। उन्होंने हरिद्वार के रोशनाबाद में तीन हजार रुपये माह पर कमरा भी ले लिया है। एसपी ने कहा कि उनकी योजना काम करने के साथ पढ़ाई करने की है। इससे पहले चांदपुर थाने के प्रभारी अमित कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की संस्कृत की अंतिम परीक्षा थी।

# मस्जिदों में उमड़ा नमाजियों का हुजूम

● मस्जिदों में उमड़ा नमाजियों का सैलाब

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** शुक्रवार को मुकद्दस महीने के अलविदा जुमे को अमरोहा की जामा मस्जिद समेत शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की तमाम मस्जिदों में नमाजियों का हुजूम उमड़ा। मस्जिदों में जगह कम पड़ी तो नमाजियों ने गर्मी और तेज धूप की फिक्र किए बिना मस्जिदों की छतों पर सफें बिछाकर नमाज अदा कर दुनिया में अमन-ओ-अमान व भाईचारे की दुआएं मांगी। पुलिस की मुस्तैदी के चलते जिले में कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी गई।



जामा मस्जिद में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा जुमा कहा जाता है। शुक्रवार यानी 23 वें रोजे को रमजान का आखिरी जुमा माना गया है हालांकि अभी इस महीने में जुमे की एक नमाज और अदा हो सकती है लेकिन उस दिन ईद-उल-फितर की चांद रात भी होगी। लिहाजा, पुलिस-प्रशासनिक अफसर अलविदा जुमा की नमाज पर सुरक्षा को लेकर फिक्रमंद थे। वहीं दिन निकलते ही पुलिस व प्रशासनिक अमले ने भी सुरक्षा मोर्चा संभाल लिया। शहर की जामा मस्जिद के अलावा जिले की प्रमुख मस्जिदों के आस-पास पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। दोपहर 12 बजे ही शहर की जामा मस्जिद का परिसर नमाजियों से खचाखच भर गया। बाकी मस्जिदों में कमोबेश ये ही हालात रहे। नमाजियों ने प्रशासनिक स्तर से मिले आदेश पर अमल किया। शहर की जामा मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद असलम ने नमाज पढ़ाई। शिया जामा मस्जिद में मौलाना डा. एहसन अख्तर सरोश ने नमाज अदा कराई। मस्जिद तख्त सुलेमान (मदरसा शाही चबूतरा) में मुफ्ती तौहीद अख्तर की इमामत में लोगों ने नमाज पढ़ी। मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम में मुफ्ती तैय्यब कादरी की इमामत में लोगों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की। इसके अलावा जोया, डिडौली, कैलसा, रजबपुर, अतरासी व नौगावां सादात क्षेत्र में भी लोगों ने जोश और जज्बे के साथ अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाया। मुल्क में अमन-चौन, खुशहाली और कौम तरक्की और सलामती के लिए दुआ की।

# गैस की किल्लत, एजेंसियों पर लगीं लंबी कतारें



एजेंसी पर लगी लाइन। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच उपभोक्ताओं की गैस एजेंसी पर लगातार दूसरे दिन भी लाइन लगी दिखाई दी। गैस की किल्लत नहीं है तो गैस मिल क्यों नहीं रही।

शुक्रवार को नगर स्थित दोनों गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगी हुई दिखाई दी, बताया जा रहा है प्रातः से ही गैस उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर एजेंसी पर लाइन लगाए हुए हैं।जहां जनपद के उच्च अधिकारी लगातार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे कि गैस सिलेंडर की किल्लत से जुड़ी किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही ऐसी अफवाहें फैलाएं। किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी या प्रशासन से संपर्क कर सही जानकारी प्राप्त करें। वही नगर की गैस एजेंसी द्वारा रिक्शा चालकों के माध्यम से घरों पर भी लगातार गैस पहुंचवाई जा रही है।

## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटने से युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लठीरा निवासी प्रदीप शुक्रवार की सुबह गांव से ट्रैक्टर लेकर गांव के बाहर स्थित एक कोल्हू पर खड़े डंपर को ट्रैक्टर से लेने जा रहा था।

मैदान में पहुंचने पर युवक ने ट्रैक्टर की रेस बढ़ा दी। जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर चला रहा युवक ट्रैक्टर के बीच में फस गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आनन-फानन में ट्रैक्टर को सीधा कर युवक को निकाला और निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया,जहां युवक का उपचार चल रहा है।

# चौथे जुमे की नमाज को उमड़ी रोजेदारों की भीड़

**बुरावली, अमृत विचार:** न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र के सभी गांव की मस्जिदों में रमजान के बा बरकत महीने के चौथे जुम्मे की नमाज के लिए रोजेदारों की भीड़ उमड़ी। बुरावली की मदीना मस्जिद के इमाम कारी सरफराज ने खुदबा देते हुए कहा कि रमजान के महीने में इबादत का सवाब चार गुना बढ़ जाता है। इसलिए सभी लोग ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। इसके बाद मदीना मस्जिद में कारी सरफराज ने नमाज अदा कराई। 1:15 पर बिलाल मस्जिद में मौलाना कारी नजरे आलम ने नमाज अदा कराई।

जामा मस्जिद में हाफिज सुहेल ने नमाज अदा कराई। दौरारा की उस्माने गनी मस्जिद में हाफिज साजिद ने नमाज अदा कराई। चंदनपुर की नूरानी मस्जिद में मुफ्ती शाहे आलम ने नमाज पढ़ाई। इस मौके पर चौधरी राशिद, हाजी सब्बन, सज्जन ,नदीम, चौधरी शादान, अब्दुल्ला आदि लोग मौजूद रहे।



बुरावली की मदीना मस्जिद में नमाज पढ़ते नमाजी ● अमृत विचार

### अलविदा जुमे की नमाज़ अदा की गई

सैदनगली, अमृत विचार : नगर में शिया समुदाय ने मोहल्ला सादात की शिया जमा मस्जिद मे मुक़द्दस रमज़ान माह के आखरी शुक्रवार यानी अलविदा जुमे की नमाज़ अदा की गई। जिसे मौलाना हाजी कम्बर अली ने अदा कराया। मौलाना ने मुल्क व कौम की तरक्की की खुशहाली की दुआ कराई। नमाज़ के बाद मरहूमीन के ईसाले सवाब के सिलसिले से मजलिस हुई।

### अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज

**हसनपुर, अमृत विचार :** माह-ए-मुकद्दस रमजान अलविदा जुम्मे की नमाज तहसील क्षेत्र में पूरी अकीदत और मजहबी शान-ओ-शौकत के साथ संपन्न हुई। नगर की जामा मस्जिद सहित तमाम ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। तहसील प्रशासन और पुलिस की मुस्तैदी के चलते पूरी नमाज पुरे-अमन तरीके से संपन्न हुई। सीसीटीवी कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम से हर गतिविधि की निगरानी की गई। मुफ्ती मेहराजुद्दीन ने कहा कि शइंसानियत की सेवा ही असली इबादत है। नमाज से पहले मुफ्ती मेहराजुद्दीन ने अपनी मसूहरकुन तकरीर से मोमिनों के दिलों को मुतास्सिर किया। पूरे तहसील क्षेत्र में अमन-ओ-अमान का माहौल बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर अलविदा जुम्मे की मुबारकबाद दी।

## अलविदा जुमा पर मस्जिदों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**मंडी धनौरा , अमृत विचार:** रमजान के अंतिम शुक्रवार अलविदा जुमा के मौके पर शहर की प्रमुख मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजियों ने नमाज अदा की और देश में अमन-चौन, भाईचारे व तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगीं। इस दौरान मस्जिदों में नमाजियों की लंबी कतारें दिखाई दीं।

शुक्रवार दोपहर से ही जामा मस्जिद, एक मीनार मस्जिद, स्टेशन रोड स्थित मदीना मस्जिद, तहसील वाली मस्जिद और कमाल शाह पीर वाली मस्जिद सहित कई इबादतगाहों में नमाजियों का आना शुरू हो गया था। इसके अलावा सुनहरी मस्जिद, चौकी वाली मस्जिद, फैज-ए-आम, कब्रिस्तान वाली मस्जिद और सुभाषनगर स्थित तेलियों वाली मस्जिद में भी नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। जामा मस्जिद के शहर इमाम मुफ्ती सईद उर रहमान ने अपने खुतबे में इस्लाम की मानवीय शिक्षाओं पर प्रकाश डाला।

# भावना गैस पर मिलीं अनियमितताएं आपूर्ति विभाग ने सील किया गोदाम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर स्थित भावना गैस एजेंसी में गैस वितरण को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला आपूर्ति विभाग की टीम ने शुक्रवार देर रात छापेमारी की। जांच के दौरान कई अनियमितताएं सामने आने पर गोदाम सील कर दिया।

जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत की जा रही थी कि कई को बुकिंग कराने के बावजूद समय पर सिलेंडर नहीं दिए जा रहे, जबकि कुछ लोगों को तय तारीख से पहले ही उपलब्ध करा दिए जाते हैं। इसके अलावा नकद उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी सिलेंडर न देने और अन्य लोगों को देने जैसी शिकायतें भी सामने आई थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह के निर्देशन में आपूर्ति निरीक्षक जयवीर सिंह, अमित सिंह और अनिल कुमार की टीम ने देर रात भावना गैस एजेंसी पर छापा मारा। टीम ने अभिलेखों और रजिस्टरों की गहन जांच की। जांच के दौरान शिकायतें सही मिलीं।



छापामार कार्रवाई के दौरान एजेंसी पर मौजूद आपूर्ति विभाग की टीम।

इसके बाद जिला आपूर्ति अधिकारी ने गैस एजेंसी के गोदाम को सील कर दिया। जिला आपूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विभाग लगातार निगरानी कर रहा है।

## कृषि विज्ञान केंद्र में देखा प्रधानमंत्री का लाइव कार्यक्रम

**गजरौला, अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुक्रवार को किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त किसानों के खाते में जारी की गई। जिसका प्रसारण क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा के साथ किसानों ने क्षेत्र के कृषि विज्ञान केन्द्र पर प्रधानमंत्री का प्रसारण देखा।

इस दौरान विधायक ने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उगायें। यह आने वाले समय की मांग है। आगे आने वाली जो पीढ़ी है उनके सुखद भविष्य के लिए भी आवश्यक है। रासायनिक दवाओं तथा उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग करने के कारण हम लोग जहर युक्त उत्पादन कर रहे हैं, इससे बचने के लिए यह आवश्यक है , कि हम सभी लोग थोड़े-थोड़े क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती करें। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉक्टर एके मिश्र ने जानकारी दी।

# चकमार्ग पर दबंगों ने किया दोबारा कब्जा, दिया ज्ञापन

संवाददाता सैदनगली

● पिलर लगाकर तारबंदी और पौधे रोपे, दो के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार:** हसनपुर क्षेत्र के ग्राम जीहल की मढ़ैया में चकमार्ग पर दोबारा अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। राजस्व विभाग द्वारा कब्जा हटाए जाने के बाद भी आरोपियों ने दोबारा चकमार्ग पर पिलर लगाकर तारबंदी कर दी और पेड़ लगाकर रास्ते को घेर लिया। मामले में लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को राजस्व लेखपाल ने थाना सैदनगली में तहरीर देकर बताया कि ग्राम जीहल की मढ़ैया स्थित चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत थाना समाधान दिवस में की गई थी। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने मंगलवार को पुलिस बल और ग्रामीणों की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर चकमार्ग से अवैध कब्जा हटवा दिया था। आरोप है कि कब्जा हटाने के बाद भी शिवम पुत्र तेजपाल सिंह और तेजपाल पुत्र महेंद्र, निवासी ग्राम जीहल की मढ़ैया, तहसील हसनपुर जनपद अमरोहा ने दोबारा चकमार्ग पर पिलर लगाकर तारबंदी कर दी और पेड़ लगाकर फिर से अवैध कब्जा कर लिया। इससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने के साथ ही सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि लेखपाल की तहरीर के आधार पर शिवम पुत्र तेजपाल सिंह और तेजपाल पुत्र महेंद्र के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**पी.एल.जे.एल. रस्तोगी इण्टर कॉलेज**
**लाजपत नगर, मुरादाबाद में**
**सहायक लिपिक पद हेतु आवेदन सूचना**

**पद का नाम** - सहायक लिपिक 01 पद (अनारक्षित श्रेणी)

**वेतनमान** - (5200-20200 ग्रेड पे-2000 लेवल-3 पे मैट्रिक्स 21700- 69100)

**शैक्षिक अहर्ता** - इंटरमीडिएट या समकक्ष तथा डोएक/नीलेट द्वारा प्रदत सी.सी.सी. प्रमाण पत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री तथा प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (PET) में 50% एवं अधिक परसेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रशनगत चयन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे तथा कंप्यूटर पर हिंदी टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट होना अनिवार्य है।

**आयु सीमा**-01 जुलाई 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष आवेदन शुल्क - सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए रूपए 750 तथा अ.जा./जनजा./ईडब्लूएस के लिए रू. 500 आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 04.04.2026 तक प्राधिकृत नियंत्रक, पी.एल.जे.एल. रस्तोगी इण्टर कालेज, लाजपत नगर, मुरादाबाद के पद नाम से निर्धारित शुल्क का बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक) संलग्न करते हुए, इसी पते पर स्पीडपोस्ट या रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित करें। आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करेंगे। आवेदन पत्र जि.वि.नि. मुरादाबाद की ईमेल आई.डी. moradabaddios@gmail.com पर भी प्रेषित करेंगे। संपूर्ण जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट http://www.pljlrastogiintercollege.co.in पर दिशा निर्देश तथा आवेदन पत्र का प्रारूप उपलब्ध है।

**प्राधिकृत नियंत्रक**
**पी.एल.जे.एल. रस्तोगी इण्टर कॉलेज लाजपत नगर, मुरादाबाद**

## न्यूज ब्रीफ

### हरिबाबा परिक्रमा मार्ग को मिली स्वीकृति

**बबराला, अमृत विचार :** क्षेत्रीय सपा विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव ने बताया कि करीब पौने छह किलोमीटर लंबे हरि बाबा परिक्रमा मार्ग और 4 किलोमीटर लंबे बबराला से राजघाट जाने वाले मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण को शासन से स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही इस पर कार्य शुरू हो जाएगा। विधायक ने बताया कि हरि बाबा परिक्रमा मार्ग पर आने वाले श्रद्धालुओं को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू होने से क्षेत्र की जनता और श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी।

### शांतिपूर्वक हुई नमाज

**चंदौसी, अमृत विचार :** रमजान माह के आखिरी शुक्रवार को शहर और आसपास के इलाकों की मस्जिदों में आखिरी जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान नमाज पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में पहुंचे। सुबह से ही मस्जिदों के आसपास लोगों का आना-जाना लगा रहा और नमाज के समय तक पूरे इलाके में चहल-पहल बनी रही। नमाज को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

# प्रधानपति की गिरफ्तारी को पहुंची पुलिस पर किया हमला

## महिलाओं ने रोकी पुलिस की गाड़ी, हंगामा के बाद पुलिस ने तीन को हिरासत में लिया

कार्यालय संवाददाता,संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मतवाली पट्टी जग्गू में युवती की हत्या के मामले में ग्राम प्रधान पति की गिरफ्तारी के लिए पहुंची पुलिस टीम का महिलाओं व परिवार के लोगों ने घेराव कर लिया। पुलिस के साथ अभद्रता करते हुए खींचतान की गई और गाड़ियों को घेर लिया। हंगामे के बाद पहुंची अतिरिक्त पुलिस बल ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ग्राम प्रधान के परिवार के तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव मतवाली पट्टी जग्गू में 19 फरवरी को रूपजहां नाम की मुस्लिम युवती की उसके परिजनों ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। युवती गांव के ही शिवम नाम के युवक से प्रेम करती थी और उसी के साथ रहने की जिद कर रही थी। इसी बात से नाराज होकर परिजनों ने उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद रूपजहां के भाई ने पुलिस को फोन कर बहन की हत्या करने की बात कबूल कर ली थी।



महिलाओं को समझाने का प्रयास करती पुलिस। ● अमृत विचार

### ... तो बिगड़ सकती थी स्थिति

लोगों ने बताया कि जिस वक्त पुलिस प्रधान के घर पर दबिश देने के लिए गई। उस वक्त महिलाओं ने मोर्चा संभाल लिया। महिलाएं पुलिस से उलझ गईं। वहीं प्रधान पक्ष के तीन लोग पुलिस से अभद्रता और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट पर उतारु हो गए। महिलाओं ने भी पुलिस के हाथ से डंडे छीन लिए। उनकी वर्दी पकड़कर खींचने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने संयम से काम लिया और लोगों को समझाकर मामला शांत किया। इसके बाद पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो सामने आया कि युवती की हत्या में उसके पिता समेत अन्य परिवार के लोग शामिल थे। जांच में ग्राम प्रधान पति लेखराज की भूमिका भी सामने आई।शुक्रवार रात पुलिस ग्राम प्रधान पति लेखराज की गिरफ्तारी के लिए उसके घर पहुंची।

इसी दौरान परिवार के लोगों और महिलाओं ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस की गाड़ियों को घेर लिया गया और पुलिसकर्मियों के साथ खींचतान की गई। स्थिति बिगड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल और ऐंचौड़ा कंबोह थाना पुलिस को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने भीड़ को समझाकर किसी तरह हालात काबू में किए। इसके बाद बवाल में शामिल ग्राम प्रधान के परिवार के तीन युवकों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए कड़े इंतजाम

**संभल, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को लेकर जनपद में व्यापक तैयारियां की गई हैं। यह परीक्षा 14 और 15 मार्च को दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली पूर्वाह्न 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक होगी।

परीक्षा से एक दिन पूर्व शुक्रवार को सभी परीक्षा केंद्रों पर कक्ष व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण दिया गया। संभल में इस परीक्षा के लिए कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। संभल शहर में शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज, बृजरत्न सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज, हिंद इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी डिग्री कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय, जेडीयू इंटर कॉलेज तथा नगर पंचायत सिरसी कस्बे के जवाहरलाल मेमोरियल कॉलेज और जीजीआईसी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## सदस्य ने सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता,संभल

- अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों महिलाएं

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने शुक्रवार को संभल में जनसुनवाई कर महिलाओं की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

महिला आयोग सदस्य अवनी सिंह शुक्रवार को संभल के लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन में पहुंचीं। यहां जनसुनवाई करते हुए महिलाओं की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। अवनी सिंह ने बताया कि महिला आयोग की ओर से समय-समय पर जिलों में जाकर महिलाओं की समस्याएं सुनी जाती हैं, ताकि पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए गांवों में जनचौपाल आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

इससे महिलाएं जागरूक होंगी और अपनी समस्याओं को बिना झिझक सामने रख सकेंगी। महिलाओं से अपील करते हुए अवनी सिंह ने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रही हैं। ऐसे में उन्हें अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए और किसी भी तरह की समस्या होने पर आगे आकर अपनी आवाज उठानी चाहिए।



महिलाओं की समस्याएं सुनतीं अवनी सिंह। ● अमृत विचार

## कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की अलविदा नमाज

- मांगी अमन-शांति की दुआ, जगह जगह तैनात रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** रमजान माह के आखिरी शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज संभल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की गई। संभल कोतवाली क्षेत्र में जामा मस्जिद के आसपास सुरक्षा के बेहद पुख्ता इंतजाम रहे। यहां नमाज के बाद देश-दुनिया व शहर में अमन-शांति और खुशहाली की दुआ की। नमाज को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई। जनपद के अन्य स्थानों पर भी व्यापक सुरक्षा प्रबंध किये गये थे।

शुक्रवार दोपहर जामा मस्जिद पर नमाजी पहुंचने लगे और देखते ही देखते मस्जिद परिसर नमाजियों से भर गया। यहां शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद नमाजियों ने देश, दुनिया और विशेष रूप से संभल शहर में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। नमाज समाप्त होने के बाद नमाजी शांतिपूर्वक अपने-अपने घरों को लौट गए। आरआरएफ और पीएसी की तीन कंपनियों के जवानों को तैनात किया गया, जबकि जिले के पांच थानों की पुलिस भी ड्यूटी पर लगाई गई थी। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने सत्यव्रत पुलिस चौकी पर कैंप किया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम से संवेदनशील इलाकों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई। कमेटी की ओर से सदर जफर अली एडवोकेट, सचिव मसूद फारुखी एडवोकेट, ट्रस्ट अध्यक्ष मौलाना काशिफ खान, सईद अख्तर इसराईली, यावर फराज, नवाब साद आदिल, फैसल, हाजी अनीस, इसरार, दानिश, आरिफ, मौसुद्दीन, मोहम्मद फैसल, जियाउल हक, रेहान, बिट्टू वारसी, अजीम, मौलाना शाह हुसैन, कमर, कमाल, शमीम, आदिल सहित अन्य मौजूद रहे।



संभल में जामा मस्जिद के निकट सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम व एसपी।

## घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर रेस्टोरेंट पर छापामार कार्रवाई

- सिटी मजिस्ट्रेट ने आपूर्ति विभाग के साथ की कार्रवाई
- कई दुकानों से बरामद किए11 सिलेंडर जब्त

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** एलपीजी गैस सिलेंडर की डिलीवरी और बुकिंग को लेकर आ रही दिक्कतों के बीच प्रशासन ने घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है। शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने आपूर्ति विभाग की टीम के साथ संभल शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रेस्टोरेंट, होटल और मिठाई की दुकानों पर छापेमारी कर जांच अभियान चलाया। करीब तीन घंटे तक चले सर्च अभियान में आठ स्थानों पर चेकिंग की गई, जहां से कुल 11 घरेलू गैस सिलेंडर और एक कमर्शियल गैस सिलेंडर बरामद किया गया।



मिठाई की दुकान से घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कराते सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार।

अभियान के दौरान संभल कोतवाली क्षेत्र के चौधरी सराय स्थित अब्दुल जब्बार स्वीट्स, एकता चौकी के पास फिजा स्वीट्स और थाना रायसत्ती क्षेत्र के चमन सराय में एजेंसी चौराहा स्थित बाबा स्वीट्स समेत कई स्थानों पर छापेमारी की गई।

जांच के दौरान कई दुकानों और उनके गोदामों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग कर मिठाइयां तैयार की जा रही थीं। छापेमारी के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर गुप्ता ने आपूर्ति विभाग के निरीक्षक ललित कुमार को टीम सहित मौके पर बुलाकर बरामद सिलेंडरों को जब्त कराया और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी स्थिति में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग नहीं होने दिया जाएगा।

चौधरी सराय, हिंदूपुरा खेड़ा, एकता चौकी क्षेत्र और एजेंसी चौराहे के आसपास कई दुकानों की जांच की गई, जहां कुछ स्थानों पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाया गया। छापेमारी के दौरान कुल 11 घरेलू और एक कामर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं।

### हर दिन 12500 सिलेंडरों की सप्लाई

जनपद संभल में एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर फिलहाल हालात सामान्य हैं। रोजाना 12 हजार 500 से ज्यादा सिलेंडर की आपूर्ति उपभोक्तओं को की जा रही है। हालांकि 25 दिन बाद ही बुकिंग करने के सरकार के आदेश के बाद उपभोक्ताओं में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिल रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन उपभोक्ताओं को हो रही है जिनकी केवाईसी पूरी नहीं हुई है। जिले में ऐसे 20 हजार से अधिक उपभोक्ता बताए जा रहे हैं, जिनकी केवाईसी अधूरी होने के कारण गैस बुकिंग नहीं हो पा रही है।शुक्रवार को संभल जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर की जहां हर जगह उपलब्धता और आपूर्ति के हालात नजर आये वहीं कुछ गैस एजेंसियों पर बुकिंग और केवाईसी को लेकर उपभोक्ताओं की भीड़ दिखी। पहले उपभोक्ता घर बैठे गैस की बुकिंग कर देते थे और सिलेंडर घर पर ही पहुंच जाता था, लेकिन 25 दिन के अंतराल में बुकिंग के नियम के बाद कई लोग सीधे एजेंसियों पर पहुंचकर जानकारी लेने लगे हैं। प्रशासन का कहना है कि गैस की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और किसी तरह की कमी नहीं है। जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग ने बताया कि जनपद संभल में कुल 39 गैस एजेंसियां संचालित हैं और करीब 4 .50 लाख उपभोक्ता हैं। वर्तमान में पूरे जिले में प्रतिदिन लगभग 12,500 गैस सिलेंडरों की सप्लाई की जा रही है, जबकि 15 हजार से अधिक उपभोक्ता रोजाना गैस बुकिंग कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में गैस को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं है।

## सड़क हादसे में चौकीदार की मौत, भाई घायल

कार्यालय संवाददाता,संभल/सौंधन

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव सौंधन में शुक्रवार दोपहर सड़क हादसे में स्कूल के चौकीदार की मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई बाल-बाल बच गया। हादसा उस समय हुआ जब आपसी झगड़े के बाद तेज रफ्तार में भाग रहे बाइक सवार युवकों की टक्कर चौकीदार की स्कूटी से हो गई।



मृतक सेजू।

गांव सौंधन निवासी सेजु और उनका बड़ा भाई प्रेमपाल जीसुखराम यादव इंटर कॉलेज सौंधन में चौकीदारी का काम करते थे। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे दोनों भाई स्कूल की छुट्टी के बाद स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। उसी समय गांव के पास आम के एक बाग में बैठे कुछ युवकों का कैला देवी थाना क्षेत्र के भमौरी पट्टी निवासी एक युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। इसके बाद युवक दो बाइकों पर सवार होकर आपस में बहस और धक्का-मुक्की करते हुए तेज रफ्तार में गांव की ओर निकल गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब बाइक सवार युवक सौंधन के प्राथमिक विद्यालय के सामने पहुंचे तो पीछे चल रहे बुलेट सवार युवक ने आगे चल रही बाइक में पैर मार दिया। इससे दोनों बाइकों का संतुलन बिगड़ गया और वे आपस में टकरा गईं। इसी दौरान स्कूल से घर लौट रहे दोनों भाइयों की स्कूटी से भी एक बाइक जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी चला रहे सेजु गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे उनके बड़े भाई प्रेमपाल दूर जा गिरे और वह बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। हादसे में चौकीदार सेजु की मौत की खबर फैलते ही बाकी युवक अपनी-अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से दो बाइकों को कब्जे में ले लिया। पकड़े गए युवक की बाइक आम के बाग से बरामद हुई, जबकि एक अन्य बाइक घटनास्थल से कुछ दूरी पर मिली। फरार युवकों की तलाश की जा रही है।



संभल जिला अस्पताल में गमगीन मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

## बदायूं के बच्चे को बाल सुधार गृह भेजा

**बबराला,अमृत विचार:** जानकारी के अनुसार गुन्नौर के नेहरू चौक पर लावारिस हालत में घूम रहे एक बालक ने अपना नाम रामबाबू (11 वर्ष) निवासी खोड़ा, 62 गोल चक्कर नोएडा बताया था। पुलिस ने बताए गए पते पर जानकारी की तो वहां इस संबंध में किसी भी प्रकार की गुमशुदगी दर्ज नहीं मिली। मामले की जांच महिला उपनिरीक्षक गुरजिंदर कौर संधू द्वारा की गई। बाद में बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे बाल सुधार गृह मुरादाबाद भेज दिया गया। जांच के दौरान पता चला कि उक्त बच्चा 10 जून 2024 से 1 अगस्त 2024 तक पहले भी बाल सुधार गृह में रह चुका है। सामने आया कि रामबाबू उर्फ शिवम मूल रूप से जनपद बदायूं के दातागंज क्षेत्र के गांव कोली, नोनी टिकन्ना का निवासी है।

## न्यूज डायरी

### शिविर के समापन पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**चंदौसी,अमृत विचार :** एनकेबीएमजीकॉलेज चंदौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय करेला में संकल्प दिवस के रूप में किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल और डॉ. प्रियंका ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंकज शर्मा, विशिष्ट अतिथि संगीता भार्गव और अति विशिष्ट अतिथि कविता मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि पंकज शर्मा ने छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका ने किया, जबकि डॉ. शीतल ने आभार व्यक्त किया।






### मंदिरों को दीं सौर ऊर्जा लाइटें

**रजपुरा, अमृत विचार :** डीएसएम शुगर मिल रजपुरा की ओर से कंपनी के सीएसआर फंड के तहत आसपास के गांवों के मंदिरों में लगाने के लिए सौर ऊर्जा लाइटों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संबंधित गांवों से आए किसानों और ग्रामीणों को सौर ऊर्जा लाइटें दी गईं, ताकि गांवों के मंदिरों में रोशनी की बेहतर व्यवस्था हो सके। यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा ने कहा कि डीएसएम शुगर मिल क्षेत्र के विकास और सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर सीएसआर के माध्यम से विभिन्न कार्य करती रहती है। इस दौरान भीकमपुर जैनी, सिंधौली पूर्वी, सिंघौली कल्लू, गुरेठा, निर्यावली, इकोना, गवा, रजावली, सैंडोरा, हरफरी, जैतोरा, सागरपुर, देवरा भूरा, रजापुर, करकौरा, हरदासपुर और शाहपुर समेत कई गांवों के ग्रामीणों को मंदिरों में लगाने के लिए सौर ऊर्जा लाइटें वितरित की गईं।



### सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**रजपुरा, अमृत विचार :** विकास खंड रजपुरा के ग्राम कहरोला गर्वी में सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने के बाद शुक्रवार को भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह चौधरी, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की पूर्व सदस्य मंजू दिलेर, आरएसएस के जिला प्रचारक दीपक कुमार और गुन्नौर विधानसभा के पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव बतौर मुख्य अतिथि रहे। वैदिक यज्ञ-हवन में अंतरराष्ट्रीय धनुर्धर तेजवीर आर्य ने यज्ञ ब्रह्मा की भूमिका निभाई। साईं कॉन्वेंट स्कूल बाघऊ की प्रधानाध्यापिका ऊषा शर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। डॉ. राजकुमार वैदिक ने सामुदायिक भवन के निर्माण और जीर्णोद्धार की संघर्षपूर्ण यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भवन समाज के उत्थान का केंद्र बनेगा।

### कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट आयोजित

**चंदौसी, अमृत विचार :** संभल ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी में कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें 60 खिलाड़ियों ने विभिन्न बेल्ट के लिए परीक्षा दी। टेस्ट के बाद 55 खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो की ओर से जारी कलर बेल्ट प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों की परीक्षा फिजिकल, ओरल, टेक्निकल, स्पेरिंग और पुमसे के आधार पर ली जाती है। परीक्षक के रूप में रेखा, राहुल, पियूष और तंजीम मौजूद रहे।



## शिक्षक निलंबन के विरोध में प्रदर्शन



संभल के भारतल सिरसी में प्रदर्शन करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** पीएमश्री विद्यालय भारतल सिरसी में 11 मार्च को शिक्षण कार्य को लेकर शिकायत मिलने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने विद्यालय में तैनात शिक्षक अवधेश कुमार को निलंबित कर दिया था। जांच के लिए विकासखंड पंवासा और असमोली के खंड शिक्षाधिकारियों को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षक के निलंबन की जानकारी मिलते ही शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे से छात्र-छात्राएं स्कूल परिसर के बाहर इकट्ठा हो गए और जोरदार प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर खंड शिक्षाधिकारी विनोद कुमार मेहरा और थाना नखासा प्रभारी संजीव कुमार बालियान मौके पर पहुंचे। बच्चों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई बाधित न करने और स्कूल के अंदर जाकर कक्षाओं में बैठने को कहा, लेकिन छात्र-छात्राएं शिक्षक को वापस बुलाने की मांग पर अड़े रहे। प्रदर्शन कर रहे स्कूली बच्चों ने कहा कि शिक्षक अवधेश कुमार पर झूठे आरोप लगाए गए हैं। उनका कहना था कि वह बच्चों को अच्छी तरह पढ़ाते थे और विद्यालय में मिड-डे-मील की व्यवस्था भी ठीक करवाई थी। प्रधानाध्यापक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह छात्रों से दुकान से तंबाकू मंगाकर चबाते हैं।

## बिजली समस्या को लेकर भाकियू ने दी आंदोलन की चेतावनी

- अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचार:** अघोषित बिजली कटौती, कम वोल्टेज और खराब ट्रांसफार्मरों की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने विभाग के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर बिजली आपूर्ति का शेड्यूल बदलने और पर्याप्त बिजली देने की मांग की।

किसान नेताओं ने बताया कि 13 फरवरी को भी बिजली विभाग को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया गया था। इसमें एनई फीडर और बनियाखेड़ा फीडर की मुख्य दिक्कतों को दूर करने, नलकूपों के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने और ग्रामीण क्षेत्रों में दिन के समय निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई थी। किसानों ने कहा कि सुबह 8 से 12 बजे और शाम 3 से 6 बजे तक बिजली कटौती बंद की जाए, ताकि फसलों की सिंचाई में दिक्कत न हो। किसानों का आरोप है कि ज्ञापन दिए जाने के करीब एक महीने बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। भाकियू ने चेतावनी दी कि यदि आठ दिन के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड चन्दौसी कार्यालय के गेट पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान नरेश राघव, योगेंद्र यादव, भुवनेश यादव, प्रमोद राघव, डॉ. जितेंद्र वर्मा, समीर खान, मुजाफर, राहत जहां और हाजी अजीम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।



चंदौसी में अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### किसान सम्मान निधि जारी, मुख्यमंत्री योगी ने जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी से शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 4335.11 करोड़ रुपये सीधे ट्रांसफर किए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में यूपी देश का सबसे बड़ा लाभार्थी राज्य बना हुआ है। 22वीं किस्त से पहले तक प्रदेश के किसानों को 21 किस्तों में 94,668.58 करोड़ रुपये की सहायता मिल चुकी है। नई किस्त जुड़ने के बाद यह राशि बढ़कर 99,003.69 करोड़ रुपये हो गई है। देश के कुल लाभार्थियों में करीब 23 प्रतिशत किसान उत्तर प्रदेश से हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इसे किसानों की आय बढ़ाने और खेती को नई शक्ति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### मोदी की जनसभा का यूपी के तीन शहरों में होगा सीधा प्रसारण

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोलकाता में होने वाली विशाल जनसभा का शनिवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी और नोएडा में भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। इन शहरों में बंगाली समाज के प्रतिनिधियों के साथ भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी लखनऊ स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में बंगाली समाज के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री की जनसभा के लाइव प्रसारण में शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा के महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि लखनऊ में प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### बायर-सेलर मीट से आलू किसानों को मिलेगा बाजार

**अमृत विचार, लखनऊ:** उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि आलू किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न राज्यों में बायर-सेलर मीट आयोजित कर रही है। उद्यान मंत्री शुक्रवार को मुरादाबाद के सर्किट हाउस में एक दिवसीय आलू क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आलू उत्पादन के मुकाबले शीतगृहों में पर्याप्त भंडारण क्षमता उपलब्ध है और किसी भी किसान को भंडारण की समस्या नहीं होगी। कार्यक्रम के अंत में 20 प्रगतिशील किसानों, शीतगृह स्वामियों और व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### आवासीय सौर ऊर्जा में गाजियाबाद बना मॉडल

**अमृत विचार, लखनऊ:** औरैया के बाद गाजियाबाद जिला ने भी महत्वपूर्ण पहल करते हुए नए आवासीय भवनों के नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने आदेश जारी कर इसे लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस पहल का उद्देश्य बिजली की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित करना है। प्रस्ताव के अनुसार नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतें अपने-अपने बोर्ड की बैठकों में प्रस्ताव पारित कर इस व्यवस्था को लागू कर सकती हैं। नक्शा स्वीकृति के बाद भवन निर्माण में सोलर पैनल और वर्षा जल संचयन प्रणाली लगाना अनिवार्य होगा।

# वर्तमान में गैस और पेट्रोल के संकट से जूझ रहा है देश : राहुल गांधी

## भाजपा पर साधा निशाना, बसपा और सपा का नहीं लिया नाम, बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने का प्रस्ताव किया गया पास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचार:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा और प्रधानमंत्री पर जमकर हमला बोला। उन्होंने लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि मोदी अडानी और एपस्टीन फाइल के कारण अब नरेन्द्र मोदी हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं रहे। वह अब अमेरिका के गुलाम हो गए हैं। मैं अब उन्हें छोड़ने वाला नहीं हूं। कंप्रोमाइज के चलते साइक्लोजीकल तौर पर मोदी खत्म हो गए हैं। इस दौरान बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने का भी प्रस्ताव पास किया गया।

राहुल गांधी शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा पहली बार इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बसपा संस्थापक

● कांग्रेस पार्टी ने कांशीराम की जयंती को सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनाया

कांशीराम की जयंती के मौके पर आयोजित सामाजिक परिवर्तन दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने 33 मिनट के धाराप्रवाह भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की एनर्जी सिक्योरिटी को लेकर अमेरिका के साथ कंप्रोमाइज किया है। इसके कारण देश गैस और पेट्रोल के संकट से जूझ रहा है। कृषि डील भी किसानों के हितों पर प्रहार है। मोदी मंत्रिमंडल में मंत्री हरिदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में है। उनकी बेटी के खाते में अमेरिका के जार्ज सोरोस का धन आया है।

उन्होंने संविधान की किताब हाथ में लेकर कहा कि इसमें देश के गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आवाज है। सावरकर और नाथूराम गोडसे की आवाज इस संविधान में नहीं है। इसलिए देश की सभी संस्थाओं में 85 फीसदी दलित और पिछड़े की बजाय महज 15 फीसदी लोग उच्च पदों पर बैठे हैं। खास बात यह रही कि राहुल गांधी ने जहां भाजपा पर जमकर हमला बोला, वहीं बसपा और सपा का एक भी बार नाम नहीं लिया।



कांशीराम जयंती को लेकर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रति दिखाकर लोगों को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी। अमृत विचार

### कांग्रेस पार्टी अपना काम सही से करती तो कांशीराम सफल नहीं होते

**अमृत विचार, लखनऊ:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अपनी ही पार्टी की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने बसपा संस्थापक कांशीराम जयंती समारोह में कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी ने अपना काम सही से किया होता तो कांशीराम सफल नहीं होते। वहीं दूसरी ओर यदि पंडित जवाहर लाल नेहरू जिंदा होते तो कांशीराम कांग्रेस के चीफ मिनिस्टर होते। राहुल गांधी जिंदाबाद करने से कुछ नहीं होगा। उन्हें 100 समर्पित लोग चाहिए, जोकि हर संघर्ष में उनका साथ दे सकें। उन्होंने जयंती समारोह में कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब है, इसलिए खाते सीज होने के बाद भी चुनाव लड़ा गया। जबकि भाजपा अमीर पार्टी है, इसलिए उनका पूरा धन अडानी के यहां लगा हुआ है। अमेरिका ने जो अडानी पर केस किया है, वह अडानी पर नहीं, देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ है। कोलंबिया में पढ़ाई करने के बाद भारत आए डॉ. बीआर आम्बेडकर और कांशीराम ने जीवन में कोई समझौता नहीं किया। यदि वह समझौता कर लेते तो आज मंच पर उनके फोटो नहीं लगे होते।

### पार्टी गरीब हो गई, नेता अरबपति हो गए : गौतम

कांशीराम जयंती समारोह में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि पिछले दिनों पूरे देश में घूमा तो चौंकाने वाली बात सामने आई। कांग्रेस पार्टी जहां गरीब हो गई, वहीं पार्टी के कई नेता अरबपति हो गए। नेताओं को जमीन पर काम करना होगा, कुर्बानी देनी होगी। इस दौरान कांशीराम के संघर्ष के दिनों के साथी रहे केके गौतम, लालमणि प्रसाद के अलावा पूर्व जस्टिस वीरेन्द्र यादव, पूर्व आईपीएस वीपी अशोक, नसीम अंसारी व सांसद राकेश राठौर ने भी संबोधित करते हुए दलित व पिछड़ों के लिए कांशीराम को योगदान को याद किया।

# योगी सरकार ने लखनऊ को बनाया विश्वस्तरीय शहर : राजनाथ सिंह

## कहा, बुलडोजर केवल तोड़ता नहीं, विकास के लिए जमीन भी तैयार करता है

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लखनऊ तेजी से विश्वस्तरीय शहर के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास अब केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों के जीवन में दिखाई दे रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आईआईएम रोड से आउटर रिंग रोड तक लगभग 28 किलोमीटर लंबे ग्रीन कॉरिडोर से करीब 15 लाख लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और शहर में जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के निर्माण के दौरान पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा गया और रास्ते में आने वाले 150 से अधिक पेड़ों को काटने के बजाय दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस परियोजना में सेना की जमीन का भी उपयोग हुआ है और सिविल व रक्षा संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय से इसे पूरा किया गया।



लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण के लोकार्पण के अवसर पर मंच से लोगों का अभिवादन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य। अमृत विचार

### निर्माण कार्य में लगे कर्मियों पर पुष्प वर्षा कर किया पुरस्कृत

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्माण कार्य में लगे कर्मियों पर पुष्प वर्षा की और उन्हें पुरस्कृत भी किया। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने इन कर्मियों के साथ ग्रुप फोटो भी कराया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, संजय सेठ, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### तीसरे और चौथे चरण की 1,220 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

लखनऊ के नागरिकों के लिए यातायात को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। डालीगंज पक्का पुल से समतामूलक चौराहे तक लगभग 7 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 299 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, जो ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण का हिस्सा है। इसके साथ ही ग्रीन कॉरिडोर के तीसरे और चौथे चरण की लगभग 1,220 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया है। आने वाले समय में आईआईएम रोड से पक्का पुल (डालीगंज) व समतामूलक चौराहा होते हुए पिपराघाट, शहीद पथ और आगे किसान पथ तक करीब 28 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर तैयार होगा।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बनेगा अत्याधुनिक एमआरओ हब

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश को देश के प्रमुख एविएशन और इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और देश की तेजी से उभरती एयरलाइन आकासा एयर के बीच रणनीतिक साझेदारी हुई है। इसके तहत एयरपोर्ट परिसर में मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (एमआरओ) की अत्याधुनिक सुविधा स्थापित की जाएगी। यह एमआरओ केंद्र विमान रखरखाव, मरम्मत और तकनीकी सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा।

## शादी से इंकार किए जाने पर महिला ने आत्महत्या की

आगरा, एजेंसी

आगरा में एक महिला ने सिपाही द्वारा कथित रूप से शादी से इंकार किए जाने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस उपायुक्त (नगर) अली अब्बास ने बताया कि थाना सदर इलाके में 11 मार्च को 34 वर्षीय महिला ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी, जांच के दौरान पता चला कि महिला और पुलिस सिपाही जे. बी. गौतम लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे।

उन्होंने बताया कि महिला गौतम से शादी करना चाहती थी लेकिन गौतम ने इनकार कर दिया, जिससे आहत होकर युवती ने आत्महत्या कर ली। अब्बास ने बताया कि मौत से पहले उसने वीडियो बनाकर रिश्तेदारों को भेजे, जिनमें सिपाही पर प्रेम संबंध और शोषण के आरोप लगाए हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस मामले में आरोपी सिपाही के खिलाफ मामला दर्ज कर करके जेल भेज दिया है। उन्होंने कहा कि सिपाही को निलंबित कर दिया गया है और विभागीय जांच शुरू कर दी गयी है।

## सभी ग्राम पंचायतों और जिला मुख्यालयों के बीच चलेंगी बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश की सभी 59,163 ग्राम पंचायतों को परिवहन सेवाओं से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीण जनता को विकास खंड, तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी और सुरक्षित पहुंच मिल सके। निजी क्षेत्र के बस संचालकों के माध्यम से उन मार्गों पर भी सेवाएं शुरू की जाएंगी, जहां परिवहन निगम की बसें कम संचालित होती हैं।

योजना भवन स्थित एनआईसी सेंटर में परिवहन मंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम से अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधा को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 लागू करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना के तहत प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को जिला मुख्यालयों से जोड़ने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए।



● मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 लागू करने का निर्णय : दयाशंकर सिंह

मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि परिवहन विभाग कि मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 66(1) के तहत इस योजना के अंतर्गत संचालित होने वाले वाहनों को अधिसूचना के अनुसार परमिट की अनिवार्यता से छूट दी गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवाओं को तेजी से शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 15 से 28 सीट क्षमता वाले डीजल, सीएनजी या इलेक्ट्रिक वाहन संचालित किए जाएंगे। बैठक में अपर मुख्य सचिव परिवहन अर्चना अग्रवाल, परिवहन निगम के एमडी प्रभु एन सिंह, परिवहन आयुक्त किंजल सिंह, विशेष सचिव परिवहन केपी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## लखनऊ, झांसी और वाराणसी में लगेंगे वृहद रोजगार मेले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें कौशल के आधार पर आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उप्र. कौशल विकास मिशन द्वारा मार्च माह में प्रदेश के तीन प्रमुख शहर लखनऊ, झांसी और वाराणसी में वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। इन मेलों के माध्यम से युवाओं को निजी कंपनियों में नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

कौशल विकास मिशन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, 18 मार्च को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रोजगार मेला आयोजित होगा। इस मेले में लखनऊ, कानपुर, अयोध्या और बरेली मंडल के अभ्यर्थियों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके बाद 24 मार्च को झांसी के बुंदेलखंड महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें झांसी, चित्रकूट और आगरा मंडल के युवा शामिल होंगे। वहीं 25 मार्च को वाराणसी स्थित राजकीय आईटीआई करौंदी परिसर में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें वाराणसी, मिर्जापुर और प्रयागराज मंडल के अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## सात आईएएस अफसरों के तबादले, नीना शर्मा बनीं प्रमुख सचिव सार्वजनिक उद्यम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने सात आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। नीना शर्मा को प्रमुख सचिव/महानिदेशक, सार्वजनिक उद्यम विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संजय कुमार को निदेशक, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी बनाया गया है।

प्रकाश बिंदु को लोक निर्माण विभाग से हटाकर सचिव, गृह विभाग बनाया गया है, जबकि प्रतिक्षारत डॉ. लोकेश एम. को सचिव, लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। महेंद्र प्रसाद को विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश पुनर्गठन समन्वय विभाग बनाया गया है। रघुबीर को विशेष सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में तैनाती दी गई है। वहीं अखिलेश कुमार को वर्तमान पद के साथ विशेष सचिव, धार्मिक कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### चार पीसीएस अधिकारी इधर से उधर

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश सरकार ने चार पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। जारी आदेश के अनुसार झांसी में तैनात उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार सिंह-2 को गोंडा का उप जिलाधिकारी बनाया गया है।

मथुरा के अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुरेंद्र कुमार को अपर आयुक्त, कानपुर मंडल पद पर भेजा गया है। जालौन के उप जिलाधिकारी वेद प्रिय आर्य को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), मथुरा बनाया गया है। वहीं बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण, झांसी में विशेष कार्याधिकारी गुलाब सिंह को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), कुशीनगर के पद पर तैनाती दी गई है।

## खाद्य प्रसंस्करण की 14 नई इकाइयों के प्रस्ताव मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत दी जा रही सुविधाओं और अनुदानों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि प्रदेश में नए उद्योग स्थापित हो सकें।

खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, में अप्रेजल समिति की बैठक में अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा की। बैठक में कुल 19 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 14 प्रस्तावों को स्वीकृति के लिए राज्य स्तरीय समिति (एसएलईसी) के समक्ष भेजने की संस्तुति की गई। ये प्रस्ताव वाराणसी, मेरठ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, कौशांबी, अयोध्या और रामपुर समेत विभिन्न जिलों से प्राप्त हुए हैं।

बैठक में यह भी तय किया गया कि इन इकाइयों को कच्चा माल स्थानीय किसानों और पशुपालकों से उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

शिकंजा | विशेष अभियान में गोकशी के 14,182 मुकदमे दर्ज, संगठित नेटवर्क पर कड़ा प्रहार

# गोहत्या-तस्करी के 35,924 आरोपी गए जेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में गोहत्या और गोतस्करी के खिलाफ यूपी सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक गोकशी के 14,182 मामले दर्ज किए गए हैं और 35,924 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

सरकार ने इस अपराध को रोकने के लिए वर्ष 2020 में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण (संशोधन) अध्यादेश-2020 लागू कर कानून को और कड़ा बनाया। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाकर गोकशी से जुड़े संगठित नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई की है। सरकार का मानना है कि गोवंश की सुरक्षा केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा मुद्दा है। इसी कारण गोकशी और गोतस्करी से जुड़े मामलों में आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

● 13,793 पर गुंडा एक्ट, 178 पर एनएसए व 14,305 मामलों में गैंगस्टर की कार्रवाई

गोकशी के मामलों में गिरफ्तार 35,924 आरोपियों में से 13,793 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, जबकि 178 आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया। इसके अलावा 14,305 मामलों में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर संगठित गिरोहों की कमर तोड़ने की कोशिश की गई है। गोकशी और गोतस्करी पर नियंत्रण के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों द्वारा खुफिया निगरानी, जिलास्तरीय टास्क फोर्स और सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरतते हुए कार्रवाई की जा रही है। कई संवेदनशील जिलों में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई गई है और पशु परिवहन से जुड़े मामलों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा अवैध बूचड़खानों के खिलाफ भी लगातार अभियान चलाया गया है, जिससे प्रदेश में अवैध पशु वध से जुड़े मामलों में कमी आने का दावा किया जा रहा है।

### 83 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

सरकार ने अपराधियों के आर्थिक नेटवर्क को भी निशाने पर लिया है। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक करीब 83 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। इसमें अवैध कमाई से खरीदी गई जमीन, वाहन और अन्य संपत्तियां भी शामिल हैं।

### गैस किल्लत पर सपा ने सरकार को घेरा

**अमृत विचार, लखनऊ:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर भाजपा वाले कह रहे हैं कि 'गैस' की कोई कमी नहीं है तो उनके मंत्री, सांसद, विधायक, पार्षद और करोड़ों कार्यकर्ता और उनके संगी-साथी अंडरग्राउंड क्यों हो गये हैं। वो भूमिगत ठिकानों से निकलें और जनता के बीच जाकर गैस एजेंसियों से गैस दिलवाएं। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि पब्लिक की भीड़ से बचने के लिए भाजपा नेताओं ने गाड़ी से झड़े उतार दिए हैं। जनता भाजपाइयों के घरों का घेराव करे या उनके कार्यालयों, प्रतिष्ठानों या फिर उनकी गाड़ियों का। उन्होंने कहा कि सच तो ये है कि किल्लत जितनी बढ़ती है, भाजपा उतना ही उसे नकारने का झूठ बढ़ा देती है।

## मेरठ व बागपत में कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चिमी उप्र. में धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मेरठ और बागपत में 56 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं के माध्यम से महाभारत सर्किट, जैन सर्किट और ग्रामीण पर्यटन से जुड़े प्रमुख स्थलों का विकास किया जाएगा।

● महाभारत सर्किट, जैन सर्किट और ग्रामीण पर्यटन से जुड़े प्रमुख स्थलों का होगा विकास

मेरठ में पर्यटन मंत्री ने औघड़नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शहीद स्मारक पहुंचकर पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। यहां लगभग 18.45 करोड़ रुपये की लागत से हस्तिनापुर, परीक्षितगढ़ स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम, मेझा के गोरखधाम सेवा आश्रम, मां ललिता देवी मंदिर और प्राचीन सती देवी मंदिर के विकास से जुड़ी पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

इसके अलावा मेरठ में करीब 11.76 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया गया। इनमें धनसिंह कोतवाल आर्ट गैलरी, नौचंदी मंदिर, सरधना चर्च, 1857 क्रांति से जुड़े स्थलों और शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण के साथ पांडेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य शामिल हैं।

इसके बाद पर्यटन मंत्री बागपत पहुंचे, जहां 26 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। इनमें पुरा महादेव मंदिर, त्रिलोक तीर्थ धाम और अमर शहीद बाबा शाहमल सिंह के समाधि स्थल के पर्यटन विकास कार्य शामिल हैं।

## जांच तो एक बहाना है

ट्रंप ने भारत समेत 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ अपने उस व्यापार कानून की धारा 301 के तहत नई व्यापारिक जांच शुरू करने की घोषणा की है, जिसके माध्यम से अमेरिका किसी भी देश की व्यापारिक नीतियों को 'अनुचित' ठहराते हुए एकतरफा टैरिफ बढ़ा सकता है। यह जांच अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए मनमाने पुराने टैरिफ को रद्द करने के बाद उसको दूसरे तरीकों से लागू करने तथा अमेरिकी संरक्षणवाद की वापसी का बहाना है। धारा 301 के तहत अमेरिका सैद्धांतिक रूप से काफी ऊंचे टैरिफ लगा सकता है, वैश्विक प्रतिक्रिया और प्रतिशोधात्मक टैरिफ के बढ़ते जोखिम को नजरअंदाज कर वह 25 से 100 प्रतिशत तक टैरिफ थोप सकता है।

अमेरिका ने कनाडा को इस सूची में शामिल नहीं किया है। इसका प्रमुख कारण उत्तरी अमेरिकी व्यापार ढांचे और आपूर्ति श्रृंखला में दोनों देशों की गहरी परस्पर निर्भरता है। इससे यह साफ है कि यह जांच पूरी तरह आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और राजनीतिक भी है, दरअसल ट्रंप प्रशासन की व्यापक रणनीति अमेरिकी उद्योगों को पुनर्जीवित करने और उत्पादन को वापस अमेरिका लाने की है। 'री-शोरिंग' या 'फ्रेंड-शोरिंग' की यह नीति अमेरिकी श्रमिकों के लिए नौकरियां पैदा करने के उद्देश्य से प्रस्तुत की जाती है, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था की जटिल आपूर्ति श्रृंखलाओं के दौर में केवल टैरिफ के सहारे उद्योगों को वापस लाना आसान नहीं है। ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक शीघ्र प्रस्तावित है, संभव है कि यह कदम चीन के साथ होने वाली वार्ताओं में दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा हो। अमेरिका का आरोप है कि भारत समेत लगभग 60 देशों की औद्योगिक नीतियां अमेरिकी उद्योग और व्यापार को नुकसान पहुंचा रही हैं। विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र में 'अतिरिक्त उत्पादन क्षमता' और 'डंपिंग' को लेकर चिंता जताई गई है। सच यह है कि आज के वैश्विक बाजार में उत्पादन क्षमता बढ़ाना किसी भी देश की औद्योगिक रणनीति का स्वाभाविक हिस्सा है। भारत की उत्पादन नीतियां जैसे विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली योजनाएं मुख्यतः घरेलू विकास और निर्यात क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से बनाई गई हैं, न कि किसी देश के व्यापार को प्रभावित करने के लिए। भारत पर जबरन श्रम या बड़े पैमाने पर डंपिंग के आरोप निराधार हैं। भारत का निर्यात ढांचा अभी भी चीन की तुलना में काफी संतुलित है और कई क्षेत्रों में वह वैश्विक बाजार की वास्तविक मांग पर आधारित है। फिर भी इस जांच का असर भारत के कुछ प्रमुख निर्यात क्षेत्रों जैसे- स्टील, ऑटो पार्ट्स, फार्मास्यूटिकल्स, केमिकल्स, टेक्सटाइल और आईटी हार्डवेयर पर पड़ सकता है।

भारत इस जांच में औपचारिक रूप से असहयोग का रास्ता नहीं अपना सकता, क्योंकि इससे अमेरिका को एकतरफा कार्रवाई का बहाना मिल जाएगा। बेहतर रणनीति यह होगी कि भारत तथ्यात्मक जवाब और कूटनीतिक संवाद के माध्यम से अपनी स्थिति स्पष्ट करे। भारत सरकार को चाहिए कि वह निर्यात बाजारों का विविधीकरण और घरेलू विनिर्माण की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ा कर समस्या का दीर्घकालिक समाधान खोजे। वैश्विक व्यापार की इस नई खींचतान में संतुलित और व्यावहारिक नीति ही भारत के हितों को सुरक्षित रख सकती है।

### प्रसंगवश

## इच्छामृत्युः पीड़ा से कराहते मरीजों की मुक्ति साधन

इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पहली समहति देकर जनमानस में नई किस्म की बहस को जन्म दे दिया है। बहस ऐसी है, जिसमें सिर्फ भावनाओं का सैलाब उमड़ा हुआ है। गाजियाबाद निवासी 32 वर्षीय हरीश राणा की इच्छामृत्यु पर दिए सुप्रीम कोर्ट का निर्णय एक ऐसा भावनात्मक फैसला है, जो भारतीय न्याय व्यवस्था के इतिहास में पहली मर्तबा लिया गया। कोर्ट के आदेशानुसार इच्छा मृत्यु पर सभी प्रक्रियाएं बेशक मानवीय ढंग से और चिकित्सीय निगरान में होंगी, लेकिन फैसला देने वाली पीठ के जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन खुद भी भावुक हो गए। उन्होंने स्वीकारा कि ये निर्णय देना उनके लिए बहुत कठिन था, पर उन्हें अपने फैसले के जरिए एक व्यक्ति को उनके निष्क्रिय शरीर से होती अंतन पीड़ा से मुक्ति भी दिलवाना था, जिसका उन्होंने कानूनी सदाचार में रहकर अपना फर्ज निभाया।

कई यूरोपीय देशों में इच्छा मृत्यु का प्रावधान है। सबसे पहले 'यूथेनेशिया' को नीदरलैंड्स ने वैधता दी थी। वहां इसे 'यूथेनेशिया' नहीं, बल्कि अनुरोध पर जीवन की समाप्ति कहते हैं। बेल्जियम, कनाडा और स्विट्ज़रलैंड में भी इच्छामृत्यु वैध है, जबकि ये विषय बहुत विवादास्पद है। शायद भविष्य में भी हिंदुस्तान में इसे मान्यता न मिले। ये मामला अगस्त 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट से खारिज होकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था, लेकिन यहां भी जजों की एकमत राय नहीं थी। काफी विमर्श के बाद शीर्ष कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड को गठित करने का आदेश दिया।


डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

रिपोर्ट में चिकित्सकों ने बताया कि हरीश का शरीर शत-प्रतिशत निष्क्रिय हो चुका है, इसलिए वह इच्छामृत्यु का हकदार है। इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने जीवन के असमय अंत की चाहत पर समकालीन स्वास्थ्य देखभाल में ऐसी प्रथाओं की भूमिका पर अनोखी बहस को छेड़ा है, जिसकी चर्चा लंबे समय तक होगी। यह बहस सभ्य समाज के कानूनी, नैतिक, मानवाधिकार, स्वास्थ्य, धार्मिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जटिलताओं और गतिशील पहलुओं को भी सोचने पर विवश करेगी।

इच्छामृत्यु शब्द की उत्पत्ति भारत में नहीं, ग्रीस में हुई थी, जिसका अर्थ होता है एक सुखद मृत्यु! कानून में 'जीवन का अधिकार' अनुच्छेद 21 में निहित है, जो एक प्राकृतिक अधिकार भी है, लेकिन आत्महत्या जीवन का अप्राकृतिक अंत है और इसलिए 'जीवन के अधिकार' की अवधारणा के साथ असंगत और विरोधाभासी भी है। भारत में आत्महत्या गैरकानूनी होने के बावजूद भी नहीं रुकती, लेकिन इच्छामृत्यु का नाम सुनकर न सिर्फ रोंगटे खड़े होते हैं, बल्कि भावनाओं का समुद्र हिचकौले मारने लगता है।

हरीश राणा का मामला सबसे इतर है। बीते 13 वर्षों से उनके दर्द भरे जीवन को और लंबा नहीं खींचा जा रहा है। हरीश को विरह भरे जीवन से मुक्ति दिलवाने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं है? शीर्ष अदालत ने हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति दे दी है, जिसे चिकित्सकीय निगरानी में उनकी अंतिम सांसों को प्राकृतिक बनाया जाएगा।

बेशक ये निर्णय पहला है, पर आखिरी हो? आखिरी इसलिए, अगर इच्छा मृत्यु पर निर्णय देने का सिलसिला आगे भी चला, तो इसके दुरुपयोग होने लगेंगे, क्योंकि समाज में नैतिकता और न्याय का पतन तेजी से जारी है। भारत के कोने-कोने में ऐसे असंख्य मामले भरे हैं, जहां बीमार बुजुर्गों के परिजन उनकी धन-दौलत, संपत्तियों पर कब्ज़ा करने के लिए उनके मरने के इंतजार में हैं। ऐसे में वो भी उनकी इच्छामृत्यु की चाह लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचने लगेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)



माता-पिता केवल अच्छी सलाह दे सकते हैं या बच्चों को सही राह दिखा सकते हैं, लेकिन किसी व्यक्ति के चरित्र का अंतिम निर्माण उसके स्वयं के हाथों में होता है।
**-ऐनी फ्रैंक**, जर्मन डायरी लेखिका

## क्रूड ऑयल और वैश्विक ऊर्जा संघर्ष




राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में क्रूड ऑयल केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं रह गया है, बल्कि यह आर्थिक शक्ति, कूटनीतिक रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का एक महत्वपूर्ण साधन बन चुका है। औद्योगिक समाज की संरचना इस प्रकार विकसित हुई है कि परिवहन, उद्योग, रक्षा, बिजली उत्पादन और वैश्विक व्यापार जैसे लगभग सभी क्षेत्रों की ऊर्जा आवश्यकताएं किसी न किसी रूप में तेल पर निर्भर हैं। क्रूड ऑयल की उपलब्धता, उसकी कीमत और आपूर्ति की स्थिरता सीधे तौर पर वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक संबंधों को प्रभावित करती है। इस दृष्टि से क्रूड ऑयल को आधुनिक विश्व व्यवस्था का एक रणनीतिक संसाधन माना जाता है।

ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा ने कई अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों और राजनीतिक निर्णयों को प्रभावित किया है। मध्य-पूर्व क्षेत्र इसका प्रमुख उदाहरण है। सऊदी अरब, ईरान, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के पास विश्व के विशाल तेल भंडार मौजूद हैं। इसी कारण से यह क्षेत्र लंबे समय से वैश्विक राजनीति के केंद्र बने हुए हैं। ऊर्जा आपूर्ति के मार्गों, विशेष रूप से फारस की खाड़ी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य का रणनीतिक महत्व भी इसी संदर्भ में समझा जा सकता है। इन समुद्री मार्गों से होकर विश्व के बड़े हिस्से का तेल निर्यात होता है, इसलिए इस क्षेत्र में उत्पन्न होने वाला कोई भी सैन्य या राजनीतिक तनाव वैश्विक ऊर्जा बाजार को प्रभावित करता है।

वर्तमान समय में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच तनाव भी ऊर्जा राजनीति से गहराई से जुड़ा हुआ है। ईरान मध्य-पूर्व का एक महत्वपूर्ण तेल उत्पादक देश है और उस पर लगाए गए अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों का सीधा प्रभाव वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ता है। अमेरिका लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसकी क्षेत्रीय नीतियों को लेकर दबाव बनाता रहा है। दूसरी ओर, इजरायल भी ईरान को अपनी सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा मानता है। जब भी इस क्षेत्र में सैन्य संघर्ष की आशंका बढ़ती है, तब वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता देखने को मिलती है और तेल की कीमतों में अचानक वृद्धि हो जाती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि ऊर्जा संसाधनों से जुड़ी घटनाएं केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक महत्व रखती हैं।

मध्य-पूर्व के अतिरिक्त लैटिन अमेरिका भी क्रूड ऑयल की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वेनेजुएला विश्व के सबसे बड़े तेल भंडारों वाले देशों में से एक है। पिछले कुछ वर्षों में वेनेजुएला की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों ने वहां के तेल उद्योग को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच लंबे समय से राजनीतिक मतभेद रहे हैं और अमेरिकी प्रतिबंधों ने वेनेजुएला की तेल अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है। इस स्थिति का प्रभाव वैश्विक तेल आपूर्ति और कीमतों पर भी पड़ा है, क्योंकि वेनेजुएला के तेल उत्पादन में किसी भी प्रकार का बदलाव अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा बाजार को प्रभावित करता है।

इसी प्रकार रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध ने भी वैश्विक ऊर्जा राजनीति को नए आयाम प्रदान किए हैं। रूस विश्व के प्रमुख ऊर्जा निर्यातकों में से एक है और यूरोप लंबे समय तक रूसी तेल और गैस पर निर्भर रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, जिनमें ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े प्रतिबंध भी शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप वैश्विक ऊर्जा व्यापार के मार्गों में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिले हैं। रूस ने अपने तेल निर्यात को एशियाई देशों, विशेष रूप से भारत और चीन, की ओर मोड़ दिया है। इस परिवर्तन ने वैश्विक ऊर्जा बाजार की संरचना को प्रभावित किया है और यह दर्शाया है कि क्रूड ऑयल अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में एक प्रभावी उपकरण के रूप में कार्य कर सकता है।

भारत जैसे विकासशील देशों के लिए क्रूड ऑयल की राजनीति का विशेष महत्व है। भारत विश्व के सबसे बड़े तेल आयातक देशों में से एक है और अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग अधिकांश हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा करता है, इसलिए वैश्विक तेल बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। यदि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि होती है, जिससे परिवहन लागत बढ़ती है और वस्तुओं के दामों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ती है और आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है।

भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई है। भारत विभिन्न देशों से तेल आयात करके अपनी ऊर्जा आपूर्ति को विविध स्रोतों से प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। रूस, सऊदी अरब, इराक और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के साथ ऊर्जा सहयोग इसी नीति का हिस्सा है। इसके अतिरिक्त भारत ने सामरिक तेल भंडार के निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा के विकास पर भी जोर दिया है, ताकि भविष्य में ऊर्जा संकट की स्थिति में देश की अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक दबाव न पड़े।

वर्तमान समय में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसी वैकल्पिक ऊर्जा प्रणालियों का विकास तेजी से हो रहा है, फिर भी निकट भविष्य में क्रूड ऑयल की वैश्विक भूमिका पूरी तरह समाप्त होने की संभावना नहीं है। विश्व की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं अभी भी पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर हैं और वैश्विक परिवहन प्रणाली का बड़ा हिस्सा तेल आधारित ईंधन पर आधारित है, इसलिए आने वाले दशकों में भी क्रूड ऑयल अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और आर्थिक नीति का एक केंद्रीय तत्व बना रहेगा। यह कहा जा सकता है कि क्रूड ऑयल आधुनिक विश्व राजनीति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावशाली संसाधन है।


> सऊदी अरब, ईरान, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के पास विश्व के विशाल तेल भंडार मौजूद हैं। इसी कारण से यह क्षेत्र लंबे समय से वैश्विक राजनीति का केंद्र बने हुए हैं।

### आमने सामने




ईरान नेशनल सॉकर टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी अपनी जान और सेफ्टी के लिए उनका वहां होना सही है। इस मामले पर ध्यान देने के लिए उनका धन्यवाद।
**-डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति

विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतर्राष्ट्रीय इवेंट है। इसकी गवर्निंग बॉडी फीफा है, कोई एक देश नहीं। ईरान की नेशनल टीम, जिसमें ईरान के बहादुर बेटों की ताकत और कई अहम जीतें हैं, इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीमों में से एक थी।
**-मोजतबा खामेनेई**
सुप्रीम लीडर, ईरान



## 'डूबते' डेल्टा और संकट में भारत का भविष्य


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भारत की नदियां वास्तव में करोड़ों लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं, लेकिन ताजा मौसमी बदलाव, नदी के किनारे रहने वालों के लिए अस्तित्व का खतरा बन रहे हैं। गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी और गोदावरी जैसे विशाल नदी तंत्रों ने हज़ारों वर्षों में अपनी लाई गई उपजाऊ मिट्टी यानी गाद से भारत के पूर्वी तट पर विशाल डेल्टाओं का निर्माण किया है। ये डेल्टा न केवल करोड़ों लोगों का घर हैं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी हैं। ये तटीय क्षेत्र जैव विविधता के केंद्र होने के साथ-साथ प्रकृति का एक ऐसा अनमोल संतुलन हैं, जो समुद्र और जमीन के बीच एक सुरक्षा कवच का काम करते हैं।

प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका 'नेचर' में प्रकाशित हालिया रिपोर्टों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है, जिसे नजरअंदाज करना अब संभव नहीं है। यह रिपोर्ट बताती है कि भारत के प्रमुख नदी डेल्टा और उनके किनारे तेजी से डूब रहे हैं। कई स्थानों पर जमीन के डूबने की दर वैश्विक समुद्र स्तर में वृद्धि की दर से भी अधिक है। यह संकट केवल जलवायु परिवर्तन और समुद्र के स्तर के बढ़ने का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे मानवीय गतिविधियां मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

वैज्ञानिक भाषा में इसे 'भूमि अवतलन' कहते हैं। इसका मतलब है जमीन का अपनी जगह पर नीचे धंस जाना। जब समुद्र का स्तर ऊपर उठता है और साथ ही साथ जमीन नीचे बैठती है, तो तटीय इलाकों पर दोतरफा खतरा मंडराने लगता है। नेचर की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा-ब्रह्मपुत्र, गोदावरी, महानदी और कृष्णा डेल्टा अत्यधिक संवेदनशील हैं। इसका सबसे बड़ा कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जब हम जमीन के नीचे से पानी निकालते हैं, तो पानी की जगह खाली हो जाती है। यह पानी मिट्टी के कणों के बीच एक दबाव बनाए रखता है। जब यह पानी निकाल लिया जाता है, तो ऊपर की मिट्टी का भार उन कणों को दबा देता है, जिससे जमीन धंसने लगती है।

डेल्टा क्षेत्र घनी आबादी वाले हैं, जहां खेती और उद्योगों के लिए पानी की भारी मांग है। कोलकाता जैसे शहर, जो गंगा डेल्टा पर स्थित हैं, इसका प्रमुख उदाहरण हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन क्षेत्रों में जितना पानी रिचार्ज यानी फिर से भरना नहीं हो पाता, उससे कहीं ज्यादा निकाला जा रहा है। शहर की बढ़ती प्यास को बुझाने के लिए गहरे नलकूपों का सहारा लिया जा रहा है, जिससे भूमिगत जलस्तर खतरनाक स्तर तक गिर गया है।

ब्राह्मणी और महानदी के डेल्टा सबसे चिंताजनक स्थिति में हैं। नेचर के डेटा के अनुसार, इन दोनों नदियों के डेल्टा क्षेत्र अत्यंत तेजी से डूब रहे हैं। इसका कारण इन नदियों की भौगोलिक संरचना और उन पर मानवीय हस्तक्षेप है। महानदी, जो छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के सिहावा पर्वत से निकलकर, छत्तीसगढ़ और ओडिशा से बहती हुई बंगाल की खाड़ी में विसर्जित होती है, ने हजारों वर्षों से तटीय मैदानों का निर्माण किया है, लेकिन अब हीराकुंड जैसे बड़े बांधों के कारण, महानदी अपनी उपजाऊ गाद समुद्र तक नहीं पहुंचा पा रही है। ब्राह्मणी नदी, जो झारखंड में कोयल और शंख नदियों के मिलन से बनती है और ओडिशा के तट पर विसर्जित होती है, भी इसी समस्या से जूझ रही है। बांधों की वजह से गाद की आपूर्ति रुकने से डेल्टा का प्राकृतिक नवीनीकरण बंद हो गया है और समुद्र की लहरें इसे तेजी से निगल रही हैं।

नदियां केवल पानी नहीं लातीं, वे अपने साथ हिमालय और अन्य पहाड़ों से महीन मिट्टी और तलछट यानी सेडिमेंट लाती हैं। यह गाद डेल्टा के किनारे पर जमा होकर नई जमीन बनाती है और उसे समुद्र के स्तर से ऊपर रखती है। प्राकृतिक रूप से डेल्टा का विकास गाद के जमा होने से होता है। पिछले कुछ दशकों में नदियों पर बने बड़े बांधों और बैराजों ने इस प्रक्रिया को रोक दिया है। बांधों में गाद जमा हो जाती है और नदियों का बहाव धीमा होने से वह डेल्टा तक नहीं पहुंच पाती। जब गादविहीन पानी समुद्र की ओर बहता है, तो उसमें मिट्टी को काटने की शक्ति अधिक होती है।


यह पानी डेल्टा के किनारों को तेजी से काटता है, जिससे तटीय क्षरण यानी कोस्टल इरोज़न होता है। बांधों ने नदियों की प्राकृतिक कार्यप्रणाली को बदल दिया है, जिससे समुद्र किनारे का संतुलन बिगड़ गया है। डेल्टा क्षेत्र में तेजी से शहरों का विस्तार हो रहा है। गगनचुंबी इमारतें, सड़कें, पुल और बंदरगाहों का निर्माण मिट्टी पर भारी दबाव डालता है। नरम जलोढ़ मिट्टी यानी अलुवियल सॉइल इस अतिरिक्त भार को सहन नहीं कर पाती और धीरे-धीरे नीचे बैठने लगती है। शहरीकरण के कारण कंक्रीटीकरण बढ़ गया है, जिससे पानी जमीन के अंदर नहीं जा पाता और भूजल का पुनर्भरण रुक जाता है। यह केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं है, बल्कि एक बड़ा मानवीय संकट है। 'नेचर' की रिपोर्टें चेतावनी देती है कि यदि हमने अपनी विकास नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो परिणाम भयावह होंगे। तटीय समुदाय पहले से ही गरीबी और मौसम की मार झेल रहे हैं, और यह नया संकट उन्हें और अधिक हाशिए पर धकेल देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत के प्रमुख नदी डेल्टा और उनके किनारे तेजी से डूब रहे हैं। इसके पीछे मानवीय गतिविधियां मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

### सोशल फोरम

## तालिबान और मासूम नूरी



छोटी सी नूरी के पिता ख़तम हो जाते हैं। घर में कमाने वाला कोई नहीं बचता। भूख, बेबसी और अनिश्चितता से भरे दो साल तक नूरी किसी तरह अपनी मां और छोटी बहनों के साथ सर्वाइव करती है। फाकाकशी इतनी बढ़ जाती है कि भूखों मरने की नौबत आ जाती है।


वाचस्पति शर्मा
सीरियस व्यंग्यकार

अंततः नूरी कैंची उठाती है और अपने बाल काटकर पश्तो टोपी पहनकर लड़के का भेश बनाकर काम ढूंढने निकल पड़ती है। नाम बताती है 'नूर मोहम्मद'। वो दो साल तक एक रोडसाइड ढाबे पे लड़का बनकर काम करती है और फिर कोई लोकल आदमी तालिबानी अथॉरिटी को नूरी की सच्चाई बता देता है।

तालिबानी आकर नूरी को उठाकर जेल में डाल देते हैं। नूरी का क्राइम बताया कि वो लड़की होने के बावजूद काम क्यों रही थी। अभी 13 साल की छोटी सी नूरी जेल में है।

सोचिए उस छोटी सी बच्ची ने दो साल तक किस कदर मानसिक, आर्थिक और शारीरिक शोषण सहा होगा? किसी भी तानाशाही, धार्मिक, कट्टरवादी सत्ता का सबसे पहला शिकार औरतें और बच्चे होते हैं। ये कोई दूर देश की कहानी नहीं है, अगर हम अपने समाज में झांकें तो नूरी से भी कही ज्यादा वीभत्स कहानियां देखने को मिल जाएंगी, लेकिन हमारी स्थिति उनसे इस लिहाज से और भी ज्यादा बदतर है। हमने 'महिलाओं की आज़ादी' का नारा लगाकर उनकी पीड़ा को सामान्य बना लिया है और देश का एक बड़ा तबका यथास्थिति से पूरी तरह संतुष्ट है और इसके समर्थन में है, जबकि सच्चाई ये है कि अपने यहां ऐसी तमाम नूरियां शहर-शहर, गांव-गांव में दिन रात पिस रही हैं।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 860 मिलियन से अधिक डिजिटल हेल्थ आईडी बनाई जा चुकी हैं। यह विशाल डेटाबेस अब एआई की मदद से टीबी जैसी बीमारियों की पहचान एक्स-रे के जरिए पल भर में संभव हो रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में गेम-चेंजर साबित हो रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में एआई को एकीकृत करने के तरीके पर एसएएचआई, एक सिफारिशी राष्ट्रीय ढांचे के रूप में कार्य करती है। राष्ट्रीय ढांचे के रूप में शुरू की गई एसएएचआई, पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा वितरण में एआआई को एकीकृत करने के लिए एक संरचित रोडमैप की रूपरेखा पेश करती है। इसका मकसद नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और प्रौद्योगिकी विकासकर्ताओं को एआई को जिम्मेदारी से अपनाने के लिए मार्गदर्शन देना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नवाचार नैदानिक आवश्यकताओं, नियामक मानकों, समानता संबंधी विचारों और जनविश्वास के अनुरूप हो।


डॉ. ओपी त्रिपाठी
लेखक

प्रएसएएचआई समावेशी विकास को अपना मुख्य लक्ष्य बनाती है, जिसके तहत जनहित के उद्देश्य से इस अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग की ज़रूरत पर बल देते हुए विकसित भारत 2047 का निर्माण करने पर ज़ोर दिया जाता है। यह रणनीति स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ, समयबद्ध, उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती बनाने में एआई की बदलावकारी भूमिका और क्षमता को पहचानती है, इसे एक शक्तिशाली नवोन्मेषी शक्ति के साथ-साथ जन स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक सहायक के रूप में देखती है।

इसका मकसद विश्वसनीय, जोखिम-अनुरूप शासन और मजबूत डिजिटल और डेटा आधार स्थापित करना है, ताकि एआई का बड़े पैमाने पर सुरक्षित, नैतिक और जवाबदेह उपयोग किया जा सके। इसका लक्ष्य भविष्य के लिए तैयार स्वास्थ्य कार्यबल और संस्थानों का निर्माण करना भी है, साथ ही एक स्थायी और समावेशी एआई-फॉर-हेल्थ व्यवस्था को बढ़ावा देना है, जो समानता, गुणवत्ता, दक्षता और जनविश्वास को आगे बढ़ाता है। इस फ्रेमवर्क के पांच प्रमुख स्तंभ शासन और साक्ष्य निर्माण मानकों, सुरक्षित, नैतिक, मजबूत और पारदर्शी डिजिटल और डेटा अवसंरचना और कार्यबल की तैयारी पर केंद्रित हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2018 में शुरू हुई एआई रणनीति अब हकीकत बन रही है। 'स्कैडा ब्रेनसीटी' जैसे एआई टूल्स ने टियर-2 और टियर-3 शहरों में विशेषज्ञों की कमी को दूर कर दिया है। अब छोटे शहरों के मरीजों को भी मुंबई या दिल्ली जैसे बड़े शहरों के स्तर का न्यूरो-डायग्नोसिस मिल रहा है। यह तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं का लोकतंत्रीकरण कर रही है, जिससे भौगोलिक दूरियां अब इलाज के आड़े नहीं आतीं।

राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन रणनीति अवलोकन (2020) ने इस दृष्टिकोण को कार्यान्वयन रोडमैप में और आगे बढ़ाया। इसमें यह स्वीकार किया गया कि एआई, आईओटी, ब्लॉकचेन और क्लाउड कंप्यूटिंग एक अधिक समग्र डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र के लिए अतिरिक्त अवसर प्रदान करते हैं। यह एक ऐसी व्यवस्था है, जो समान पहुंच बढ़ा सकती है, स्वास्थ्य परिणामों में सुधार कर सकती है और लागत कम कर सकती है। इसमें परिकल्पना की गई कि आधुनिक एआई तकनीकें स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को मौजूदा स्वास्थ्य रिकॉर्ड प्रारूपों से प्रासंगिक जानकारी निकालने और अंदर संचालनीय डेटा मानकों में बदलाव लाने में मदद करेंगी। साथ ही सरकार एआई प्रणालियों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश और मानक निर्धारित करने के लिए प्रतिबद्ध है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# तन सु शान
## एक प्रेरक यात्रा

आज दुनिया में महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं, तन सु शान भी उनमें से एक हैं। तन सु शान सिंगापुर की एक प्रमुख व्यावसायिक नेता हैं, जो दक्षिण पूर्व एशिया की सबसे बड़ी बैंकिंग संस्था डीबीएस बैंक की ग्रुप सीईओ के रूप में जानी जाती हैं। मार्च 2025 में उन्होंने यह पद संभाला, जिससे वे डीबीएस की पहली महिला सीईओ बनीं। फॉर्च्यून पत्रिका ने उन्हें 2025 में एशिया की सबसे प्रभावशाली महिला व्यवसायी के रूप में नामित किया। सिंगापुर में स्थित डीबीएस, जो 637 बिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति वाली एशिया की अग्रणी बैंक है, के नेतृत्व में तन सु शान ने बैंक को डिजिटल इनोवेशन, वेल्थ मैनेजमेंट और सस्टेनेबल फाइनेंस में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।



रूफिया खान
शिक्षिका

### प्रारंभिक जीवन और शिक्षा

तन सु शान का जन्म सिंगापुर में हुआ था, जहां उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। उनकी रुचि हमेशा से अर्थशास्त्र, राजनीति और दर्शनशास्त्र में रही, जो उनकी बाद की करियर में स्पष्ट रूप से झलकती है। 1986 से 1989 तक, उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के लिंकन कॉलेज से राजनीति, दर्शनशास्त्र और अर्थशास्त्र में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम.ए.) की डिग्री प्राप्त की। यह डिग्री उन्हें वैश्विक आर्थिक और सामाजिक मुद्दों की गहरी समझ प्रदान करने वाली साबित हुई।

शिक्षा के बाद, उन्होंने नेतृत्व विकास पर फोकस किया। उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, स्टैनफोर्ड बिजनेस स्कूल और सिंगुलैरिटी यूनिवर्सिटी से एक्जीक्यूटिव लीडरशिप कोर्स पूरे किए, जो आधुनिक बैंकिंग में एआई और इनोवेशन के उनके दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं। उनकी शिक्षा ने उन्हें न केवल वित्तीय विशेषज्ञ बनाया, बल्कि एक रणनीतिक विचारक के रूप में भी स्थापित किया, जो जटिल वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं।

### करियर की यात्रा

- तन सु शान के पास उपभोक्ता बैंकिंग, वेल्थ मैनेजमेंट और संस्थागत बैंकिंग में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उनकी यात्रा वैश्विक स्तर पर फैली हुई है, जिसमें लंदन, टोक्यो, हांगकांग और सिंगापुर जैसे शहर शामिल हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1990 से सिटीबैंक और आईएनजी बैरिंग्स से की, जहां वे लंदन, टोक्यो और हांगकांग में कार्यरत रहीं। 1997 से 2005 तक, वे मॉर्गन स्टेनली में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहीं और फिर 2008 से 2010 तक मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में कार्य किया। इस दौरान, उन्होंने साउथ-ईस्ट एशिया के लिए प्राइवेट वेल्थ मैनेजमेंट का नेतृत्व किया। 2005 से 2008 तक, वे सिटी में मैनेजिंग डायरेक्टर रहीं, जहां उन्होंने एशियाई बाजारों में वेल्थ मैनेजमेंट को मजबूत किया।
- 2010 में डीबीएस जॉइन करने के बाद, उन्होंने ग्रुप हेड ऑफ कंज्यूमर बैंकिंग एंड वेल्थ मैनेजमेंट का पद संभाला, जिसे उन्होंने लगभग एक दशक तक नेतृत्व किया। इस अवधि में, डीबीएस की वेल्थ एसेट्स 20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ीं और 2017 के अंत तक 156 बिलियन डॉलर तक पहुंच गईं, जिससे डीबीएस दुनिया के शीर्ष छह वेल्थ मैनेजर्स में शामिल हो गया। 2019 से, वे इंस्टीट्यूशनल बैंकिंग की एमडी और हेड बनीं और डीबीएस हांगकांग की डिप्टी चेयरमैन भी रहीं। इसके अलावा, उन्होंने 10 वर्षों तक पीटी बैंक डीबीएस इंडोनेशिया की प्रेसिडेंट कमिश्नर के रूप में सेवा की।
- 2012 से 2014 तक, वे सिंगापुर की संसद में नामित सांसद रहीं, जहां उन्होंने फाइनेंशियल सेक्टर की नीतियों पर योगदान दिया। उनकी यात्रा में स्टैंडर्ड चार्टर्ड और यूओबी जैसे अन्य बैंकों का भी योगदान रहा, लेकिन डीबीएस में उनका 15 वर्षों का कार्यकाल सबसे महत्वपूर्ण रहा।

### डीबीएस में सीईओ के रूप में भूमिका

मार्च 2025 में ग्रुप सीईओ बनने के बाद, तन सु शान ने डीबीएस को 'जनरेटिव एआई एनेबल्ड बैंक विद ए हार्ट' के रूप में परिभाषित किया। मैकिन्से के साथ एक साक्षात्कार में, उन्होंने बताया कि कैसे एआई का उपयोग ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग के लिए किया जा रहा है, जो दक्षता बढ़ाते हुए मानवीय स्पर्श बनाए रखता है। उनके नेतृत्व में, डीबीएस ने एशियाई फाइनेंस को ट्रांसफॉर्म करने पर फोकस किया, विशेष रूप से सस्टेनेबल फाइनेंस, डिजिटल इनोवेशन और क्षेत्रीय विस्तार पर। वे कॉर्पोरेट एंड कमर्शियल बैंकिंग को ग्लोबल हेड के रूप में भी जारी रख रही हैं, जो डीबीएस की संस्थागत क्षमताओं को मजबूत करता है। उनके विजन में, बैंकिंग को अधिक समावेशी और तकनीकी रूप से उन्नत बनाना शामिल है, जो एशिया की उभरती अर्थव्यवस्थाओं के अनुरूप है।

### उनके विचार


तन सु शान के अनुसार, "सच्चा नेतृत्व कमरे में सबसे बुद्धिमान व्यक्ति होने के बारे में नहीं है, बल्कि सही प्रश्न पूछने और दूसरों को आगे बढ़ने का अवसर देने के बारे में है।" मीडियम लेख में उन्होंने टीम संस्कृति और भावनात्मक सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की है। उनका मानना है कि जब नेता विनम्रता और सहयोग की भावना के साथ काम करता है, तो टीम के सदस्य स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करते हैं। ऐसे वातावरण में लोग खुलकर अपने विचार रखते हैं और अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर पाते हैं। इस दृष्टिकोण से वे युवा नेताओं को यह महत्वपूर्ण सीख देती हैं कि वास्तविक सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासों से प्राप्त होती है। इसके साथ ही, कतर इकोनॉमिक फोरम में बोलते हुए, उन्होंने डिजिटल युग में व्यक्तिगत संबंधों पर जोर दिया। यह प्रेरक विचार बताता है कि तकनीक कितनी भी उन्नत हो, भावनात्मक जुड़ाव ही विश्वास बनाता है। तन सु शान का मानना है कि बैंकिंग में यह ग्राहक वफादारी की नींव है, जो हमें सिखाता है कि व्यवसाय में मानवीय पक्ष को कभी न भूलें।

### उपलब्धियां और पुरस्कार

तन सु शान की उपलब्धियां उन्हें एशिया की शीर्ष महिला नेताओं में शुमार करती हैं। उनकी कुछ प्रमुख उपलब्धि इस प्रकार हैं -

- 2013 - प्राइवेट बैंकर इंटरनेशनल द्वारा 'आउटस्टैंडिंग प्राइवेट बैंकर ऑफ द ईयर' - एशिया की पहली प्राप्तकर्ता।
- 2013 - वेल्थब्रीफिंगएशिया द्वारा 'आउटस्टैंडिंग इंडिविजुअल कंट्रीब्यूशन टू एशियन वेल्थ मैनेजमेंट'।
- 2012 - इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस द्वारा 'डिस्टिंग्विश्ड फाइनेंशियल इंडस्ट्री कॉम्पिटेंट प्रोफेशनल'।
- 2014 - पीडब्ल्यूएम/द बैंक (फाइनेंशियल टाइम्स ग्रुप) द्वारा ''वर्ल्ड बेस्ट लीडर इन प्राइवेट बैंकिंग' - पहली सिंगापुरियन।
- 2018 - डिजिटल बैंकर द्वारा 'रिटेल बैंकर ऑफ द ईयर'।
- 2018 - फोर्ब्स द्वारा 'टॉप 25 इमर्जेंट एशियन वुमन बिजनेस लीडर'।
- 2019 - द एसेट द्वारा एशिया की छह महिलाओं में से एक, जो बैंकिंग को आकार देंगी।

इसके अलावा, उनके नेतृत्व में डीबीएस ने उपभोक्ता बैंकिंग में क्रांतिकारी बदलाव किए, जो एशिया में डिजिटल बैंकिंग का मॉडल बने।



### प्रभाव और भविष्य की दिशा

तन सु शान का प्रभाव न केवल डीबीएस पर, बल्कि पूरे एशियाई फाइनेंशियल सेक्टर पर पड़ा है। उन्होंने महिलाओं को नेतृत्व में प्रोत्साहित किया और सिंगापुर की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दिया। उनके तहत, डीबीएस ने जेनरेटिव एआई को अपनाया, जो ग्राहकों को व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करता है। भविष्य में, वे सस्टेनेबिलिटी और इनक्लूसिव ग्रोथ पर फोकस करेंगी, जो एशिया की बदलती चुनौतियों का सामना करने में मदद करेगी। तन सु शान, डीबीएस बैंक की ग्रुप सीईओ, अपनी नेतृत्व शैली, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और एआई युग में मानवीय स्पर्श पर गहन अंतर्दृष्टि के लिए जानी जाती हैं। उनके विचार महिलाओं, नेताओं और पेशेवरों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक हैं, जो दृढ़ता, सहानुभूति और दीर्घकालिक दृष्टि पर जोर देते हैं। तन सु शान एक ऐसी नेता हैं, जिनकी बुद्धिमत्ता, दृढ़ता और इनोवेटिव सोच ने उन्हें वैश्विक पटल पर स्थापित किया है। उनकी कहानी युवा पेशेवरों, विशेष रूप से महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

---

**जॉब का पहला दिन**

## जब मुझे बताना पड़ा, मैं यहां की अफसर हूं

फिल्मी रील्स में अक्सर जीवन का सजा-धजा रूप दिखाया जाता है। उसमें जीवन को किसी न किसी तरह के दिखावे और चमक-दमक में फ्रेम कर दिया जाता है, लेकिन मेरी ज्वाइनिंग के पहले दिन का अनुभव बिल्कुल अलग था। वह जीवन की सच्चाई थी बिना किसी फिल्टर के, बिल्कुल वास्तविक। मेरा चयन उत्तराखंड स्टेट सिविल सर्विसेज़ (पीसीएस) परीक्षा 2010 के माध्यम से हुआ था। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद जब मुझे पहली पोस्टिंग के स्थान का पता चला, तो वह था ओखलकांडा, नैनीताल जिले का एक बेहद दुर्गम क्षेत्र। सच कहूं तो इससे पहले मैंने इस जगह का नाम भी कभी नहीं सुना था। मन में उत्सुकता भी थी और थोड़ी चिंता भी।

5 जून 2015 का वह दिन आज भी मुझे अच्छी तरह याद है, जब मैंने ओखलकांडा में अपनी ज्वाइनिंग की। यह अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। नैनीताल जिले का यह सबसे दुर्गम क्षेत्र माना जाता है। रास्ते में दूर-दूर तक कोई वाहन दिखाई नहीं देता था, न ही कहीं घरों की कतारें थीं। मेरे कार्यालय तक पहुंचने के लिए मुझे लगभग डेढ़ किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। जब मैं ऑफिस पहुंची तो वहां कुछ लोग पहले से बैठे हुए थे। कुछ शिक्षक अपने काम से आए हुए थे और उस समय अपॉइंटमेंट तथा ट्रांसफर का दौर चल रहा था। कुछ क्लर्क भी वहां मौजूद थे। मैं करीब एक घंटे तक वहीं बैठी रही। मन में यह इच्छा थी कि स्टाफ और कर्मचारियों से बातचीत करके वहां की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी लूं, लेकिन शायद उन्होंने यह समझ लिया था कि मैं भी कोई शिक्षक हूं, जो अपने ट्रांसफर या किसी अन्य काम के सिलसिले में वहां आई हूं। काफी देर तक जब किसी ने मुझसे कुछ नहीं पूछा, तो अंततः मैंने ही उनसे पूछ लिया कि उप शिक्षा अधिकारी का कार्यालय कहां है और उनका कमरा कौन-सा है। उनमें से एक व्यक्ति ने जवाब दिया कि यहां अभी कोई कमरा तय नहीं है और यहां अभी कोई उप शिक्षा अधिकारी भी नहीं है। हां, इतना जरूर बताया कि जल्द ही कोई नए उप शिक्षा अधिकारी आने वाले हैं। तब मैंने मुस्कराते हुए कहा, "मैं ही वह नई उप शिक्षा अधिकारी हूं, मेरा नाम कमलेश्वरी मेहता है।"



कमलेश्वरी मेहता
ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर
गरुड़, बागेश्वर

यह सुनते ही वहां मौजूद सभी लोग एकदम से खड़े हो गए। उनके चेहरे पर आश्चर्य साफ दिखाई दे रहा था। उन्होंने तुरंत कहा, "सॉरी मैम, हमने आपको पहचाना नहीं। हमें लगा कि आप कोई टीचर होंगी, जो अपने काम के लिए यहां आई हैं।" इसके बाद उन्होंने मुझे सम्मानपूर्वक अंदर बुलाया, मेरा कमरा दिखाया और बैठने का आग्रह किया। थोड़ी ही देर में चाय भी आ गई। इसी तरह मेरे पहले दिन की शुरुआत हुई। शुरुआत में वहां सुविधाओं का अभाव था और परिस्थितियां भी चुनौतीपूर्ण थीं, लेकिन उसी कठिन इलाके में काम करते हुए मैंने अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाया। ओखलकांडा में ज्वाइनिंग का वह पहला दिन मेरे जीवन का ऐसा अनुभव बन गया, जिसने मुझे आगे आने वाली हर चुनौती का सामना करने की ताकत दी।



---


## उधम सिंह और जलियांवाला बाग का प्रतिशोध

शहीद-ए-आजम सरदार उधम सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन महान क्रांतिकारियों में से एक हैं, जिनका नाम साहस, संकल्प और अदम्य देशभक्ति का प्रतीक बन चुका है। दूसरे शब्दों में कहें तो उधम सिंह, जिन्हें बाद में राम मोहम्मद सिंह आज़ाद के नाम से भी जाना गया। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के ऐसे योद्धा थे जिन्होंने जलियांवाला बाग के शहीदों के लिए न्याय की लड़ाई को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। उनका बचपन का नाम शेर सिंह था। उनका जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम नगर में हुआ था। उनके पिता सरदार टहल सिंह रेलवे विभाग में ओवरसियर (चौकीदार) के रूप में कार्य करते थे और माता का नाम नारायण कौर था।



सुनील कुमार महला
लेखक

दुर्भाग्यवश बचपन में ही उनके माता-पिता का निधन हो गया। परिणामस्वरूप उन्हें और उनके बड़े भाई मुक्ता सिंह को अमृतसर के सेंट्रल खालसा अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। यही अनाथालय उनका घर बना और यहीं रहकर उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने 1918 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। अनाथालय के अनुशासन और कठिन परिस्थितियों ने उनके व्यक्तित्व में आत्मनिर्भरता और दृढ़ता का विकास किया। 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में हुआ भीषण नरसंहार उनके जीवन का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। उस समय वे अमृतसर में ही थे और



कहा जाता है कि गोलीबारी के बाद वे घायल लोगों को पानी पिला रहे थे। इस अमानवीय घटना ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला और उन्होंने इसके लिए जिम्मेदार लोगों से बदला लेने का संकल्प कर लिया। वे इस घटना के लिए पंजाब के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओ'ड्वायर को जिम्मेदार मानते थे। दरअसल 1919 में ब्रिटिश सरकार ने रॉलेट एक्ट नामक काला कानून पारित किया था, जिसके तहत किसी भी व्यक्ति को बिना मुकदमे के गिरफ्तार किया जा सकता था। इस कानून के विरोध में पूरे देश में आंदोलन शुरू हो गया। अमृतसर में लोकप्रिय नेता सैफुद्दीन किचलू और डॉ. सत्यपाल की गिरफ्तारी के विरोध में 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में एक शांतिपूर्ण सभा आयोजित की गई। उस दिन वैशाखी का पर्व भी था, इसलिए हजारों लोग वहां एकत्र हो गए थे। जब इस सभा की सूचना ब्रिटिश अधिकारी जनरल डायर को मिली तो वह लगभग 90 सैनिकों के साथ वहां पहुंचा। बिना किसी चेतावनी के उसने भीड़ पर गोली चलाने का आदेश दे दिया।

सैनिकों ने लगभग दस मिनट तक लगातार गोलियां चलाईं और सैकड़ों लोग वहीं ढेर हो गए। जान बचाने के लिए कई लोग बाग के कुएं में कूद गए, जिसे आज 'शहीदी कुआं' के नाम से जाना जाता है। नरसंहार के बाद अमृतसर में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और लोगों पर अमानवीय अत्याचार किए गए। इस घटना ने उधम सिंह के मन में प्रतिशोध की तीव्र भावना भर दी। उन्होंने लगभग 21 वर्षों तक धैर्यपूर्वक अवसर की प्रतीक्षा की। इस दौरान वे अफ्रीका, अमेरिका और यूरोप जैसे देशों की यात्रा करते हुए क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़े रहे। 1934 में वे लंदन पहुंचे और वहां उन्होंने राम मोहम्मद सिंह आजाद नाम अपनाया, जो भारत की सांप्रदायिक एकता का प्रतीक था। यह भी उल्लेखनीय है कि उधम सिंह, शहीद भगत सिंह को अपना गुरु मानते थे। वे उम्र में उनसे बड़े थे, फिर भी उन्हें अपना मार्गदर्शक समझते थे। कहा जाता है कि उनकी जेब में हमेशा भगत सिंह की तस्वीर रहती थी। इसके अलावा वे अमेरिका में सक्रिय गदर पार्टी से भी जुड़े रहे और भारत की स्वतंत्रता के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन जुटाने का प्रयास करते रहे।

अंततः 13 मार्च 1940 को लंदन के कैक्सटन हॉल में आयोजित एक सभा के दौरान उधम सिंह ने माइकल ओ'ड्वायर पर गोली चलाकर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने पिस्तौल को एक मोटी किताब के भीतर छिपाकर वहां प्रवेश किया था। इस प्रकार उन्होंने जलियांवाला बाग के शहीदों के लिए लिया गया अपना संकल्प पूरा किया। घटना के बाद उन्होंने भागने का प्रयास नहीं किया और स्वयं को गिरफ्तार करवा दिया, क्योंकि वे चाहते थे कि दुनिया भारतीयों के आत्मसम्मान और प्रतिरोध की भावना को समझे।

मुकदमे के दौरान उन्होंने निर्भीकता से कहा कि उन्होंने यह कार्य अपने देशवासियों पर हुए अत्याचार का बदला लेने के लिए किया है। अंततः 31 जुलाई 1940 को लंदन की पेंटनविले जेल में उन्हें फांसी दे दी गई। बाद में 1974 में उनकी अस्थियां भारत लाई गईं और उन्हें राष्ट्रीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई। उधम सिंह का जीवन साहस, देशभक्ति और न्याय के लिए संघर्ष की प्रेरक गाथा है।

---

**अनुभूति**

## सुबह की सैर, रसोई की फिक्र




बीते दिनों सुबह जब पार्क में गई तो घर-घर की कहानी पूछने वाली महिलाओं की जुबान में रसोई गैस की चर्चा थी। यह भी घर की महत्वपूर्ण जरूरत है। इसके बिना चूल्हा ठप्प और चूल्हे के बिना सारे कामकाज। इस बारे में सोचा तो पाया कि भारत अपने कच्चे तेल यानी क्रूड ऑयल की जरूरत का 85 से 88 प्रतिशत से अधिक हिस्सा विदेशों से आयात करता है, जो रोजाना लगभग 50 से 58 लाख बैरल के बीच है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है। प्रमुख तेल स्रोतों में रूस, इराक, सऊदी अरब और यूएई शामिल हैं। इसमें रूस सबसे बड़ा निर्यातक है, जहां से प्रतिदिन लगभग 18 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा जाता है। कुल आयात का लगभग 40 से 60 प्रतिशत यानी 25-27 लाख बैरल होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। इसी तरह, एलपीजी की देशभर की जरूरत का लगभग 55-60 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस का 50 प्रतिशत आयात किया जाता है। अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए हम विदेशी कच्चे तेल पर निर्भर हैं। चीन भी अपनी 70 प्रतिशत से अधिक तेल खपत का आयात करता है, जिसमें मुख्य रूप से मध्य पूर्व, रूस, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका शामिल हैं। 90 प्रतिशत से अधिक आपूर्ति समुद्र के रास्ते जलडमरूमध्य के माध्यम से टैंकरों द्वारा जाती है, जबकि रूस और मध्य एशिया से पाइपलाइन और रेल मार्ग का उपयोग किया जाता है।



अमृता पांडे
हल्द्वानी

चीन के तेल का सबसे बड़ा हिस्सा यानि लगभग 90 प्रतिशत समुद्री मार्गों से आता है। रूस, चीन का भी सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है, जो 'पावर ऑफ साइबेरिया' पाइपलाइन और रेल नेटवर्क के माध्यम से तेल भेजता है। इसके अलावा, चीन ईरान और वेनेजुएला से भी बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदता है, जिसमें उसे भारी छूट प्राप्त होती है। फर्क मात्र इतना है कि आपूर्ति व्यवधान से बचने के लिए, चीन के पास भारी मात्रा में अपना बफर भंडार यानी पेट्रोलियम रिजर्वायर हैं, जो लगभग 900 मिलियन बैरल तक होने का अनुमान है। इधर हम गैस की कीमत से जूझने लगे हैं। पेट्रोल और गैस के दाम बढ़ने लगे हैं और युद्ध के बढ़ते संकट को देखते हुए आने वाले समय में यह स्थिति और गंभीर होने का अनुमान है। खैर इसका विश्लेषण तो विशेषज्ञ और जानकार ही कर सकते हैं, लेकिन फिलहाल मैं सोच रही हूं कि जो सड़कों को खोदकर गैस पाइपलाइन बिछा दी गई है और दो साल पहले हमारे शहरों में घरों की रसोई तक येन-केन-प्रकारेण पाइप पहुंचा दिए गए हैं, उनमें गैस कब आएगी? लकड़ी, कंडों और स्टोव से आगे बढ़ने की कहानी तो अच्छी है, लेकिन पीछे लौटकर जाना अब कितना मुश्किल है और आगे कितना संशय।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### मध्य तुर्किये में आया 5.5 तीव्रता का भूकंप

**अंकारा।** मध्य तुर्किये में मध्यम तीव्रता का भूकंप आया। तुर्किये की आपातकालीन सेवा ने यह जानकारी दी। भूकंप के झटकों के बाद कुछ निवासी अपने-अपने घरों से निकल कर सड़कों पर आ गए। हालांकि भूकंप से किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी-एएफएडी के अनुसार, 5.5 तीव्रता के भूकंप का केंद्र तोकात प्रांत के निकसर शहर में 6.4 किलोमीटर की गहराई में था। एएफएडी ने बताया कि भूकंप के झटके बृहस्पतिवार देर रात तीन बजकर 35 मिनट पर आए और कई प्रांतों में महसूस किए गए। तुर्किये भूकंप संभावित क्षेत्रों में आता है और यह प्रमुख 'फॉल्ट लाइन' के शीर्ष पर स्थित है, जहां भूकंप आते रहते हैं।

### क्यूबा में विभिन्न जेलों से रिहा होंगे 51 कैदी

**हवाना।** क्यूबा सरकार ने गुरुवार रात को एक अप्रत्याशित कदम के तहत देश की विभिन्न जेल से 51 लोगों को रिहा करने की घोषणा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आगामी दिनों में की जाने वाली यह रिहाई सद्भावना और वेटिकन के साथ करीबी संबंधों से प्रेरित है। सरकार ने यह नहीं बताया कि वह किन लोगों को रिहा करेगी। उसने सिर्फ इतना कहा कि रिहा किए जाने वाले सभी लोगों ने अपनी सजा का एक बड़ा हिस्सा पूरा कर लिया है और जेल में उनका आचरण अच्छा था। सरकार ने कहा कि उसने 2010 से अब तक 9,905 कैदियों को क्षमादान दिया है। उसने यह भी कहा कि पिछले तीन वर्ष में कारावास की सजा पाने वाले 10,000 अन्य लोगों को रिहा किया गया है। क्यूबा ने जनवरी 2025 में वेटिकन के साथ बातचीत के बाद 500 से अधिक कैदियों को समय-समय पर रिहा करने के सरकारी फैसले के तहत विपक्ष के प्रमुख नेता जोस डेनियल फेरर को रिहा कर दिया।

### श्रीलंका ने 45 ईरानी नाविकों के शव सौंपे

**कोलंबो।** श्रीलंका ने इस द्वीप देश के तट पर एक ईरानी युद्धपोत पर हुए हमले में मारे गए 45 नाविकों के शव शुक्रवार को ईरान के दूतावास को सौंप दिए। मुख्य मजिस्ट्रेट समीरा डोडंगोडा ने गाले बंदरगाह पुलिस के अनुरोध के बाद 11 मार्च को करापितिया स्थित राष्ट्रीय अस्पताल के निदेशक को यह आदेश दिया। पिछले बुधवार को श्रीलंका ने कहा था कि उसने अमेरिकी पनडुब्बी हमले में द्वीप के दक्षिणी तट पर गाले के पास डूबे ईरानी पोत आईआरआईएस देना से 84 शव बरामद किए हैं।

# फर्जी मेडिकल वीजा पर रह रहे दस बांग्लादेशियों को दबोचा

- वैध यात्रा दस्तावेज न होने के बावजूद बुल्गारिया के लिए वीजा लेने का कर रहे थे प्रयास

**नई दिल्ली, एजेंसी**


दिल्ली के बाहरी इलाके में एक विशेष सत्यापन अभियान के दौरान फर्जी मेडिकल वीजा का इस्तेमाल करके भारत में अवैध रूप से रह रहे 10 बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी अपने वीजा की अवधि समाप्त होने के बावजूद दिल्ली में रह रहे थे और भारत में रहने के लिए वैध यात्रा दस्तावेज न होने के बावजूद वे बुल्गारिया के लिए मेडिकल वीजा प्राप्त करने का कथित तौर पर प्रयास कर रहे थे।

पुलिस को विशिष्ट जानकारी मिली थी कि कुछ संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक अपने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी उस क्षेत्र में रह रहे थे। पीरागढ़ी चौक में छह मार्च को उनकी मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। संदिग्धों ने सत्यापन से बचने के लिए भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें रोक लिया। पूछताछ करने पर इनमें से कोई भी व्यक्ति वैध पहचान पत्र या यात्रा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। बाद में सत्यापन से पता चला कि उनके पासपोर्ट और वीजा की वैध तिथि समाप्त हो चुकी थी, जिससे देश में उनका अवैध रहना सिद्ध हो गया।

## इच्छा मृत्यु का अधिकार

# मानवीय या अमानवीय

भारत के कानूनी इतिहास में 11 मार्च 2026 की तारीख एक मील के पत्थर के रूप में दर्ज हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 साल से कोमा में पड़े 32 वर्षीय युवक हरीश राणा को पैसिव यूथेनेशिया यानी निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की अनुमति देकर एक मिसाल पेश की है। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश 2013 में एक चौथी मंजिल से गिरने के बाद गंभीर दिमागी चोट का शिकार हुए थे और तब से पूरी तरह बिस्तर पर कृत्रिम पोषण के सहारे जीवित थे। उनके माता-पिता ने कोर्ट से अपने बेटे के लिए सम्मानजनक मृत्यु की गुहार लगाई। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने मानवीय गरिमा और चिकित्सा विज्ञान की सीमा को ध्यान में रखते हुए फैसला सुनाया। कोर्ट ने माना कि मशीनों के भरोसे दर्दनाक जीवन को जारी रखना व्यक्ति की गरिमा के खिलाफ है।



### अन्य देशों में स्थिति

नीदरलैंड में सक्रिय और निष्क्रिय दोनों प्रकार की इच्छा मृत्यु मान्य है। बेल्जियम में बच्चों तक के लिए कुछ परिस्थितियों में अनुमति है। कनाडा और स्विट्जरलैंड में भी मान्य है।

### आवेदन की प्रक्रिया

- लिविंग विल : व्यक्ति स्वस्थ रहते हुए एक 'एडवांस मेडिकल डायरेक्टिव' लिख सकता है कि भविष्य में ऐसी स्थिति आने पर उसे लाइफ सपोर्ट न दिया जाए।
- मेडिकल बोर्ड का गठन : यदि कोई 'लिविंग विल' नहीं है, तो अस्पताल को एक प्राइमरी मेडिकल बोर्ड बनाना होगा, जो मरीज की स्थिति की जांच करेगा।
- सेकेंडरी मेडिकल बोर्ड : इसके बाद जिला कलेक्टर या संबंधित अधिकारी द्वारा एक दूसरा मेडिकल बोर्ड गठित किया जाएगा जो प्राइमरी बोर्ड की रिपोर्ट की पुष्टि करेगा।
- न्यायिक पुष्टि : मजिस्ट्रेट या कोर्ट को रिपोर्ट पर सहमति देनी होती है।

### क्या कहता है देश का संविधान

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 कहता है कि किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जाएगा।
- ऐतिहासिक बदलाव : 1996 के 'ज्ञान कौर बनाम पंजाब राज्य' मामले में कोर्ट ने कहा था कि जीने के अधिकार में मरने का अधिकार शामिल नहीं है।
- नया मोड़ : 2018 में 'कॉमन कॉज बनाम भारत संघ' मामले में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि 'गरिमापूर्ण मृत्यु' अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है।
- पैसिव यूथेनेशिया बनाम एक्टिव यूथेनेशिया : भारत में केवल पैसिव यूथेनेशिया (इलाज या लाइफ सपोर्ट रोककर मौत होने देना) वैध है। एक्टिव यूथेनेशिया (इंजेक्शन या किसी दवा के जरिए जान लेना) अभी भी अपराध है।

### अब तक क्यों नहीं लिया था कड़ा निर्णय

- दुरुपयोग का डर : कोर्ट को हमेशा यह डर रहा है कि विरासत या संपत्ति के लालच में परिवार के लोग इस प्रावधान का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं।
- अरुणा शानबाग मामला (2011) : इस मामले में कोर्ट ने पैसिव यूथेनेशिया को सैद्धांतिक मंजूरी तो दी थी, लेकिन अरुणा के मामले में अनुमति नहीं दी क्योंकि वह खुद सांस ले रही थीं और उन्हें लाइफ सपोर्ट की जरूरत नहीं थी।
- जटिल प्रक्रिया : 2018 के दिशा-निर्देश इतने कठिन थे कि उन्हें लागू करना व्यावहारिक रूप से असंभव था। हालांकि, 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने इन नियमों को थोड़ा सरल बनाया, जिससे अब आवेदन करना आसान हुआ है।

# पूर्वोत्तर में स्थायी शांति ले आई भाजपा कांग्रेस ने स्वार्थी हितों को ऊपर रखा

## प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी में कहा, पूर्वोत्तर में अब गोली-बम की अवाज बीते दिनों की बात

- कहा-अब शांति एवं विकास का नया अध्याय लिख रहा असम

**गुवाहाटी, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर में बमों और गोलीबारी की आवाज अब बीते दिनों की बात हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति सुनिश्चित की, जबकि कांग्रेस ने स्वार्थ केंद्रित राजनीतिक हितों के लिए विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

बारिश के कारण यात्रा कार्यक्रम में बाधा आने के बाद गुवाहाटी से डिजिटल माध्यम से असम के कोकराझार जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य डबल इंजन सरकार के तहत शांति एवं विकास का एक नया अध्याय लिख रहा है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने स्वदेशी लोगों की जमीन घुसपैठियों को सौंपकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का काम किया। उन्होंने कहा, आगामी चुनावों में कांग्रेस को दंडित करें और यह स्पष्ट संदेश दें कि इस देश में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। असम विधानसभा की 126 सीट के लिए चुनाव अप्रैल में होने की संभावना है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा घुसपैठियों के साथ मिलीभगत करती रही है और उसने राज्य की मूल आबादी को कभी कानूनी रूप से भूमि अधिकार नहीं दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी भूमि घुसपैठियों को सौंप दी, और धुबरी तथा गोलपारा जैसे जिलों में स्थिति गंभीर थी, जिससे कोकराझार की जनसांख्यिकी प्रभावित हुई। प्रधानमंत्री ने कहा, "मुझे खुशी है कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा अतिक्रमण मुक्त भूमि के लिए एक बड़ा अभियान चला रहे हैं और भाजपा सरकार ने आदिवासी लोगों को उनके अधिकार सौंप दिए हैं। मैं इस संबंध में सहयोग देने के लिए आदिवासी समुदायों के लोगों का भी आभारी हूं।

मोदी ने कहा कि कोकराझार दशकों से कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है, क्योंकि विपक्षी कांग्रेस ने झूठे वादे किए थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने दिखावे और स्वार्थी हितों के लिए शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए, लेकिन भाजपा ने स्थायी शांति के लिए काम किया और बोडोलैंड का विकास सुनिश्चित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बोडोलैंड की पहाड़ियां दशकों तक बंदूकों और बम धमाकों की आवाजों से गूंजती रहीं, लेकिन अब वे दिन बीत चुके हैं, और यह शांति एवं विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, इन वर्षों में लोगों ने बहुत कष्ट झेला है और बहुत कुछ खोया है... हमने वे कठिन दिन देखे हैं, लेकिन अब 'खाम' (ढोल) की थाप और सिफोंग (बांसुरी) की मधुर आवाज सुनाई देती है। मोदी ने कहा, जब जनता ने राज्य और केंद्र दोनों से कांग्रेस को सत्ता से हटाया, तभी हम ईमानदारी और निष्ठा से इस क्षेत्र का विकास शुरू कर पाए।



असम के गुवाहाटी में राज्य की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इस मौके पर असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य और मुख्यमंत्री हेमंत बिश्व शर्मा भी मौजूद रहे।

### कांग्रेस को बताया झूठे वादों की दुकान

राहुल गांधी के नारे मोहब्बत की दुकान का स्पष्ट जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस झूठे वादों की दुकान है, और एक झूठ के साथ यह चार और बड़े झूठ उपहार में देती है, क्योंकि उनका कोई भी वादा पूरा करने का इरादा नहीं है। जबकि डबल इंजन सरकार का मॉडल जनता के सामने है और किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए ईमानदारी से प्रयास किए जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) के तीव्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# सरकार की अपील, रसोई गैस की न करें घबराहट में बुकिंग

- सरकार ने कहा-जहां संभव हो सके पीएनजी लें



**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शुक्रवार को एक बार फिर देशवासियों से अपील की कि वे रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल को लेकर घबराहट में न आएं क्योंकि देश में इनका पर्याप्त भंडार है। साथ ही कहा कि जो लोग अभी सिलेंडर का इस्तेमाल कर रहे हैं और उनके आसपास पाइप से आपूर्ति की जाने वाली पीएनजी की लाइन है वे शीघ्र इसके कनेक्शन के लिए आवेदन करें। सिलेंडर बुकिंग को लेकर लोगों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा गया है कि वे तेल वितरण कंपनियों की आधिकारिक वेबसाइट से ही सिलेंडर की बुकिंग करें क्योंकि कुछ डिजिटल स्कैमर इस स्थिति का गलत फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और राज्यों से सिलेंडर आपूर्ति की निगरानी करने को कहा गया है। वैकल्पिक ईंधन के रूप में केरोसिन के इस्तेमाल को बढाने के लिए भी उचित कदम उठाये गये हैं। सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशियाई देशों से उडानों के संचालन में निरंतर सुधार हो रहा है और वहां से अब तक डेढ लाख भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं। विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने पश्चिम एशिया की स्थिति के बारे में बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ईरान के नेताओं से लगातार संपर्क में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार रात को ईरान के राष्ट्रपति के साथ फोन पर बातचीत कर वहां की स्थिति और वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के बारे में बात की है। विदेश मंत्री डा एस जयशंकर ने भी अपने ईरानी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय मुदों और ब्रिक्स देशों से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की है। सरकार स्थिति पर निरंतर नजर बनाए हुए है और सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं।

### देश में रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

पेट्रोलिय मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में रसोई गैस और पेट्रोल डीजल पर्याप्त मात्रा में है। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल डीजल की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि हर रोज की औसतन पचास लाख सिलेंडर की बुकिंग की तुलना में हड़बड़ी के कारण अभी 75 लाख सिलेंडर की बुकिंग हो रही है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस तरह की हड़बड़ी न करें और जिन लोगों के आसपास पाइप से आपूर्ति की जाने वाली पीएनजी की लाइन उपलब्ध है वे शीघ्र इसके कनेक्शन के लिए आवेदन करें। उन्होंने कहा कि देश में पीएनजी की कोई कमी नहीं है और 60 लाख परिवार तुरंत पीएनजी पर 'शिफ्ट' हो सकते हैं।

# भ्रामक सूचना फैलाने के मामले को नहीं सुनेगी सुप्रीम अदालत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- तिरुमला लड्डु विवाद : याचिका में सुप्रीम कोर्ट से की गई थी कार्रवाई करने की मांग

उच्चतम न्यायालय ने तिरुमला लड्डू विवाद के बारे में पोस्टर या सार्वजनिक बयानों के माध्यम से कथित तौर पर गलत सूचना फैलाने वाले व्यक्तियों या संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने संबंधी याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायालय ने चार अक्टूबर 2024 को पांच-सदस्यीय एक स्वतंत्र विशेष जांच दल का गठन किया था, ताकि तिरुपति में लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच की जा सके और करोड़ों लोगों की भावनाओं को शांत किया जा सके।

शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया था कि अदालत को राजनीतिक युद्धक्षेत्र के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि इस सिलसिले में आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि आप विशेषज्ञ क्यों बन गए हैं जाइए और अधिकारियों को बता दीजिए। सीजेआई ने कहा कि जांच एजेंसी को जो भी पता चलता है, उसे संबंधित अदालत के सामने रखा जाएगा। पीठ ने यह भी कहा कि यह याचिका कुछ और नहीं, बल्कि उन संदिग्धों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में बचाव पक्ष की दलील को मजबूत करने का एक प्रयास है। हम इस याचिका को सुनने के पक्ष में नहीं हैं, खासकर तब, जब जांच जारी है।

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कई शहरों में रिहायशी इलाकों में किए हवाई हमले

- हमलों में चार लोगों की मौत, इमारतों और बुनियादी ढांचे को हुआ भारी नुकसान

**काबुल, एजेंसी**

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव एक बार फिर हिंसक मोड़ ले चुका है। अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने शुक्रवार तड़के जानकारी दी कि पाकिस्तानी वायुसेना ने अफगानिस्तान के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में नागरिक ठिकानों और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। चार नागरिकों की मौत की भी सूचना है।

सरकारी प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के अनुसार, पाकिस्तानी बलों ने अफगानिस्तान के कई प्रमुख प्रांतों और शहरों को निशाना बनाया, जिनमें राजधानी काबुल, कंधार और पक्तिया शामिल हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर दावा किया कि कुछ स्थानों पर पाकिस्तानी बमवर्षकों ने सीधे तौर पर रिहायशी घरों को निशाना बनाया। इन हमलों में महिलाओं और बच्चों के मारे जाने की भी सूचना है। हालांकि, कुछ हमले खाली रेगिस्तानी और निर्जन क्षेत्रों में भी हुए हैं। इस सैन्य कार्रवाई में एक बड़ा आर्थिक नुकसान कंधार में हुआ है।

मुजाहिद के अनुसार, पाकिस्तानी वायुसेना ने कंधार अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित निजी एयरलाइन 'कम एयर' के एक ईंधन डिपो पर हमला किया, जिससे हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। यह ताजा हमला पिछले कुछ दिनों से जारी सीमा विवाद और हमलों की श्रृंखला का हिस्सा है।

### अफगानिस्तान में दो अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लिए जाने की शुक्रवार को पुष्टि की। सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के अनुसार इन दोनों व्यक्तियों को स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्थानीय समाचार चैनल टोलो न्यूज़ को दिए एक साक्षात्कार में मुजाहिद ने स्पष्ट किया कि इन अमेरिकी नागरिकों की गिरफ्तारी अफगान कानून तोड़ने के कारण हुई है।

# ग्रेट इंडियन बस्टर्ड ने दो चूजे जन्में, इनकी संख्या 70 हुई

**नई दिल्ली।** लुप्तप्राय प्रजाति संरक्षण की सरकार की कैप्टिव ब्रीडिंग प्रोग्राम परियोजना के तहत ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण) ने दो नए चूजों को जन्म दिया है जिससे इन पक्षियों की कुल संख्या बढ़कर 70 पहुंच गई है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की ग्रेट इंडियन बस्टर्ड कैप्टिव ब्रीडिंग प्रोग्राम परियोजना के चौथे वर्ष में प्रवेश करने के साथ ही इस लुप्तप्राय पक्षी ने इस सप्ताह राजस्थान के संरक्षण प्रजनन केंद्र में दो नए चूजों को जन्म दिया है। इसके साथ ही सरकार की कैप्टिव अवस्था में इन पक्षियों की संख्या बढ़कर 70 हो गई है।

यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील नेतृत्व में देश इस परियोजना को बड़ी सफलता दिलाने की दिशा में सही राह पर है। उन्होंने इन चूजों के जन्म को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि राजस्थान के इस कैप्टिव ब्रीडिंग केंद्र में जन्में इन दो चूजों में से एक प्राकृतिक प्रजनन से और दूसरा कृत्रिम गर्भाधान से पैदा हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रजाति के पक्षियों के संरक्षण के प्रयास में इसे उपलब्धि बताया और कहा कि इस वर्ष पाले गए कुछ चूजों को जंगल में धीरे-धीरे छोड़ना शुरु कर दिया जाएगा। उनका कहना था कि इन पक्षियों को छोडना परियोजना के लिए एक नई चुनौती की शुरुआत है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज व्यर्थ के खर्चों पर नियंत्रण कर पाने में सफल रहेंगे। नए प्रयोग कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को सम्मान मिल सकता है।

**तुला** – आज अचानक आपके काम बिगड़ सकते हैं। भविष्य को लेकर मन आशंकित रहेगा। सहकर्मियों के प्रति मन में द्वेष पनप सकता है।

**वृष** – आज अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर कम रहेगा। व्यापार में बड़ी डील की संभावना है। मन में स्वार्थ की भावना न आने दें।

**वृश्चिक** – आज इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ जाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद मिल सकता है।

**मिथुन** – आज जीवनसाथी की सलाह लेकर निर्णय लेना हितकर होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा चिंतित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** – आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। दूसरों पर अधिक निर्भर न रहें। माता-पिता की सलाह लेना उत्तम होगा।

**कर्क** – आज घर में कोई बड़ा आयोजन कर सकते हैं। व्यवसाय में खर्च नियंत्रित रखने का प्रयास करेंगे। पिता के व्यवहार से निराश हो सकते हैं।

**मकर** – आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। सभी कार्य बिना रुकावट के पूर्ण होंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**सिंह** – आज परिजन आपसे प्रसन्न रहेंगे। धर्म-कर्म पर धन खर्च होगा। बिगड़े हुए संबंधों को सुधारने का प्रयास करें।


**कुंभ** – आज महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में दस्तावेजों के कारण समस्या हो सकती है। मित्रों से विवाद न करें।

**कन्या** – आज घरेलू वातावरण सामान्य रहेगा। उधार दिया हुआ धन परेशानी खड़ी कर सकता है। गंभीर विषय पर चिंतन कर सकते हैं।

**मीन** – आज आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। पुराने निवेश से आपको लाभ होगा।

## आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 14 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 08.10 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

**ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- उत्तराषाढ़ा 15 मार्च 04.49 तक तत्पश्चात श्रवण।

### सुडोकू - 87 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 5 |
| 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 2 | 9 | 1 |

### सुडोकू -88

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 4 | 2 | | |
| | 8 | | | | 5 | | 1 | |
| | | | | | | 6 | | 9 |
| | 5 | | | 3 | 2 | 1 | | |
| 6 | | | | | | | | 8 |
| | | 1 | 7 | 9 | | | 2 | |
| 2 | | | | | | | 6 | |
| | 9 | | 1 | | | | 7 | |
| | 6 | 7 | | | | | 4 | |

## सुरक्षा की तैयारी

### पूर्व वायुसेना प्रमुख ने कहा पश्चिम एशिया संघर्ष से सबक लेने की जरूरत

# अपनी हवाई रक्षा प्रणाली अत्यंत मजबूत करे भारत : चौधरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में संघर्ष जारी रहने के बीच, भारतीय वायुसेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी (सेवानिवृत्त) ने कहा है कि भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण सीख यह है कि उसे अधिक अस्त्र प्रणालियों, रडारों और अन्य अभियानगत क्षमताओं के साथ एक अत्यंत मजबूत हवाई रक्षा का निर्माण करने की आवश्यकता है।

गुरुवार को यहां एक राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान बातचीत में चौधरी ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया संघर्ष में ड्रोन के उपयोग का जिक्र किया और कहा कि वे भविष्य के किसी भी संघर्ष में बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि अभी हमें अपना सारा भरोसा केवल ड्रोन पर नहीं रखना चाहिए। पूर्व वायुसेना प्रमुख ने कहा, हां, वे मौजूदा प्रयासों में सहायक होंगे, लेकिन हम युद्ध जीतने के लिए पूरी तरह से ड्रोन पर निर्भर नहीं रह सकते। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमलों की शुरुआत की थी। इसके जवाब में ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों की मौजूदगी वाले कई खाड़ी देशों पर हमला किया, जिससे वैश्विक विमानन संचालन और तेल की कीमतों पर असर पड़ा तथा गंभीर ऊर्जा संकट उत्पन्न हो गया है।

भारत और पड़ोसी देशों के रक्षा एवं रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ बुधवार से शुरू हुए तीन दिवसीय सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु आधारित थिंक-टैंक सिनर्जिया द्वारा मानेकशॉ सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। चौधरी ने गुरुवार को भारत की बहु-क्षेत्रीय हवाई रीढ़ विषय पर आयोजित सम्मेलन में मुख्य भाषण दिया।

### हमारे पास जो कुछ है, वह शायद इस तरह के संघर्ष के लिए पर्याप्त नहीं

कार्यक्रम से इतर यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें पश्चिम एशिया संघर्ष के जल्द ही समाप्त होने की कोई उम्मीद है, उन्होंने कहा, आपका अनुमान मेरे अनुमान जितना ही अच्छा है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि मौजूदा संघर्ष से सबसे पहला सबक यही मिलता है कि देश के लिए एक अत्यंत मजबूत हवाई रक्षा प्रणाली का होना आवश्यक है। क्योंकि हमारे पास जो कुछ है, वह शायद इस तरह के संघर्ष में पर्याप्त न हो। चौधरी ने कहा कि इसलिए, इसे मजबूत करने के लिए हमें अधिक अस्त्र प्रणालियों, अधिक रडारों, सभी प्रणालियों के अधिक एकीकरण, साइबर क्षमताओं के एकीकरण की आवश्यकता है। अत: देश में एक मजबूत हवाई रक्षा नेटवर्क का होना सर्वथा सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# इसरो ने किया क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने क्रायोजेनिक इंजन सीई20 का 22-टन थ्रस्ट क्षमता के साथ सफल परीक्षण किया है। इसरो ने बताया कि क्रायोजेनिक इंजन सीई20 में नोजल प्रोटेक्शन सिस्टम और एक मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर का उपयोग करके 10 मार्च को समुद्र तल के स्तर पर सफल परीक्षण किया गया। इससे पहले, एनपीएस का उपयोग करते हुए 19-टन थ्रस्ट क्षमता वाले परीक्षण किए जा रहे थे। सीई20 क्रायोजेनिक इंजन एलवीएम3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी क्रायोजेनिक चरण को शक्ति प्रदान करता है।



“रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं। तर्क के हिसाब से, अगर आप फिट हैं, तो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टिट्यूट होना चाहिए। खासकर तब, जब आप दूसरी पारी में बैटिंग कर रहे हों।
–आकाश चोपड़ा


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, शनिवार, 14 मार्च 2026


## हाईलाइट

### एआईएफएफ के पूर्व महासचिव कुशल दास का निधन

**नई दिल्ली।** अनुभवी प्रशासक और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के पूर्व महासचिव कुशल दास का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे है। दास ने भारत में 2017 फीफा अंडर-17 विश्व कप के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2022 में स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने से पहले 12 वर्षों तक एआईएफएफ के महासचिव पद पर कार्य किया। फुटबॉल प्रशासन से 2010 में जुड़ने से पहले दास अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन समूह (आईएमजी) इंडिया में मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने दिल्ली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। यह जानकारी शाजी प्रभाकरन ने दी।

### केकेआर ने जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग से करार किया

**कोलकाता।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग सत्र से पहले शुक्रवार को जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी से करार करने की घोषणा की। मुजरबानी पाकिस्तान सुपर लीग से हट गए हैं जो इसी समय चलेगी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुजरबानी हाल में खत्म हुए टी20 विश्व कप में 13 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज रहे थे जिससे जिम्बाब्वे सुपर आठ चरण में पहुंचा। केकेआर ने एक बयान में कहा केकेआर ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सत्र के लिए जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी से करार किया है।

### सम्राट, सुरुचि टॉप्स कोर समूह में शामिल

**नई दिल्ली।** उभरते पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा और सुरुचि सिंह, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और विश्व चैंपियन पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें हाल में प्रदर्शन के आकलन के बाद टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बैडमिंटन स्टार एच एस प्रणय, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता राइफल निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को प्रदर्शन के अपेक्षित मापदंडों को पूरा नहीं कर पाने के कारण कोर समूह से हटा दिया गया है।

### पंत ने मुंबई में युवराज के साथ किया अभ्यास

**मुंबई।** ऋषभ पंत ने पिछले सप्ताह मुंबई में युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग की। यह उनकी आईपीएल 2026 की तैयारियों का हिस्सा था। दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए और व्हाइट-बॉल क्रिकेट के अलग-अलग तरह के शॉट्स पर अभ्यास किया। 28 साल के पंत का पिछला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। इसलिए, इस बार वे अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित करने के लिए बेताब हैं। उनके करीबी एक सूत्र ने बताया युवराज के साथ उनके निजी संबंध काफी अच्छे हैं।

# मसूरी में कुलदीप यादव की हुई हल्दी की रस्म



खेल डेस्क

**अमृत विचार।** चाइनामैन गेंदबाज के नाम से प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट टीम के अहम खिलाड़ी कुलदीप यादव की देहरादून में हल्दी, मेहंदी की रस्में शुक्रवार को धूमधाम से हुईं। कानपुर का ये खिलाड़ी शनिवार को मसूरी में अपने बचपन की दोस्त वंशिका के साथ सात फेरे लेंगे।

शादी समारोह में शामिल होने के लिए खेल जगत के अलावा वीवीआईपी पहुंच रहे हैं। विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को क्रिकेटर रिंकू सिंह और उनकी मंगेतर सपा सांसद प्रिया सरोज शादी में शामिल होने के लिए देहरादून पहुंचे। उनके अलावा यजुवेंद्र चहल, टी दलीप और मोहित शर्मा भी मसूरी पहुंच चुके हैं। वैवाहिक कार्यक्रम लाइब्रेरी बाजार स्थित होटल सेवाय में है। मेहमानों के लिए जेडब्लू मैरियट में कमरे बुक किए गए हैं। विश्वकप विजेता भारतीय टीम के कप्तान सूर्य कुमार यादव, रविंद्र जडेजा, नितेश राणा, सुरेश रैना, मोहम्मद कैफ, रूद्र प्रताप सिंह, जितेश शर्मा भी आज मसूरी पहुंच रहे हैं।

### पढ़ाई के मामले में चाइनामैन गेंदबाज से आगे हैं वंशिका

लेफ्ट आर्म रिस्ट स्पिनर कुलदीप यादव और उनकी बचपन की दोस्त वंशिका चड्ढा दोनों ने अपने-अपने क्षेत्र में सफलता की मिसाल कायम की है। कुलदीप ने जहां क्रिकेट के मैदान में अपनी पहचान बनाई है, वहीं वंशिका ने पढ़ाई में अपनी छाप छोड़ी है। कुलदीप यादव और वंशिका चड्ढा एक दूसरे को कई सालों से जानते हैं। दोनों के परिवार भी लंबे समय से एक दूसरे से परिचित रहे हैं। समय के साथ दोनों की दोस्ती गहरी होती गई और यही रिश्ता आगे चलकर शादी तक पहुंचा। जून 2025 में दोनों की सगाई हुई और अब दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। कुलदीप यादव का जन्म 14 दिसंबर 1994 को कानपुर में हुआ। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई कानपुर में ही की। जानकारी के मुताबिक, कुलदीप ने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। बचपन से ही उनका झुकाव क्रिकेट की तरफ था और इसी वजह से उन्होंने कम उम्र में ही पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे क्रिकेट में करियर बनाने के लिए उन्होंने अपनी ऊर्जा उसी दिशा में लगा दी और आगे चलकर भारतीय टीम के प्रमुख स्पिनर बन गए। कुलदीप यादव की होने वाली पत्नी वंशिका चड्ढा भी उत्तर प्रदेश से ही हैं और वे कानपुर के श्याम नगर इलाके की रहने वाली बताई जाती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई भारत में पूरी की और इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न गईं. वहां से उच्च शिक्षा पूरी करने के बाद वे भारत लौट आईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वंशिका चड्ढा फिलहाल एलआईसी में काम कर रही हैं। वह लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करती हैं।

# क्रिकेट में भारतीय महिलाओं की भागीदारी बहुत तेजी से बढ़ी

## बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम के अध्ययन में सामने आए तथ्य

नई दिल्ली, एजेंसी




**2020** के बाद से 14 राज्यों का लिया गया आंकड़ा

**10** हजार से अधिक महिलाओं को किया गया शामिल

**15** से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में विचार किया

**10** गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है उत्तर प्रदेश में भागीदारी

'बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम' द्वारा कराए गए एक अध्ययन के अनुसार भारत में महिला क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ और 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है।

इस अध्ययन में 10,000 से अधिक महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में क्रिकेट खेलने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई है। वहीं युवा महिलाओं में यह बढ़ोतरी और भी तेजी से हुई है। इसमें 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में यह छह प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है।

अध्ययन के अनुसार 15 से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने पर विचार किया है। हाल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। टीम ने अपना पहला वनडे विश्व कप जीता और लगभग एक दशक में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की द्विपक्षीय टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में हराया। खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में इस सफलता का भी योगदान हो सकता है। क्रिकेट ने पारंपरिक खेल कबड्डी को भी काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है जो लंबे समय से भारत के ग्रामीण इलाकों में लोकप्रिय रहा है।

अध्ययन में कहा गया जिन राज्यों में अध्ययन किया गया, उनमें महिलाओं के बीच सबसे अधिक खेले जाने वाले खेल के रूप में क्रिकेट अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है। 2020 में यह कबड्डी से केवल मामूली अंतर से आगे था लेकिन अब क्रिकेट काफी आगे पहुंच गया है। इसके अनुसार अधिकांश क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ी है। सर्वे किए गए राज्यों में से केवल दो को छोड़कर सभी में महिलाओं द्वारा क्रिकेट खेलने की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई।

उत्तर प्रदेश में भागीदारी 10 गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है। साथ ही इन राज्यों में क्रिकेट खेलने में महिलाओं और पुरुषों के बीच का अंतर भी कम हुआ है। अध्ययन से यह भी पता चला कि तीन पुरुषों के मुकाबले अब एक महिला क्रिकेट खिलाड़ी है जबकि 2020 में यह अनुपात पांच पुरुष और एक महिला का था। करियर के संदर्भ में 15 से 24 वर्ष की 26 प्रतिशत युवतियों ने खेल में करियर बनाने पर विचार किया है जो 2020 में 16 प्रतिशत था। सबसे अधिक प्रतिशत तमिलनाडु (27 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (19 प्रतिशत) और मेघालय (19 प्रतिशत) में दर्ज किया गया। सर्वे में शामिल महिलाओं के बीच बैडमिंटन में भी भागीदारी बढ़ी है, विशेषकर पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में। इसके अनुसार अगर सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का सही समाधान किया जाए तो और अधिक महिलाएं खेलों की ओर आकर्षित हो सकती हैं। जो महिलाएं नहीं खेलतीं, उनमें से 13 प्रतिशत ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बाधा बताया।

### अबरार से करार पर राजीव शुक्ला बोले- चिंता की बात नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने ''द हंड्रेड'' नीलामी के दौरान सनराइजर्स लीड्स द्वारा पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को खरीदने को ज्यादा अहमियत नहीं दी और शुक्रवार को कहा कि विदेशी लीग में लिया गया फैसला बोर्ड के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

चेन्नई के मीडिया ग्रुप सन ग्रुप के स्वामित्व वाली सनराइजर्स लीड्स ने बृहस्पतिवार को 'द हंड्रेड' खिलाडियों की नीलामी के दौरान पाकिस्तान के स्पिनर अबरार से करार किया जिससे वह टूर्नामेंट में किसी भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने वाले पहले पाकिस्तानी क्रिकेटर बन गए। शुक्ला ने पीटीआई से कहा यह हमारे लिए चिंता का विषय नहीं है। यह आईपीएल नहीं है। 'द हंड्रेड' या दूसरी विदेशी लीग में क्या होता है, हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है। ट्रेंट रॉकेट्स के साथ बोली लगाने की होड़ के बाद सनराइजर्स ने अहमद की सेवाएं लेने के लिए लगभग 2.34 करोड़ रुपये दिए। यह टूर्नामेंट 21 जुलाई से 16 अगस्त तक चलेगा। अबरार को खरीदने के बाद सनराइजर्स लीड्स को आलोचना का सामना करना पड़ा और टीम का 'एक्स' अकाउंट कुछ देर के लिए निलंबित कर दिया गया।

# सबालेंका सेमीफाइनल में, स्वियाटेक बाहर



कैलिफोर्निया, एजेंसी

**इंडियन वेल्स**

एरिना सबालेंका ने कनाडाई किशोरी विक्टोरिया मबोको को हराकर इंडियन वेल्स का अपना पहला खिताब जीतने की दौड़ जारी रखी, जबकि दो बार की विजेता इगा स्वियाटेक टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

मबोको ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका को शुरुआती सेट में कड़ी टक्कर दी, लेकिन बेलारूस की इस खिलाड़ी ने टाई-ब्रेक में अपना दबदबा बनाया। इसके बाद, दूसरे सेट के पांचवें गेम में उन्होंने 19 वर्षीय मबोको की सर्विस तोड़ते हुए 7-6 (7-0), 6-4 से जीत हासिल की। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, इंडियन वेल्स में दो बार उपविजेता रह चुकीं सबालेंका ने अपनी प्रतिद्वंद्वी की हिम्मत की तारीफ़ की और कहा कि उन्हें कोई शक नहीं है कि मबोको भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगी। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका का सामना प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीए 1,000 इवेंट के सेमीफाइनल में 14वीं सीड लिंडा नोस्कोवा से होगा। चेक खिलाड़ी नोस्कोवा ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफ़ायर तालिया गिब्सन का सफ़र 6-2, 4-6, 6-2 से हराकर खत्म कर दिया।

2022 और 2024 में इंडियन वेल्स की चैंपियन रहीं स्वियाटेक को यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने तीन सेटों में हरा दिया। अब स्वितोलिना का सामना फ़ाइनल में जगह बनाने के लिए ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन एलेना रायबाकिना से होगा। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियाटेक, जो अगले हफ़्ते रैंकिंग में रायबाकिना से नीचे खिसक जाएंगी, 6-2, 4-6, 6-4 से हार गईं।

# रंकीरेड्डी और चिराग की जोड़ी स्विस ओपन से हटी

बासेल, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के कंधे में दर्द के कारण उनकी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय पुरुष जोड़ी ने शुक्रवार को स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंतिम आठ युगल मुकाबलों में रंकीरेड्डी और शेट्टी का मुकाबला डेनमार्क के क्रिश्चियन फॉस्ट कजेर और रासमस कजेर से होना था। बैडमिंटन में सबसे तेज स्मैश से सुर्खियां बटोरने वाले अमलापुरम के 25 वर्षीय रंकीरेड्डी अपने दाहिने कंधे की समस्या से जूझते रहे हैं। रंकीरेड्डी ने 2023 में बैडमिंटन में सबसे तेज स्मैश का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जिसकी गति 565 किलोमीटर प्रति घंटा थी। कोच टैन किम हर ने बताया, यह पुरानी चोट है। उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक हो जाएंगे।

### रेसिंग कार बनी धक्का मार




चीन के शंघाई इंटरनेशनल सर्किट में चीनी फॉर्मूला वन ग्रां. प्री. से पहले अभ्यास सत्र के दौरान ब्रिटेन के रेसिंग बुल्स ड्राइवर अरविद लिंडब्लैड की रेसिंग कार बिगड़ गई, उसे गैराज में वापस ढकेला गया। ● एजेंसी

# पांच भारतीय मुक्केबाजों ने पक्के किए पदक

बैंकॉक, एजेंसी

भारत के पांच मुक्केबाजों ने शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में शानदार जीत के बाद विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में पोडियम में जगह पक्की कर ली। गुंजन (48 किग्रा), जॉयश्री देवी (54 किग्रा), अंबेकर मीतेई (50 किग्रा), चंद्रिका पुजारी (51 किग्रा) और राधामणि लोंगजाम (57 किग्रा) की जीत से भारत की पदक की उम्मीदें और मजबूत हुईं। ये सभी सेमीफाइनल में पहुंच गए जिससे देश के लिए टूर्नामेंट में पांच पदक पक्के हो गए।

सुबह के सत्र में गुंजन ने अजरबेजान की गुलर हुसेनोवा पर 5-0 से जीत हासिल की जबकि जॉयश्री देवी ने जापान की यूरा कनेमारू को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। अंबेकर मीतेई ने पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग में जापान के अकीरा उएकुबो पर 4-1 से जीत दर्ज की।

### लावण्या ने हीरो विमेंस प्रो टूर का खिताब जीता

**गुरुग्राम।** एमेच्योर गोल्फर लावण्या गुप्ता ने शुक्रवार को यहां डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवें चरण के आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

लावण्या ने चौथे दौर में दो ओवर 74 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक ओवर 217 का रहा। उन्होंने इस स्कोर की बदौलत दुर्गा नित्तूर (75-70-77) और जैस्मीन शेखर (70-74-78) को पांच शॉट से हराकर प्रतियोगिता जीत ली।

# ईरान फुटबॉल टीम बोली- विश्व कप में भाग लेने से कोई नहीं रोक सकता

जेनेवा, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर किया पलटवार
- ट्रंप ने बोले थे- ईरानी खिलाड़ियों की सुरक्षा नहीं कर सकता सह-मेजबान अमेरिका



ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा है कि उसे पुरुषों के फीफा विश्व कप से कोई भी बाहर नहीं कर सकता।

टीम ने बृहस्पतिवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में तंज करते हुए यह भी कहा कि अगर सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती, तो शायद अमेरिका की टीम को ही टूर्नामेंट से बाहर कर देना चाहिए। यह प्रतिक्रिया ट्रंप की उस टिप्पणी के बाद आई, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि सह-मेजबान अमेरिका ईरान के खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मौजूदा युद्ध के बावजूद ईरान की टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी जान और सुरक्षा के लिहाज से उनका वहां होना उचित है।

ईरान को ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले अमेरिका में खेलने हैं। फीफा विश्व कप की मेजबानी अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा संयुक्त रूप से कर रहे हैं। इस युद्ध के कारण ईरान की विश्व कप में भागीदारी पर सवाल उठने लगे हैं।

देश के खेल मंत्री अहमद दोन्यामाली ने इस सप्ताह सरकारी टीवी से कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में खेलना संभव नहीं लग रहा। इंस्टाग्राम पर ईरान की टीम की प्रतिक्रिया से स्पष्ट हुआ कि वे टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के इच्छुक है। पोस्ट में इस बात पर भी जोर दिया गया कि टूर्नामेंट का संचालन फीफा करता है, न कि ट्रंप या अमेरिका।

पोस्ट में कहा गया विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है और इसका संचालन किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि फीफा के द्वारा होता है। निश्चित रूप से कोई भी ईरान की राष्ट्रीय टीम को विश्व कप से बाहर नहीं कर सकता। बाहर वही देश हो सकता है जो केवल मेजबान का दर्जा रखता हो लेकिन इस वैश्विक आयोजन में भाग लेने वाली टीमों को सुरक्षा देने की क्षमता नहीं रखता हो।

टूर्नामेंट कार्यक्रम के अनुसार ईरान को 15 जून को कैलिफोर्निया में न्यूजीलैंड के खिलाफ और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलना है।

**प्रेरणा**

पैरालंपिक खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट ने बताया सफलता का राज

# मैं सिर्फ टाइमिंग पर ध्यान देती हूं, पदक पर नहीं : प्रीति पाल

नई दिल्ली, एजेंसी




प्रीति पाल, जो पैरालंपिक खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं, ने अपनी सफलता का राज बताया है। उनका कहना है कि वह सिर्फ अपनी टाइमिंग बेहतर करने पर ध्यान देती हैं और मेडल जीतने के बारे में सोचकर खुद पर दबाव नहीं डालतीं। प्रीति ने 2024 पेरिस पैरालंपिक्स में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। एक महिलाओं की 100मी रेस में और दूसरा 200मी टी35 रेस इवेंट में।

बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं की 100मी टी35/टी37 रेस में गोल्ड मेडल जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए प्रीति ने कहा यह वह मुकाबला है जहां हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करता है। यहां बात मेडल की नहीं, बल्कि टाइमिंग की होती है। यहां मुकाबला करने आए सभी एथलीटों ने अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश की है। मुझे तो यह भी लगता है कि मैं ठीक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाई जैसा मैं ट्रेनिंग के दौरान कर रही थी। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जा रहा है, जिसमें आठ देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। प्रीति ने रेस में गोल्ड मेडल जीतने के लिए 14.46 सेकंड का समय लिया। रूस की मार्गरीटा माताएवा 16.25 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि करीना माचुलस्काया ने 17.38 सेकंड के समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

एक पैरा एथलीट के तौर पर उन्हें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उन पर बात करते हुए इस स्प्रिंटर ने कहा कि चोटें एथलीटों के लिए सबसे बड़ी रुकावटों में से एक बनी रहती हैं, खासकर तेज रफ्तार वाले स्पीड सेशंस के दौरान। कई दिक्कतें आई हैं, खासकर चोटें। चोटें तो हर एथलीट को लगती हैं। जब हम स्पीड सेशंस शुरू करते हैं, तो चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। रिकवरी बहुत जरूरी हो जाती है। हमारे कोच हमें आइस बाथ (बर्फ़ के पानी में नहाना) दिलवाकर रिकवरी में मदद करते हैं, जिससे बहुत फ़ायदा होता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि चोट-मुक्त रहने से एथलीट ट्रेनिंग, खान-पान और आराम पर बेहतर तरीके से ध्यान दे पाते हैं।

मुकाबले की अपनी तैयारियों के बारे में प्रीति ने बताया कि पिछले एक महीने से ट्रेनिंग के दौरान वह अपनी अब तक की सबसे अच्छी टाइमिंग हासिल कर रही थीं। 25 साल की इस एथलीट ने खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए नेशनल ट्रेनिंग ग्रुप को श्रेय दिया।

### हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही

यूपी की रहने वाली प्रीति ने कहा हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही है। नेशनल टीम में हम एक ग्रुप के तौर पर ट्रेनिंग करते हैं और एक-दूसरे से सीखते हैं। हमारे साथ सिमरन शर्मा जैसी एथलीट हैं, जो अर्जुन अवॉर्ड विजेता और पैरालंपिक मेडलिस्ट हैं, और चिराग बरेठा हैं, जो पहले दुनिया में नंबर एक रैंक पर थे। साथ में प्रैक्टिस करने से हम सभी को बेहतर बनने में मदद मिलती है। आगे की ओर देखते हुए, इस पैरा स्प्रिंटर ने कहा कि वह आने वाले इवेंट में और भी दमदार प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। 200मी का इवेंट तीसरे दिन है, और मैं उसमें अच्छा करने की पूरी कोशिश करूंगी। मैं कोई बहाना नहीं बनाना चाहती, मैं बस अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाना चाहती हूं।